RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 38
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 दिसंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

सुष्मिता फिल्मों की अपनी दूसरी पारी को तैयार

विविध-16

तीखी तकरार-आरोपों की मार की गवाह बनी लोस

जबर्दस्त पैरवी करते शाह गरजे-नहीं कोई राजनीतिक एजेंडा, न होगा किसी के साथ अन्याय

नागरिकता संशोधन विधेयक

- पेश करने के लिए भी करानी पड़ा मतदान- पक्ष में पड़े 293 और विरोध में 82 वोट, जदयू व बीजद ने किया समर्थन- कांग्रेस, राकांपा, सपा, बसपा, टीआरएस ने किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा में नागरिकता (संशोधन) बिल पर बोलते गृहमंत्री अमित शाह

अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सोमवार को लोकसभा में नागरिकता (संशोधन) बिल पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिल की जोरदार पैरवी करते हुए कहा कि इससे मुसलमानों को कोई खतरा नहीं और यह सबके साथ न्याय करेगा। दूसरी ओर विपक्षी दलों ने इस विधेयक पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह विधेयक संविधान की मूल भावना और बराबरी के सिद्धांत के खिलाफ है। इस पर शाह ने चुनौती देते हुए कहा कि यदि विपक्ष बिल को गलत साबित कर दे तो वह इसे वापस ले लेंगे। स्थिति यह रही कि वोटिंग के बाद इस बिल को पेश किया जा सका। इसके पक्ष में 293 तथा विपक्ष में 82 सांसदों वोट दिया। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया।

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में विधेयक का विरोध करते हुए इस बिल की प्रति फाड़ दी। इस पर कड़ा एतराज जताते हुए केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह संसद का अपमान है। विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए ओवैसी ने आरोप लगाया कि यह सरकार मुसलमानों को राष्ट्रविहीन बनाने की साजिश कर रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जोर देते हुए कहा कि नागरिकता (संशोधन) बिल को '130 करोड़ भारतीय नागरिकों की मंजूरी मिली है।' उन्होंने इसके मुस्लिम विरोधी होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के सताए हुए अल्पसंख्यकों को अधिकार देगा। पूर्वोत्तर के लोगों की आशंकाओं को दूर करने कोशिश करते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार इस क्षेत्र के लोगों के रिवाज और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और बताया कि मणिपुर को इनर लाइन परमिट व्यवस्था के तहत लाया जाएगा, जहां प्रस्तावित कानून लागू नहीं होगा। शाह ने इस विवादित बिल पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा ' नागरिकता संशोधन बिल को देश के 130 करोड़ नागरिकों की मंजूरी प्राप्त है क्योंकि यह 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र में शामिल था।'

उन्होंने कहा 'हमें घुसपैठियों और शरणार्थियों के बीच के अंतर को स्पष्ट करना होगा। नागरिकता संशोधन बिल किसी से भेदभाव नहीं करता और न ही यह किसी के अधिकारों को छीनता है।' गृहमंत्री ने कहा प्रस्तावित कानून तीन देशों से आने वाले धार्मिक उत्पीड़न के शिकार लोगों को राशन कार्ड समेत बगैर दस्तावेज के नागरिकता प्रदान करेगा। शाह ने याद दिलाते हुए कहा कि भारत ने पहले भी ऐसे लोगों को इसी तरह के अधिकार दिए हैं। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री और एलके आडवाणी उप प्रधानमंत्री उप प्रधानमंत्री बने, ये दोनों लोग वहां से आएं थे, जो अब पाकिस्तान है। इससे पहले बिल को पेश करते हुए उन्होंने कहा 'यह बिल .001 फीसदी भी मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। यह घुसपैठियों के खिलाफ है।'नागरिकता (संशोधन) बिल 2019 के मुताबिक धार्मिक उत्पीड़न के चलते 31 दिसंबर 2014 तक पाकिस्तान, बांग्लोश और अफगानिस्तान से आए हिंदु, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को अब अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा, बल्कि उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। शाह ने कहा कि बिल के मुताबिक यह असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा में लागू नहीं होगा क्योंकि ये संविधान की छठीं अनुसूची में शामिल हैं और उन क्षेत्रों में भी नहीं लागू होगा, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत इनर लाइन (शेष 10 पर)

जीते येद्दी-हारे सिद्ध, 15 में से 12 सीटों पर खिला कमल

कर्नाटक उपचुनाव

- राज्य विधानसभा में अब भाजपा के पास है स्पष्ट बहुमत, 12 सीटों पर काबिज रही कांग्रेस को मिली सिर्फ 2 - जेडीएस के हाथ खाली
- मोदी बोले-उठापटक की राजनीति करने वालों के लिए कड़ा संदेश है नतीजे, शाह ने दी येदियुरप्पा को बधाई- मंत्रिमंडल विस्तार जल्द

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरू/नई दिल्ली

बेंगलुरु में उपचुनाव में जीते उम्मीदवारों से लिया कर्नाटक के सीएम येदियुरप्पा का आशीर्वाद

कर्नाटक उपचुनाव में कमल खिलाकर येदियुरप्पा ने अपनी अल्पमत सरकार के सिर पर मंडराते अस्थिरता के संकट को खत्म कर दिया है। शानदार प्रदर्शन करती भाजपा ने विधानसभा की 15 में से 12 सीटें जीतकर सदन में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। महाराष्ट्र में लंबे करारे झटके के बाद कर्नाटक के चुनाव नतीजे निश्चित तौर पर भगवा दल का मनोबल बढ़ाने का काम करेंगे। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कर्नाटक में भाजपा की शानदार जीत के लिए येदियुरप्पा को बधाई दी है। साथ ही आश्वस्त किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सत्तारूढ़ पार्टी कर्नाटक के कायाकल्प का काम जारी रखेगी।

दूसरी ओर, उक्त 15 में से 12 सीटों पर काबिज रही कांग्रेस सिर्फ 2 सीटें जीतकर निराशा के गर्त में डूब गई है। पार्टी की कड़ी शिकस्त के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया और प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुंडू राव ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।राज्य विधानसभा की 15 सीटों पर पांच दिसंबर को हुए उपचुनाव में सबसे बुरी हालत जनता दल (सेक्युलर) की हुई है। जेडीएस को जहां एक भी सीट नहीं मिल पाई है वहीं भाजपा के बागी उम्मीदवार ने भी जीत हासिल कर ली है। जेडीएस के गढ़ में सेंध लगाती भाजपा ने उसकी साख से जुड़ी मांड्या सीट पर भी कब्जा जमा लिया है। मांड्या विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की यह पहली विजय है।

उपचुनाव को भाजपा सरकार के लिए इम्तिहान माना जा रहा था क्योंकि 225 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत कायम रखने के लिए उसे 15 में से कम से कम छह सीटें जीतना जरूरी था। 12 सीटें (शेष 10 पर)

मौसम

अधिकतम	23.5°C (-1)
न्यूनतम	7.7°C (-1)

बाजार

सेंसेक्स	40,850	↑ 175	
निफ्टी	11,938	↑ 16	
सोना	38,542	↓ 32	/10g
चांदी	44,691	↑ 46	/kg

क्विक न्यूज

खाद्य सुरक्षा कानून पर राज्यों से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत शिकायत निवारण व्यवस्था को लागू करने के बारे में उठाए गए कदमों की जानकारी राज्य सरकारों से मांगने का निर्णय किया। प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबड़े और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई तथा न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा, हम उस बारे में (भूख से मौत) कुछ नहीं कहना चाहते। पीठ ने सभी राज्यों को नोटिस जारी कर कानून के तहत सभी को भोजन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम और शिकायत निवारण व्यवस्था के बारे में बताने के लिए कहा। पीठ ने मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की। सोलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, हमने एक राज्य में जांच की और पाया गया कि यह भूख के कारण मौत का मामला नहीं था। संबंधित सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि भूख से मौत के आरोप विरोधेक्ष मुद्दा है।

एसआईटी ने हैदराबाद मुठभेड़ की जांच शुरू की

हैदराबाद। हैदराबाद में एक महिला पशु चिकित्सक के बलात्कार और उसकी हत्या के चारों आरोपियों के संदिग्ध तौर पर पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटना की जांच के लिए तेलंगाना सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को जांच शुरू कर दी। इस बीच, तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चारों आरोपियों के शवों को 13 दिसंबर तक संरक्षित रखें। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में रविवार को एक सरकारी आदेश जारी किया गया था। आदेश में कहा गया है कि रचाकोंडा पुलिस आयुक्त महेश एम भागवत के नेतृत्व वाले एसआईटी दल को इस मामले और उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य में दर्ज संबंधित अन्य मामलों की जांच अपने हाथों में ले लेनी चाहिए।

वाडा सख्त- रूस ओलंपिक से बाहर

एएफपी। लुसाने

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने सोमवार को रूस पर तोक्यो ओलंपिक 2020 और बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 सहित वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया। वाडा ने रूस पर एक डोपिंगरोधी प्रयोगशाला से गलत आंकड़े देने के आरोप लगाए और इस कारण उस पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया। वाडा की लुसाने में कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला किया गया। वाडा के प्रवक्ता जेम्स फिट्ज़गेराल्ड ने कहा, सिफारिशों की पूरी सूची सर्वसम्मति से स्वीकार कर ली गई है। वाडा कार्यकारी समिति ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया कि रूसी डोपिंगरोधी एजेंसी ने चार साल तक नियमों का पालन नहीं किया। इस फैसले का मतलब होगा कि रूसी खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक में तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर भाग ले सकते हैं लेकिन ऐसा तभी संभव होगा जबकि वे यह साबित करेंगे कि वे डोपिंग की उस व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे जिसे वाडा सरकार प्रायोजित मानता है। फिट्ज़गेराल्ड ने कहा, उन्हें यह साबित करना होगा कि वे रूसी डोपिंग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थे जैसा कि मैकलारेन रिपोर्ट में कहा गया है या उनके नमूनों में हेराफेरी नहीं की गई थी। मैकलारेन रिपोर्ट 2016 में जारी की गई थी जिसमें रूस में विशेषकर 2011 से 2015 तक सरकार प्रायोजित डोपिंग का खुलासा किया गया था। वहीं विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि डोपिंग मामले चार साल का प्रतिबंध लगने के बाद भी रूस 2022 में होने वाले फीफा विश्व कप के क्वालीफाइंग मुकाबले खेल सकता है। वाडा की कार्यकारी समिति ने रूस पर एक डोपिंगरोधी प्रयोगशाला से गलत आंकड़े देने के आरोप लगाए और इस कारण उस पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया जिससे वह तोक्यो ओलंपिक 2020 और बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 सहित वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाएगा।

साल में पहली बार पेट्रोल 75 पर पहुंचा

नई दिल्ली (भाषा)। पेट्रोल की कीमत सोमवार को 75 रुपए लीटर पर पहुंच गई। एक साल से अधिक समय में यह पहला मौका है जब तेल का दाम 75 रुपए लीटर पर पहुंचा है। तेल कंपनियों ने उत्पादन की बढ़ती लागत को पूरा करने के लिए ईंधन के दाम बढ़ाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की दैनिक मूल्य अधिसूचना के अनुसार सोमवार को पेट्रोल का दाम 5 पैसे प्रति लीटर और डीजल 10 पैसे लीटर बढ़ा है। इस वृद्धि के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल 75 रुपए और डीजल 66.04 रुपए लीटर पर पहुंच गया। ईंधन के दाम में नौ नवंबर के बाद से एक दिन छोड़कर लगातार वृद्धि हो रही है। कुल मिलाकर पिछले महीने पेट्रोल 2.30 रुपए लीटर महंगा हुआ है। हालांकि, डीजल कुछ नरम हुआ और 65-66 रुपए प्रति लीटर के दायरे में रहा। सऊदी अरब के तटों पर स्थित बड़े तेल संयंत्र पर सितंबर के मध्य में हमले के बाद ईंधन के दाम में तेजी आई थी। उस समय केवल दो सप्ताह में पेट्रोल 2.5 रुपए लीटर चढ़ा था। हालांकि, उसके बाद कीमतों में नरमी आई और (शेष 10 पर)

दक्षिण अफ्रीका की जोजिबिनी टुन्जी बनीं मिस यूनिवर्स

अटलांटा (भाषा)। दक्षिण अफ्रीका की जोजिबिनी टुन्जी के सिर इस साल का मिस यूनिवर्स का ताज सजा है। वह मिस इंडिया समेत दुनियाभर के 90 से अधिक प्रतियोगियों को हराकर 2019 की मिस यूनिवर्स बनी हैं। अमेरिका के हास्य कलाकार और प्रस्तोता स्टीव हार्वे ने रविवार को यहां टेलर पेरी स्टूडियोज में इस कार्यक्रम की मेजबानी की। टेलीविजन पर प्रसारित इस प्रतियोगिता में 26 वर्षीय टुन्जी को विजेता घोषित किया गया। भारतीय प्रतियोगी वर्तिका सिंह ने शीर्ष 20 प्रतियोगियों में जगह बनाई।

जारी रहेंगे निर्माण कार्य, सुप्रीम कोर्ट ने दी छूट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में निर्माण गतिविधियों पर लगा प्रतिबंध सोमवार को आंशिक रूप से हटाते हुए सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक इसे करने की अनुमति प्रदान कर दी। न्यायालय ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट का अवलोकन किया, जिसमें कहा गया था कि शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ को अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एएनएस नाडकर्णी ने सूचित किया कि वायु प्रदूषण की समस्या से निबटने के लिए स्मॉग टॉवर जैसी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की संभावना तलाशने के न्यायालय के निर्देश पर केन्द्र ने एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। पीठ ने उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सरकारों को निर्देश दिया कि वे अपने यहां पराली जलाने के मामले में 11 दिसंबर तक ताजा रिपोर्ट पेश करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रदूषण से संबंधित मामलों पर अब वह 16 दिसंबर को आगे सुनवाई करेगी।

महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की सुनवाई के लिए गठित होंगी 218 त्वरित अदालतें

कैबिनेट के फैसले

- अयोध्या, गोरखपुर, फिरोजाबाद नगर निगम का होगा सीमा विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सोमवार को योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में महिलाओं और बच्चों के साथ ऐसे अपराधों के मामलों की सुनवाई के लिए 218 त्वरित अदालतें गठित करने का निर्णय लिया है। इनमें से 144 अदालतें बलात्कार के मामलों की नियमित रूप से सुनवाई करेंगी जबकि 74 अदालतों में पॉक्सो के मामले सुने जाएंगे। इसके साथ ही अयोध्या, गोरखपुर और फिरोजाबाद नगर निगमों समेत विभिन्न शासी निकायों के सीमा विस्तार के निर्णय को कैबिनेट ने सोमवार को मंजूरी दे दी।

कैबिनेट ने लैंगिक अपराधों से बालकों को संरक्षण अधिनियम 2012 पॉक्सो एक्ट के अधीन न्यायालयों में प्रचलित आपराधिक वादों तथा बलात्कार से सम्बन्धित अपराधों के आपराधिक वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रदेश में 218 नियमित न्यायालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। इसके तहत पॉक्सो एक्ट के अधीन न्यायालयों में प्रचलित आपराधिक वादों तथा बलात्कार से सम्बन्धित अपराधों के आपराधिक वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देश अनुपालन करने का निर्णय लिया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा 30 जून 2019 को पॉक्सो केसेज से सम्बन्धित जिलावार डाटा की स्थिति के आलोक में 74 एक्सक्लूसिव/डेडीकेटेड कोर्ट्स पॉक्सो एक्ट केसेज के लिए नियमित न्यायालय गठित किए जाने तथा शेष 144 नियमित कोर्ट्स प्राइमरी रेप केसेज के ट्रायल के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट केसेज का ट्रायल नियमित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के गठन सम्बन्धी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। प्रत्येक न्यायालय पर 75 लाख रुपए प्रति वर्ष व्यय भार होगा।



कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि बालकों एवं महिलाओं के विरुद्ध हो रही आपराधिक घटनाओं का तत्काल विवेचना कराकर सम्बन्धित आपराधिक मुकदमों को शीघ्रातिशीघ्र एवं त्वरित गति से निस्तारित कराकर दोषियों को दण्डित किए जाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने बताया कि इन सभी अदालतों के लिए अपर सत्र न्यायाधीश के 218 पद सृजित किए जाएंगे। साथ ही अदालत कर्मियों के भी पद बनाए जाएंगे। इन अदालतों के गठन पर होने वाले खर्च का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार उठाएगी। हर नई त्वरित अदालत में वेतन तथा अन्य मदों पर 63 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि जिन जिलों में (शेष 10 पर)

सदमे के साथ अपनों के शवों को घर ले जाने की उलझन

अनाज मंडी अग्निकांड

- बिहार सरकार ने पहले रेल फिर सड़क मार्ग से ले जाए जाने की बात कही

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आई दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करते डॉक्टर। फोटो: एसएसबी

पुलिस ने लेजर स्कैनर से लिए सबूत, रिमांड पर दो आरोपी

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले अनाज मंडी इलाके में रविवार तड़के भयावह अग्निकांड की शिकार चार मंजिला इमारत से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोमवार को थ्री-डी लेजर स्कैन तकनीक से साक्ष्य जुटाए, ताकि आग लगने की घटना की कड़ियों को जोड़ा (शेष 10 पर)

दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में रविवार को लगी भीषण आग में मरने वाले लोगों के शोक में डूबे परिजन इस बात को लेकर भारी उलझन में रहे कि वे अपनों के शव कैसे बिहार लेकर जाएं। इस बात को लेकर अधिकारियों से नोंक-झोक भी हुई। हालांकि बाद में इनके दबाव के आगे झुकते हुए, बिहार सरकार ने शवों को सड़क मार्ग से उनके घर भेजने का ऐलान किया। इससे पहले फैसला किया गया था कि शव स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के एसएलआर कोच में रखकर ले जाए जाएंगे। पीड़ितों के परिवारों ने इस तरह की व्यवस्था का विरोध किया था। (शेष 10 पर)

सफाईकर्मियों को प्राधिकरण देगा जीपीएस से लैस घड़ियां

पांच साल के रखरखाव पर आएगा 8 करोड़ का खर्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण अपने कर्मचारियों को जीपीएस युक्त घड़ी देने जा रहा है। इस घड़ी के जरिए प्राधिकरण कंट्रोल रूम से सीधे कर्मचारियों पर नजर रख सकेगा। कर्मचारियों की सुरक्षा के लिहाज से भी यह घड़ी महत्वपूर्ण है। घड़ी की मैन्यूफैक्चरिंग व असेंबल इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री आईटीआई करेगा।

बोर्ड ने इसे पास कर दिया है। हालांकि प्राधिकरण व आईटीआई के बीच हुए इस समझौते में कुछ पेंच फंस रहे हैं। जिनको दूर करने के लिए प्राधिकरण लीगल एडवाइजर से सलाह मशवरा कर रही है। इसके बाद घड़ियों की खरीद.फ.ेरख्त की जाएगी। यह घड़ी 2500 सफ ाई कर्मचारियों की दी जाएगी। जिसे आफिस टाइम पर उन्हें हाथ में बांधना होगा। इसी के जरिए उनकी उपस्थिति भी दर्ज होगी। इन घड़ियों को खरीदने और मेंटिनेंस पर आने वाले पांच साल में करीब 8 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

जीपीएस आधारित यह घड़ी साफ-सफ ाई करने वाले कर्मी को हाथ में पहननी होगी। इसमें एसओएस का एक बटन दिया गया है। जिसमें पांच इमरजेंसी नंबर फीड किए जा सकते हैं। इसमें फ ायर, पुलिस, प्राधिकरण के अलावा कर्मी में घर व एक इमरजेंसी नंबर सेव कर सकता है। आपातकाल के समय कर्मी को सिर्फ एसओएस बटन दबाना होगा जिसके बाद कॉल स्वत: ही लग जाएगी। घड़ी में लगा जीपीएस प्राधिकरण में बनाए जाने वाले कंट्रोल रूम से जुड़ा होगा। कंट्रोल रूम से घड़ी की लोकेशन के बारे में जानकारी जुटाई जा सकेगी। यह घड़ी कर्मी की 500 मीटर के रेडियस की लोकेशन बता सकता है जिससे उस तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

यह घड़ी वाटरप्रूफ होगी जो छह मीटर पानी के अंदर तक जाने के बाद भी इसके सारे फंक्शन काम करेंगे। ऐसे में सीवर सफाई के दौरान दिक्कत होने पर सूचना दी सकती है।

-अविनाश त्रिपाठी, विशेषकार्यकारीकारी, नोएडा प्राधिकरण

शुगर मिल से किसानों का बकाया वसूलने की तैयारी



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश के प्रमुख उद्योग समूह की मोदीनगर स्थित मोदी शुगर मिल के खिलाफ आरसी जारी करने के लिए गाजियाबाद जिला प्रशासन ने सोमवार शाम प्रदेश शासन को पत्र लिखा है। जिला प्रशासन के मुताबिक मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों का कुल 182 करोड़ 28 लाख रुपए बकाया है जिसकी रिकवरी कराने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि पेराई सत्र 2018-19 में मोदी शुगर मिल ने जिले के गन्ना किसानों से लगभग 79 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की थी जिसका कुल मूल्य 254 करोड़ 90 लाख रुपए है। पांडेय ने बताया कि सात दिसंबर 2019 तक मोदी समूह ने मात्र 87 करोड़ एक लाख रुपए का ही भुगतान किसानों को किया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस मिल पर 167 करोड़ 88 लाख की मूल धनराशि और लंबित ब्याज 14 करोड़ 90 लाख देय है जो काफी समय से लंबित हैं। इस धनराशि की वसूली के लिए आरसी जारी करने के लिए प्रदेश के गन्ना आयुक्त से अनुरोध करते हुए स्वीकृति मांगी है।

दुर्घटना में मृत युवक का शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

गाजियाबाद। बार्डर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में रविवार दोपहर मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई स्कूटी सवार की मौत के बाद पुलिस 24 घंटे बाद भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी। इससे गुस्साए लोगों ने सोमवार दोपहर मृतक के शव को दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित इंद्रापुरी पुलिस चौकी के सामने रखकर जाम लगा दिया। करीब डेढ घंटे लगे जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद पुलिस ने जल्द आरोपित की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

बता दें कि लक्ष्मी गार्डन कालोनी निवासी जीतू (25) रविवार दोपहर स्कूटी से इंद्रापुरी कॉलोनी की ओर जा रहे थे। लक्ष्मी गार्डन में मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से उनकी मौके पर मौत हो गई थी। आरोप है कि लोगों को देखकर चौकी पर तैनात कांस्टेबल पुलिस चौकी छोड़कर चले गए थे।

गाजियाबाद में खिलाड़ियों के लिए खुला पहला पुनर्सुधार केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम स्थित टीएन मेमोरियल मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में सोमवार को उत्तर प्रदेश का पहला पुनर्सुधार क्रेंद खुला। इस पुनर्सुधार क्रेंद को स्पोर्ट्स ट्रेनर अहमद नासिर की निगरानी के अंतर्गत रखा जाएगा जिसमें उनकी पूरी टीम भी रहेगी।

नासिर अहमद के अंतर्गत कई स्पोर्ट्स के खिलाडियों ने अपनी रिहैब ट्रेनिंग ली है। जिसमें इंडियन क्रिकेटर नवदीप सैनी जैसे रणजी में खेल रहे कई क्रिकेटर्स शामिल हैं। इस पुनर्सुधार क्रेंद के खुलने पर पहले दिन गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्र, चेयरमैन उमेश चोपड़ा, सचिव उमेश मांकड़, ट्रेजरार देवेंद्र चौधरी, कन्वेनर मोहम्मद वतलूम, डॉक्टर अरविंद डोगरा, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर अकरम सैफी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय शर्मा, टीएन मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी अजय कुमार यादव, फिटनेस कोच अहमद नासिर, उनके साथी कोच मिराज, फिजियो जुनैद और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मौजूद रहे।

सड़क हादसे में सेना के जवान की मौत

नोएडा। थाना इकोटेक -प्रथम क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क हादसे में सेना के एक जवान की मौत हो गई। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि एनसीसी में तैनात सेना के एक जवान सुभाष सिंह शनिवार रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते नोएडा की तरफ आ रहे थे। तभी थाना इकोटेक- प्रथम क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बड़ी आईटी कंपनियों को खुद करना होगा ई-वेस्ट निस्तारण, भेजा नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर की बड़ी आईटी कंपनियों से निकलने वाले ई-वेस्ट का निस्तारण वह स्वयं करेंगी। इसके लिए प्राधिकरण ने जिले की बड़ी नौ कंपनियों को नोटिस जारी किया है। निरीक्षण के दौरान यहा ई-वेस्ट के निस्तारण संबंधित कोई कमी मिलती है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

शेष घरों से निकलने वाले ई-वेस्ट के लिए प्राधिकरण ने एक कंपनी साथ तीन महीने के लिए एमओयू साइन किए है। कंपनी ई-वेस्ट को लेकर गुरुग्राम में उसे निस्तारित करेगी। गीले व सूखे कचरे के साथ प्राधिकरण की ई-वेस्ट के निस्तारण को लेकर सजग है। इसके लिए प्राधिकरण ने शहर में 29 स्थानों पर बिन लगाए हैं। इन बिन में लोग घर से निकलने वाला ई-वेस्ट डाल सकते हैं। यहां से कंपनी ई-वेस्ट को लेगी और गुरुग्राम में लगे प्लांट में इसे निस्तारित कर देगी।

प्राधिकरण ओएसडी ने बताया कि शेष बड़ी कंपनियां जिसमें सैमसंग, ओप्पो, एचसीएल के अलावा कई अन्य आईटी कंपनियों को नोटिस जारी कर किया गया है।

निर्देशक के खिलाफ जाट महासभा ने दी तहरीर

गाजियाबाद। जिला युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण चौधरी भूल्लन के नेतृत्व में जाट समाज के लोग सोमवार सुबह थाना सिहानी गेट पहुंचे और फिल्म पानीपत के निर्माता, निर्देशक और लेखक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर पुलिस को सौंपी और एसडीएम डीपी सिंह को ज्ञापन भी सौंपा।

अरुण चौधरी भूल्लन ने बताया कि फिल्म पानीपत के निर्माता, निर्देशक ने ओछी लोकप्रियता पाने के लिए जाट समाज के गौरव महाराजा सुरजमल का अपमान फिल्म में किया है। महाराजा सूरजमल हमेशा लाचारों और गरीबों के मदद करते थे वे अपने जीवन में कोई भी युद्ध नहीं हारे।

रिहायशी इलाकों में चल रही औद्योगिक ईकाइयां होंगी बंद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

रविवार को दिल्ली के पुराना अनाज मंडी में रानी झाँसी रोड पर स्थित एक फैक्टरी में लगी आग में 5 नाबालिगों समेत 43 मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना के बाद जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने सोमवार को जिले के आला अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक की।

डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रिहायशी कॉलोनियों में चल रही औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि कहीं पर भी आवासीय कालोनियों में घातक कारखाने संचालित हो रहे हैं तो ऐसे प्रकरणों में नगर विकास,

रविवार को हुए दिल्ली अग्निकांड हादसे के बाद बैठक करते डीएम।

जीडीए, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, उद्योग विभाग, श्रम विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा तत्काल अभियान चलाकर उन्हें बंद करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी अवैध औद्योगिक इकाइयां जो खतरनाक प्रकृति की हैं और जहां सुरक्षा के प्रबंध नहीं है ऐसे खतरनाक प्रकृति के कारखानों के विद्युत कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए जाएं। डीएम ने कहा कि बहुत से उद्यमियों ने उद्योग विभाग से पंजीकरण किसी कार्य के लिए कराया गया है जबकि फैक्टरी में कुछ और काम चल रहा है जो आगजनी की घटना से खतरनाक प्रकृति का हो सकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों के द्वारा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और इसकी रिपोर्ट विद्युत विभाग को भेजी की जाए ताकि उनके द्वारा संबंधित कारखानों के विद्युत कनेक्शन काटे जा सके।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर शैलेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जे. के शर्मा तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया गया।

संक्षिप्त समाचार

संभव कुमार को सम्मानित करती कार्यक्रम संयोजिका अनु सिन्हा।

सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

नोएडा। गांधी जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न संगीतकारों एवं कलाकारों के सौजन्य से फाउंडेशन ऑफ कृष्ण कला एवमं एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा एक संगोष्ठी सह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था 'गांधीजी का संगीत प्रेम और संगीतज्ञ का गांधीजी के प्रति प्रेम।' इंदिरा गांधी कला केंद्र ऑडिटोरियम सेक्टर -6, नोएडा में हुई इस संगोष्ठी में वक्ता के रूप में उमेश शर्मा, श्याम कुमार, डॉक्टर देवेंद्र सिंह, संभव कुमार, डॉक्टर सुशील भारती, डॉ राजन श्रीवास्तव, त्रिलोक शर्मा, सुनील त्यागी, , डीपी गोयल, महिपाल सिंह ,एनपी सिंह ,भारतेंदु, अरुण दुबे आदि उपस्थित थे। अपने वक्तव्य में संभव कुमार ने कहा कि कला मन,हृदय, बुद्धि और आत्मा के संयोग से उपजती है।

नकदी जेवर लेकर महिला फरार

धौलाना। बेटे की शादी के लिए घर में रखी नकदी और जेवरात लेकर एक महिला पड़ोस में रहने वाले अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। इस बाबत महिला के पति ने थाना धौलाना में लिखित तहरीर दी है। मुगल गॉर्डन कॉलोनी निवासी पीड़ित पति शौकीन पुत्र दलवीर ने बताया कि उसकी पत्नी 5 दिसंबर को कॉलोनी में ही रहने वाले पड़ोसी के साथ कहीं चली गई है और इस दौरान घर से करीब डेढ़ लाख के गहने और 1 लाख नकद भी अपने साथ लेकर गई है। शौकीन ने बताया कि उसका बड़ा बेटा 21 साल का है जिसकी शादी के लिए उसने दिन रात मेहनत करके पाई पाई जेवर व नकदी जोड़ी थी।



शेल्टर होम का निरीक्षण करते एसएसपी व एसपी सिटी मनीष मिश्रा।

अधिकारियों ने किया शेल्टर होम का निरीक्षण

गाजियाबाद। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने एसपी सिटी मनीष कुमार मिश्रा के साथ रविवार देर रात पुलिस बल के साथ महानगर स्थित कई शेल्टर होम्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शेल्टर होम्स की व्यवस्था में कई खामियां मिली। एसएसपी ने शैल्टर होम्स में मौजूद कई ऐसे लोगों की तलाशी भी ली जो संदिग्ध दिखाई दे रहे थे। एसएसपी ने खुद भी शेल्टर होम्स के केयर टेकर व वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की एसएसपी ने बताया कि सर्दी के मौसम में कई बार अपराध करने अथवा किसी वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आश्रयस्थलों में शरण ले लेते हैं। अपराधियों की इस मानसिकता को देखते हुए ही उन्होंने शेल्टर होम्स में चलने वाली गतिविधियों पर फोकस किया है।

गैंगरेप पीड़िता बन रुपए ऐंठने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश में महिलाओं के साथ जहां बलात्कार की घटनाएं सुर्खियों में हैं, वहीं कुछ पेशेवर महिलाएं गैंग रेप का नाटक कर सरकार से धन ऐंठने की कोशिश में लग गई हैं। ऐसा ही एक मामला सोमवार को गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया है। पुलिस ने गैंग रेप का नाटक करने के आरोप में दो पेशेवर महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में दोनों महिलाओं ने कुबूल किया कि वह मुकदमा दर्ज कर सरकार से मिलने वाली धनराशि के लोभ में यह कार्य करती हैं। दोनों

पुलिस द्वारा पकड़ी गई दोनों महिलाएं।

ही महिलाओं ने हापुड़ के बाबूगढ़ से एक छोटे हाथी में सवार होकर दो लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाकर केस दर्ज करने का प्रयास किया था।

मसूरी एसएचओ नरेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं में शहजादी उर्फ मुस्कान व रेशमा हैं जो मसूरी में किराये पर रहती हैं। उन्होंने बताया सूचना मिली कि फटे कपड़ों में डासना टोल टैक्स के पास बेहोशी की हालत में मिली एक महिला को संजय नगर जिला संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची जहां इमरजेंसी में एक 35 वर्षीय महिला लेटी हुई मिली।

महिला ने बताया कि वह रविवार सुबह ड्यूटी पर हापुड़ गई थी जहां वापस एक टेंपों (छोटा हाथी) में सवार होकर आ रही थी। रास्ते में चालक व एक अन्य व्यक्ति ने उसके साथ सामूहिक रेप किया तथा डासना टोल टैक्स के पास फ्लाईओवर के नीचे फेंककर फरार हो गए। इस बीच महिला ने अपनी मेडिकल जांच से मना कर दिया । जिसके बाद पुलिस शक हो गया और सख्ती से पूछताछ की तो मामला खुला।

वहीं इमरजेंसी वार्ड के बार घूम रही दूसरी महिला साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि दोनों के पतियों ने उन्हें छोड़ दिया है और कोई काम न होने के कारण दोनों पैसे के लिए देह व्यापार का काम करती हैं। उसने बताया कि एक दिन काफी प्रयास के बाद भी कोई ग्राहक नहीं मिला तो हम दोनों ने एक प्लान तैयार किया कि आजकल सड़कों पर सामूहिक रेप की घटना में मुकदमा लिखाने पर सरकार काफी पैसा दे रही है।

भूसे के ढेर में भीषण आग लगने से लोहा मंडी में भगदड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- दमकल विभाग की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

कवि नगर इलाके की लोहा मंडी में भूस के ढेर में भीषण आग लगने से आसपास भगदड़ मच गई। इसके बाद आनन-फानन में सूचना दमकल विभाग को दी गई और समय रहते ही आग को काबू में पा लिया गया। दमकल विभाग की मुस्तैदी की वजह से आसपास की फैक्ट्रियां आग की लपेट में आने से बच गई।

जानकारी के मुताबिक लोहा मंडी में एक जगह पशुओं के चारे के लिए भूसा रखा हुआ था। सोमवार को सुबह अचानक भूसे के ढेर में आग लगी तो कुछ लोगों ने इसकी सूचना गार्ड के जरिए पास की फैक्ट्री के सुपरवाइजर और उनके मालिकों को दी। आनन-फानन में सूचना पर फैक्ट्री मालिक के सुपरवाइजर मौके पर पहुंचे, जिन्होंने दमकल विभाग को फोन किया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने समय रहते ही आग पर काबू पा लिया।

दिवंगत कवि असीम को किया श्रद्धासुमन अर्पित

गाजियाबाद। सुप्रसिद्ध कवि दिवंगत अनिल असीम की शोक सभा में दिल्ली-एनसीआर के साहित्यकारों, गणमान्य लोगों के अलावा परिजनों ने शामिल होकर अपनी शोक संवेदना प्रगट की।

सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि कवि अनिल असीम मिलनसार, नया प्रयोग करने वाले अद्भुत कल्पनाशील कवि और इंसान थे। उनके आकस्मिक निधन से हिंदी साहित्य को बहुत बड़ी क्षति हुई है। उनकी याद को जिंदा रखने के लिये सभी को मिलकर कुछ साहित्यिक व सार्थक प्रयास करने होंगे।

विवाहिता को जान से मारने का प्रयास, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़

- एसपी ने दिए जल्द कार्रवाई के निर्देश

ससुराल वालों की प्रताड़ना और शोषण से तंग आकर मायके में रह रही एक विवाहिता ने अपने पति, चचिया ससुर व जेठ पर जान से मारने और अपने माता-पिता के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए एसपी हापुड़ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़िता की शिकायत पर एसपी ने थाना प्रभारी धौलाना को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक सपनावत चौकी अंतर्गत निवासी पीड़िता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है। कि वह 8 माह से अपने मायका नरैना में अपने परिजनों के साथ रह रही है। बीते एक दिसंबर को वह अपने माता-पिता के साथ जब कस्बा गुलावठी से सामान लेकर घर वापस लौट रही थी इसी दौरान कार में सवार उसके पति मुदित तोमर, जेठ रोहित तोमर, चचिया ससुर दिनेश तोमर ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और उसे जबरदस्ती कार में बैठाने लगे। इस दौरान विरोध करने पर उसके गले में रस्सी डालकर उसे जान से मारने का प्रयास किया गया। इस बीच उसे छुड़ाने आए माता-पिता को जेठ और चचिया ससुर ने बेरहमी से मारापीटा।

चीख चिल्लाने की आवाज सुनकर राहगीरों ने उन्हें उनके चुंगल से छुड़ाया। मौका देखकर पति, जेठ और चचिया ससुर कार में सवार होकर वहां से भाग गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई लेकिन, कोई कार्यवाही ना होने पर पीड़िता ने एसपी के यहां गुहार लगाई।

धौलाना में थाना प्रभारी रवि रतन सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसएसपी वैभव कृष्ण।

'शेल्टर होम में किए जाएं ठंड से बचने के प्रबंध'

निगम के पांचों जोन प्रभारियों को सौंपा गया निगरानी का जिम्मा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सर्दी की दस्तक के साथ ही नगर निगम ने महानगर के सभी पांचों जोनों के शेल्टर होम्स (आश्रय स्थल) में व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में सोमवार को नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने सभी जोनल प्रभारियों को कहा कि वह प्रत्येक शेल्टर होम में जाकर खुद निरीक्षण करें और यदि कोई कमी है तो उसे दूर करते हुए गरीब व असहाय लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

नगर आयुक्त ने बताया कि सर्दी का मौसम शुरू हो गया है और अब ठिठुरन बढ़ने लगी है इस कारण शहर में बने तमाम शेल्टर होम्स में गरीब

व बेसहारा लोग रात काटने के लिए आने लगे हैं। गरीब और बेसहारा लोगों की सुविधा के लिए सभी शेल्टर होम्स में शौचालय, स्नानघर, रसोई, रसोई के बर्तन, गैस, गद्दा, रजाई आदि की व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही उनके मनोरंजन के लिए टीवी सेट भी प्रत्येक शेल्टर में लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों को रात्रि विश्राम करने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इस संबंध में उन्होंने आज (सोमवार) सभी जोनल प्रभारियों को भी निर्देश जारी कर दिए हैं कि वे इस दौरान शेल्टर होम्स पर विशेष नजर रखेंगे और गरीब बेसहारा लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। साथ ही सुरक्षा के लिए शेल्टर होम्स में विशेष ध्यान रखने के साथ वहां सुरक्षा गार्ड भी तैनात करेंगे।

बच्चे का शव बरामद हत्या की आशंका

नोएडा। सेक्टर 79 के पास सोमवार सुबह 11 वर्षीय एक छात्र का शव पुलिस को मिला है। पुलिस उपाधीक्षक नगर विमल कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 49 पुलिस को सेक्टर 79 के पास सड़क पर एक बच्चे का शव होने की सोमवार को सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिंह ने बताया कि मृतक ने किसी सरकारी प्राइमरी स्कूल की वर्दी पहन रखी थी लेकिन, उसके पास पहचान के लायक कोई दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि आसपास के थानों में शव मिलने की सूचना दे दी गई है। सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

गैंगरेप पीड़िता की आर्थिक मदद करने वाले सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गैंगरेप की एक पीड़िता को शहर के संभ्रांत नागरिकों ने दस लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। यह राशि एफडी के रूप में पुलिस को दी गई। इसके बाद एसएसपी ने आर्थिक मदद देने वाले संभ्रांत नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

पुलिस ने गैंगरेप के अभियुक्तों को 24 घंटे में पहचान कर ली थी और गिरफ्तार कर लिया था। यही नहीं पीड़िता के कलमबंद बयान आदि कार्रवाई कर 20 दिन में ही इस मामले में चार्जशीट भी लगा दी। इन सभी अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया है।

एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि गैंगरेप की एक घटना 13 नवंबर, 2019 को पीएस फेज 3 क्षेत्र में हुई थी। पास खाली पड़े मैदान में अज्ञात अभियुक्तों द्वारा पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं उसका पर्स आदि लूटने की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें सभी अभियुक्त अज्ञात थे। यह बलाइंड केस को खोलना पुलिस के लिए चुनौती और कठिन मामला था।

घटना के 6 दिनों के भीतर पांच अज्ञात आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। सभी 5 अज्ञात आरोपियों को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने जिला जेल में 25 नवंबर, 2019 को पीड़िता के समक्ष पेश किया गया। वहां टेस्ट पहचान परेड में पहचान की गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

जेजे क्लस्टरों का बदलेगा रूप रंग

डीडीए 118 कॉलोनियों के पुनर्विकास की कर रहा है तैयारी : पुरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) 378 जेजे क्लस्टर को प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय) के तहत फिर विकसित करेगा। दिल्ली सरकार के अधीन काम करने वाले दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा इन क्लस्टरों का सर्वेक्षण न किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

हरदीप सिंह पुरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण भूमि और विकास कार्यालय के स्वामित्व वाली जमीन पर स्थित क्लस्टरों को प्रधानमंत्री आवास योजना के इन-सीटू स्लम री डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत पुन: विकसित किया जाएगा। दिल्ली में अब तक करीब 1300 अनधिकृत कॉलोनियों का सीमांकन हो चुका है। लगभग 800 अनधिकृत कॉलोनियों के मानचित्र डीडीए के पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। पिछले सप्ताह संसद ने राष्ट्रीय राजधानी में 1731 अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान करने के लिए एक विधेयक पारित किया था।

बदरपुर इलाके के लोगों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बदरपुर और आसपास के क्षेत्रों पर लगे ओजोन को हटाने की मांग को लेकर इलाके लोगों ने विकास मीनार स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि इलाके को ओ-जोन से बाहर निकाला जाए ताकि अनाधिकृत कॉलोनियों के साथ उनकी कॉलोनी भी पास हो सके। इसकी वजह से न केवल विकास रुका हुआ है बल्कि बच्चों की शादी करना भी मुश्किल हो रहा है।

प्रदर्शन में शामिल अनिल शर्मा ने बताया कि उनका क्षेत्र यमुना से लगभग 4 किलोमीटर दूर है लेकिन इसके बावजूद उनके क्षेत्र को ओजोन में रख दिया गया है।

तीन सौ मीटर तक का क्षेत्र आना चाहिए ओजोन के अंदर : प्रदर्शन में शामिल एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि सरकार के मुताबिक ओजोन में उन क्षेत्रों को रखा जाता है जो यमुना से तीन सौ मीटर की दूरी पर हैं। इसका मुख्य मकसद यमुना की रक्षा करना है। दरअसल इसके आसपास का क्षेत्र दलदली मिट्टी है जिसकी वजह से अगर वहां घर बनाया जाए तो वह गिर सकता है। लेकिन उनका क्षेत्र यहां से लगभग 3 किलोमीटर दूर है।

भ्रष्टाचार के कारण भाजपा-कांग्रेस शासित राज्यों में बिजली कटौती : आप

नई दिल्ली। भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में बिजली वितरण व्यवस्था में भ्रष्टाचार के चलते वहाँ बिजली कटौती होती है। दोनों ही राजनीतिक दल बिजली कंपनियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार कर रही हैं। राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई में आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार काम कर रही है।

सीएम की सकारात्मक नीतियों कि वजह से न सिर्फ बिजली विभाग में भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। बल्कि लोगों को 24 घंटे बिजली देने का सपना भी पूरा हो गया है। भ्रष्टाचार की वजह से भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में बिजली की क्षति दिल्ली की अपेक्षा कई गुना ज्यादा है। यह बात राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रभारी संजय सिंह ने कहीं। आप सरकार ने बिजली कंपनियों के साथ सांठगांठ नहीं करके उल्टा उन पर दबाव बनाया।

राजधानी के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के बाहर शोक में डूबी बिजनौर के मुर्शरफ की मां और अन्य परिजन। आग में घिरे मुर्शरफ ने मौत के आगोश में जाने से कुछ मिनट पहले उनसे बात की थी। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में हादसे में मृत लोगों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। फोटो : रंजन डिमरी

राष्ट्रपति भवन की ओर जाते जेएनयू छात्रों पर लाठीचार्ज

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास रोका

जेएनयू से राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च करते छात्र।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन की तरफ मार्च कर रहे जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्रों को पुलिस ने भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास रोक लिया और उन पर लाठीचार्ज किया। छात्रावास शुल्क में बढ़ोतरी के मुद्दे पर छात्र राष्ट्रपति से मुलाकात करना चाह रहे थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जेएनयू से छात्रों के मार्च से पहले काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। परिसर की तरफ जाने वाली सड़कों पर यातायात रोक दिया गया था और छात्रों से अपील की गई कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करें।

विश्वविद्यालय परिसर से ही भारी पुलिस बल की तैनाती और बैरीकेड लगाए जाने के बीच छात्रों ने अपना मार्च शुरू किया लेकिन भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास उन्हें रोक लिया गया। जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) की अध्यक्ष आइशी घोष के मुताबिक, महिलाओं सहित कई छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया, हम पर बर्बर हमले किए गए और आगे बढ़ने से रोका गया।

मार्च से लगा जाम, बंद रहे कई मेट्रो स्टेशन

नई दिल्ली। छात्रावास शुल्कवृद्धि के विरोध में जेएनयू के छात्रों द्वारा सोमवार को निकाले जा रहे मार्च के कारण दक्षिण दिल्ली की विभिन्न सड़कों पर जाम लग गया। जैसे ही छात्र जेएनयू से निकलकर सड़कों पर उतरे, बाबा गंगनाथ मार्ग से सरोजिनी नगर डिपो, अफ्रीका एवेन्यू मार्ग, संत नगर डिपो और हयात से लीला होटल तक जाने वाले सभी मार्गों पर यातायात प्रभावित रहा। इसके अलावा ऐहतियातन उद्योग भवन, लोक कल्याण मार्ग और केन्द्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर सोमवार को अपराह्न एक बजकर 15 मिनट पर यात्रियों का प्रवेश और निकास बंद कर दिया गया था। शाम को ये स्टेशन आम यात्रियों के लिए खोल दिए गए।

मोर्चरी में मिला किशोर का शव

नई दिल्ली। अनाज मंडी इलाके में भीषण आग के बाद 14 वर्षीय मोहम्मद सहमत के परिवारवालों और दोस्तों की तलाश सोमवार को एक मोर्चरी में खत्म हुई। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले किशोर के जान-पहचान वाले और रिश्तेदार रविवार सुबह से उसकी तलाश कर रहे थे। उनका कहना है कि सहमत आग लगने के समय उसी इमारत में था।

सहमत के गांव के ही रहने वाले और एक फर्नीचर फैक्टरी में काम करने वाले मोहम्मद अरमान ने बताया कि वे कल पूरा दिन एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल का चक्कर काटते रहे लेकिन इस दौड़-धूप का कोई नतीजा नहीं निकला। सोमवार दोपहर मैंने और सहमत को जानने वाला एक व्यक्ति ने एलएनजेपी अस्पताल के मुर्दाघर में उसके शव की पहचान की।

संसद में गूंजा अनाज मंडी अग्निकांड

भाजपा-आप ने उठाया राजधानी में अवैध फैक्ट्रियों का मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को हुए भीषण अग्निकांड का मुद्दा सोमवार को संसद के दोनों सदनों में उठा। सदस्यों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कानून बनाने की मांग उठाई। लोकसभा में शून्यकाल में जदयू के दिनेश चंद्र यादव और सुनील कुमार पिंटू तथा भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी और कांग्रेस के के. सुरेश ने यह मुद्दा उठाया।

राजधानी के अनाजमंडी इलाके में स्थित फैक्टरी में आग लगने से रविवार तड़के 43 लोगों की मौत हो गई थी और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। मरने वाले अधिकतर लोग यूपी और बिहार के रहने वाले थे। लोकसभा में यह मुद्दा उठाते हुए सांसद दिनेश चंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली के अग्निकांड में जिन मजदूरों की मौत हुई है, उनमें से ज्यादातर बिहार के रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि शवों को मृतकों के घर पहुंचाने का प्रबंध किया जाए, प्रत्येक मृतक के परिवार को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ा कानून बनाया जाए। रूड़ी ने कहा कि यह बहुत दर्दनाक हादसा था और इसके लिए विशेष जांच बैठाई जाए। पिंटू ने कहा कि मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

सुरेश ने कहा कि इस मामले पर गृह मंत्री को जवाब देना चाहिए। सदस्यों की बात का जवाब देते हुए संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस विषय पर गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को सदन में जवाब देंगे। राज्यसभा की बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने इस हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि हादसे में न केवल 43 लोगों की जान चल गई बल्कि 20 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। भाजपा के विजय गोयल ने कहा कि हजारों की संख्या में अवैध इमारतों में फैक्टरियां चल रही हैं और वहां सुरक्षा के समुचित उपाय नहीं हैं।

आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि राजधानी के रानी झांसी रोड पर फिल्मिस्तान के पास अनाज मंडी स्थित चार मंजिला इमारत में कल भीषण आग लगने से जिन लोगों की जान गई, वे मजदूर थे और आजीविका की खातिर दूरदराज से दिल्ली आए थे।

सेंट स्टीफंस कॉलेज केस की सुनवाई से अलग हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने सेंट स्टीफंस कॉलेज से संबंधित एक मामले की सुनवाई से सोमवार को यह कहते हुए खुद को अलग कर लिया कि वह 1979 तक इस कालेज के छात्र रहे चुके हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यद्यपि उन्होंने मामले के जरूरी नोट्स तैयार किए थे लेकिन उनके लिए इसकी सुनवाई करना उचित नहीं होगा। मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाए। अधिवक्ता कोलिन गोन्साल्विस ने कहा कि यदि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ सुनवाई करते हैं तो उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है।

दिव्यांग प्रदर्शनकारियों को हटाने की याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें दिव्यांग प्रदर्शनकारियों को मंडी हाउस से हटाए जाने का अनुरोध किया गया था। याचिका में मंडी हाउस से दिव्यांग प्रदर्शनकारियों को हटाए जाने और प्रदर्शन के कारण प्रभावित सड़कों को आम यातायात के लिए खोलने के निर्देश देने का आग्रह किया गया था।

रेलवे में नौकरी की मांग को लेकर दिव्यांग लोगों के प्रदर्शन के कारण मंडी हाउस के एक हिस्से और निकटवर्ती दो सड़कों को 26 नवंबर से बंद किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क किए बगैर ही अदालत का रुख कर लिया।

अदालत ने याचिकाकर्ता बजरंग वत्स को पहले अधिकारियों के पास जाने के निर्देश दिए। वत्स ने अपनी याचिका में कहा था कि प्रदर्शन के कारण पुलिस ने यहां सिकंदरा रोड को आईटीओ से मंडी हाउस तक यातायात के लिए बंद कर दिया।

वायु गुणवत्ता बेहद खराब 12 को हो सकती है बारिश

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता सोमवार को बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। राजधानी और आसपास के शहरों में पिछले छह दिन से लगातार हवा खराब श्रेणी में बनी हुई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को वायु की गति बढ़ने से मामूली सुधार की संभावना जताई है। शहर में सुबह आठ बजकर 45 मिनट पर वायु गुणवत्ता 358 दर्ज की गई। शाम को भी यह लगभग इसी स्तर पर बना हुआ था। मौसम विभाग और वायु निगरानी एजेंसी सफर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से मंगलवार और बुधवार को हवा की गति बढ़ेगी और 12 दिसंबर को हल्की बारिश हो सकती है।

दिल्ली के लापता पत्रकार का शव हरिद्वार में हुआ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/हरिद्वार

दो दिन से लापता द्वारका में रहने वाले पत्रकारका हरिद्वार में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। उनके हाथ की नस कटी है लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वह यहां एक होटल में ठहरे थे लेकिन शव यहां से कुछ दूर गंग नहर पर बने पथरी पावर हाउस के पास से बरामद हुआ। उनके बेटे ने दिल्ली में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

नई दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में सेक्टर चार में सत्यम अपार्टमेंट में रहने वाले अनुज गुप्ता (56) सात दिसंबर की शाम हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र में एक होटल में ठहरे थे। कुछ देर रुकने के बाद वह ठहलने के लिए बाहर चले गए और देर रात लौटे।

रविवार को पूर्वाहन करीब 11 बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटलकर्मियों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद होटल स्टाफ ने रजिस्टर में दर्ज उनके मोबाइल फोन पर कॉल किया तो फोन गुप्ता के पुत्र पीयूष ने दिल्ली में उठाया। उसने बताया कि उसके पिता शनिवार सुबह से गायब हैं।

संक्षिप्त समाचार

जिस घर में आग लगी वह आप कार्यकर्ता का : भाजपा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी की एक तथ्यान्वेषण समिति अनाज मंडी क्षेत्र में भयंकर आग लगने की दुखद घटना की जांच करेगी। इस घटना में 43 लोगों की जान चली गई है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मूलचंद गर्ग की अगुवाई में चार सदस्यीय समिति इस त्रासदी के पीछे के कारणों का पता लगाएगी। उन्होंने आप सरकार पर इस त्रासदी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप मढ़ा कि रविवार को जिस चार मंजिले भवन में आग लगी थी, उसका मालिक रेहान आम आदमी पार्टी का सदस्य है।

घायल दमकल कर्मियों को मिली अस्पताल से छुट्टी

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में स्थित चार मंजिला इमारत में रविवार सुबह फैक्टरी में लगी आग को बुझाने के दौरान घायल हुए दो दमकल कर्मियों को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इमारत में सबसे पहले दमकल कर्मी राजेश शुक्ला ने प्रवेश किया और 11 लोगों की जान बचाई। बचाव अभियान के दौरान शुक्ला के पैर में चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती किया गया। बचाव अभियान के दौरान दूसरे दमकल कर्मी भी मामूली रूप से घायल हो गए। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर किशोर सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दोनों ही दमकल कर्मियों को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह झुलसे नहीं थे, लेकिन खतरनाक गैस की चपेट में आ गए थे इसलिए हमने उन्हें निगरानी में रखा।

भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा दिलाने को धरना-प्रदर्शन

नई दिल्ली। भोजपुरी के संवैधानिक मान्यता और आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए भोजपुरी जन जागरण अभियान के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन का आयोजन दिल्ली के जंतर मंतर पर किया गया। ज्ञात हो कि भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। भोजपुरी भाषा को बोलने वालों की संख्या पुरे विश्व में 25 करोड़ से उपर है। यह भाषा सिर्फ भारत के बिहार, उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश, झारखंड,छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में ही नही अपितु भारत के बाहर करीब चौदह देशों में बोली जाती है। धरना को संबोधित करते हुए जनता दल यू के झंझारपुर बिहार के सांसद रामपृत मंडल ने कहा कि मेरी मातृ भाषा मैथिली है, बावजूद मैं भोजपुरी को सॉविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग करता हूँ और सदन में भी उठाउंगा। धरना में आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद दिनेश कुमार, पूर्वांचल जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह ने सरकार से मांग किया कि भोजपुरी पच्चीस करोड़ लोगों की भाषा है। इसको संवैधानिक दर्जा नहीं देना एक बहुत बड़ी साजिश है।

जान देने को मेट्रो के आगे कूदी शिक्षिका

नई दिल्ली। रोहिणी पश्चिम मेट्रो स्टेशन पर सोमवार सुबह एक महिला ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूद कर कथित रूप से आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। उन्होंने बताया कि महिला रोहिणी के एक विद्यालय में शिक्षिका है। उसने रिठाला से कश्मीरी गेट की ओर जाने वाली ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि समय रहते उसे बचा लिया गया।

आंबेडकर कॉलेज के दीक्षांत समारोह में उपराज्यपाल अनिल बैजल व डिप्टी सीएम।

आप नागरिकता (संशोधन) विधेयक के खिलाफ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी संसद में नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध करेगी। उन्होंने दावा किया कि प्रस्तावित विधेयक भारत से लोकतंत्र को खत्म करने की भाजपा की कोशिश है।

विवादित नागरिकता (संशोधन) विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के उन गैर मुस्लिमों शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने की बात कहता है जो धार्मिक उत्पीड़न की वजह से वहां से भाग कर यहां आ गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यह विधेयक संसद में पेश किया।

मधुमेह की दवा बीजीआर-34 पर बीएचयू की मुहर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● परीक्षण के दौरान सही पाई गई दवा

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा विकसित मधुमेह की दवा बीजीआर-34 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में हुए परीक्षणों में भी प्रभावी पाया गया है। आयुष मंत्री श्रीपाद यशोनायक ने गत शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सीएसआईआर की लखनऊ स्थित दो प्रयोगशालाओं सीमैप और एनबीआरआई ने आयुर्वेद के प्राचीन फार्मूलों पर शोध करने के बाद इसे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के मानकों पर विकसित किया था। इस उत्पाद को बाजार में लाने के लिए एमिल फार्मा को तकनीक हस्तांतरित की थी।

मालूम हो कि तय नियमों के तहत दवाओं को बाजार में उतारने के बाद भी उसका स्वतंत्र रूप से मरीजों पर परीक्षण किया जाता है। इस कार्य का जिम्मा बीएचयूओ के आयुर्वेद अस्पताल को सौंपा गया था। संसद में दिये जवाब में नाईक ने कहा कि बीएचयू ने टाइप-2 मधुमेह के नये मरीजों पर बीडीआर-34 दवा का परीक्षण किया था जिसमें इसके व्यापक प्रभाव को देखा गया है। पूर्व में भी इसके क्लिनिकल ट्रायल किये जा चुके जिसका ब्यौरा क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री में दर्ज है। सभी प्रकार के क्लिनिकल ट्रायल और उसके नतीजों को इस रजिस्ट्री में पंजीकृत कराना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि देश में मधुमेह के मरीजों की संख्या वर्ष 2025 तक 6.99 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। चिंता की बात यह है कि यह बढ़ोत्तरी करीब 266 फीसदी की होगी। इस खतरे से निपटने के लिए सीएसआईआर के अलावा केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद भी कोशिश कर रहा है।

'दिल्ली के विकास में सहयोगी है आंबेडकर विश्वविद्यालय'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि वह आंबेडकर विश्वविद्यालय को सिर्फ एक यूनिवर्सिटी के रूप मे नहीं देखते हैं। बल्कि हम इसे दिल्ली के विकास मे पार्टनर के रूप मे देखते हैं। सरकार के हर सोच और कार्य मे आंबेडकर विवि की पूरी टीम हमेशा साथ रहती है। जब भी सरकार कुछ नया सोचती या करती है तो वह विवि को एक पार्टनर मान कर चलते है।

सिसोदिया ने सोमवार को आंबेडकर यूनिवर्सिटी मे आयोजित दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को उनके उज्जवल भाविष्य के लिए शुभकामना दी। मनीष सिसोदिया के अनुसार जब माता-पिता ने बचपन में आप सभी को केजी में स्कूल भेजने के दौरान आशीर्वाद दिया होगा कि खूब आगे बढ़ो व सफल हो, तब शायद यह सोच कर आशीर्वाद दिया होगा कि आगे चलकर कहीं आपको कोई चांसलर खड़े होकर डिग्री देकर सम्मानित करेगा।

माता-पिता का आशीर्वाद आज पूरा हुआ। उनके आशीर्वाद को पूरा होने पर सभी को बहुत शुभकामनायें। कि आप सब इस विश्वविद्यालय व पूरे शिक्षा व्यवस्था से जो ज्ञान ग्रहण किए हैं। उसका इस्तेमाल कर अपनी प्रगति के लिए करें और समाज की प्रगति मे भागीदार बने।

राव तुला राम मेमोरियाल अस्पताल का होगा विस्तार

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 270 बेड वाली नई इमारत का किया शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल की इमारत का शिलान्यास करते सीएम।

पश्चिमी दिल्ली के राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सामवार को अस्पताल में 270 बेड की नई बिल्डिंग का शिलान्यास किया। इसके बन जाने पर दिल्ली के किसी भी निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं होंगी। जहां यह अस्पताल बनेगा वहां से महज 4 किलोमीटर दूर ही हरियाणा है। इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजधानी में विकास आखरी छोर तक पहुंचा है। यह सब भ्रष्टाचार व फिजूलखर्ची रोकने की वजह से हो रहा है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह अस्पताल का एक बेड़ 25 लाख में बनवा रहे हैं जबकि इसी बेड को बनवाने में केंद्र व अन्य सरकारें एककरोड़ खर्च करती हैं। इस तरह जो 75 लाख रुपये बचते हैं। उससे दिल्ली सरकार बिजली, पानी, बस में महिलाओं की यात्रा मुफ्त कर देती है।

केजरीवल ने राव तुला राम की जयंती के अवसर पर लोगों को बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि राव तुला राम देश के बहुत बड़े योद्धा और महापुरुष थे। उन्होंने वर्ष 1857 की लड़ाई में अंग्रेजों से लोहा लिया। उन्होंने इस इलाके के लिए भी खूब काम किया। उन्हीं की याद में यह अस्पताल बना हुआ है। हरियाणा यहां से करीब 4 किलोमीटर दूर है। दिल्ली सरकार हरियाणा के बार्डर पर 270 बेड का यह अस्पताल बनवा रही है। आप सरकार में दिल्ली के कोने-कोने में विकास हो रहा है। यह राजधानी का एक कोना है और वह इस कोने को भी नहीं भूले।

कला, संस्कृति एवं इतिहास से रूबरू करातीं शहर की दीवारें

दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से बनाई गई हैं कलाकृतियां

सामाजिक सरोकारों को भी दीवारों पर दिया है स्थान

जल, थल और वायु के साथ वन्य प्राणियों की रक्षा का भी संदेश

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

महाभारत काल में पांडवों द्वारा गुरु द्रोणाचार्य को उपहार स्वरूप दिया गया गुरुग्राम वैसे तो ऐतिहासिक शहर है ही, फिर भी इसे वर्तमान में भविष्य के लिए ऐतिहासिक बनाने के भी कार्य किये जा रहे हैं। नई पीढ़ी को यहां की कला, संस्कृति और इतिहास से रूबरू कराने के लिए रंगों और कूची के सहारे एक प्रयोग किया गया है। यह है दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से कलाकृतियां बनाने का।

आप शहर के बड़े चौक-चौराहों पर जायेंगे तो आपको इन दिनों सरकारी इमारतों की चाहरदीवारी या फिर फ्लाईओवर की दीवारों का कुछ अलग ही नजारा दिखेगी। कहीं कोई रंग-बिरंगी कलाकृति होगी तो कहीं इतिहास से रूबरू करतीं कलाकृतियां। दिल और आंखों को सुकून देने का यह कार्य प्रशासन के प्रयासों से किया है कूची के उन कलाकारों ने, जो कहीं-कहीं से आकर गुरुग्राम में अपनी शिक्षा पूरी कर रहे हैं। हम जिक्र करते हैं शहर के चुनिंदा स्थानों का, जहां पर इन युवाओं ने पूरी-पूरी रात जागकर शहर को रंगीन बना दिया है। यहां के राजीव चौक की बात करें तो जयपुर की तरफ से आप फ्लाईओवर के नीचे से यानी लघु सचिवालय के सामने की सड़क से गुजरेंगे तो आपको फ्लाईओवर की दीवार का कुछ अलग ही नजारा दिखेगा। पूरे फ्लाईओवर पर रंगों के माध्यम से भव्य कलाकृतियां बनाई गई हैं। एक कलाकृति डाल पर बैठे उल्लू की भी है, जो दूर से देखने पर बेहतरीन नजर आता है। गुलाबी रंग की पृष्ठभूमि पर गहरे-हल्के नीले और कॉफी कलर समेत कई रंगों से यह कलाकृति बनाई गई है। एक अन्य कलाकृति में शेर की तरह बड़ा सा मुंह बनाया गया है, जो दूर से बेहतरीन नजर आता है। उसके आसपास के क्षेत्र को फूल-पत्तियां बनाकर जंगल का रूप दिया है। इस काम को किया है राजस्थान के रहने वाले मोहित, आशीष कुशवाहा मुंबई से, शिव मेहंदीरत्ता और पंकज ने। नेतृत्व मोहित ने किया। ये सभी ऐमिटी यूनिवर्सिटी में कला संकाय के विद्यार्थी हैं।

बेरी वाला बाग की चाहरदीवारी पर भी युवाओं ने रंगों से उन इमारतों को जीवंत रूप दिया गया है, जो कि अब काफी हद तक खंडहर हो चुकी हैं। साथ ही गुरुग्राम की शान मेट्रो और हरी-भरी अरावली को भी पेंटिंग के रूप में दिखाया गया है। जिसमें संदेश दिया गया है कि हमें गुरुग्राम को क्लीन एंड ग्रीन रखना है। ऐतिहासिक किलों की बात करें तो आप यहां हांसी फोर्ट, असीगढ़ फोर्ट, चोर गुम्बद, करनाल फोर्ट, नूंह फोर्ट पेंटिंग के माध्यम से बनाया है। लघु सचिवालय के पास आने-जाने वाले लोग इनके साथ अपनी तस्वीरें भी खिंचवाते रहते हैं।

हरियाणवीं संस्कृति की भी झलक

बेरी वाला बाग की दीवारों पर सिर्फ किले नहीं बल्कि हरियाणा की कला और संस्कृति को भी रंगों से सुसज्जित किया गया है। दूर से देखने में हूबहू किसी हरियाणवीं महिला-पुरुष की तरह दिखने वाली ये कलाकृतियां कला का बेहतरीन नमूना हैं। सफेद कुर्ती, दामण और चुंदड़ी पहनकर नृत्य करती महिला, धोती-कुर्ता खंडवा पहन हाथ में लाठी लेकर नृत्य करते पुरुष और हरियाणवीं परिधान में ही नृत्य करती महिलाओं की टोली वाली मुंह बोलती पेंटिंग शहर की सुंदरता में चार चांद लगा रही है। एकल नृत्य करते हुए हरियाणवीं महिला की पेंटिंग भी अलग नजारे दे रही है।

सेक्टर-15 में भी कई विषयों पर पेंटिंग

राजीव चौक, बेरी वाला बाग से हम आगे दिल्ली की तरफ चलते हैं तो सर्विस लेन में सेक्टर-15 आता है। इसके पार्क की दीवारों पर भी विशेष पेंटिंग सबका मन मोह लेती हैं। यहां पर भी कई विषयों की पेंटिंग युवाओं ने बनाई हैं। इसमें वन्य प्राणियों को भी शामिल किया गया है। पर्यावरण के प्रति सकारात्मकता अपनाने का भी यहां संदेश है। दीवार पर लव वर्ड्स, नदियों, तालाबों और पेड़ों पर पक्षियों का कलरव के साथ यहां जंगल में आप चीता भी देख सकते हैं। चीता की पेंटिंग देखते समय आपको हकीकत का अहसास होगा। क्योंकि पार्क की चाहरदीवारी पर यह पेंटिंग है। पेंटिंग में भी पेड़-पौधे बनाये गये हैं और पार्क के अंदर से दीवार के काफी ऊपर तक दिखाई देने वाले पेड़ इस सीन को और भी आकर्षक बना देते हैं। इस दीवार पर पेड़ों की कटाई को भी दिखाया गया है तो प्लास्टिक के उपयोग न करने का भी संदेश दिया गया है।

गो माता की स्थिति देख आप होंगे भावुक

बेशक यह एक दीवार पर पेंटिंग है, लेकिन यहां गो माता की जो स्थिति दिखाई गई है उससे आप भावुक जरूर होंगे। हालांकि इस तरह की स्थिति को हम रोज असल में भी देखते होंगे, लेकिन पेंटिंग हमें भावनात्मक रूप से जोड़कर सोचने पर मजबूर कर देती है। यहां दीवार पर गो माता की दो पेंटिंग बनाई गई हैं। एक में शारीरिक रूप से मजबूत गो माता हरे-भरे चारागाह के बीच में खड़ी है। वहीं उसी के साथ वाली पेंटिंग में दुबली-पतली गो माता डस्टबिन से बाहर फैले कचरे को खाकर अपना पेट भर रही है। दोनों पेंटिंग साथ-साथ हैं। पेंटिंग को ऐसे बनाया गया है कि चारागाह में खड़ी गौ माता कचरा खा रही गो माता को निहार रही है कि आखिर क्या दिन आ गया है। इनके अलावा खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेलों और खिलाड़ियों को यहां पेंटिंग के माध्यम से दिखाया गया है। चाहे तीरंदाजी में जौहर दिखाती खिलाड़ी हों या फिर यूपी की बुजुर्ग महिला शूटर इंटरनेशनल खिलाड़ी चंद्रो और पताशी हों, इन सबकी पेंटिंग यहां की दीवारों की शोभा बढ़ा रही है।

बेकाबू डंपर ने कार को मारी टक्कर बच्चों से भरी स्कूली बस बची

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना के निकट गुरुग्राम मार्ग पर पलटा पड़ा डंपर।

जीडी गोयनका सिग्नेचर स्कूल के बस चालक की समझदारी ने विद्यार्थियों को सड़क हादसे की चपेट में आने से बचा लिया। गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर बेकाबू डंपर ने सामने जा रही कार को पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कार सवार हादसे में बच गया। आरोपी चालक मौके पर डंपर को छोड़कर फरार हो गया।

सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर गुरुग्राम की तरफ से तेज स्पीड से आ रहा डंपर सड़क पर लहराता हुआ चल रहा था। डंपर की चपेट में आने से एक नहीं, दो नहीं तीन कारें और एक विद्यार्थियों से भी स्कूल बस चपेट में आने से बच गई। आखिर में डंपर ने सामने जा रही कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में कार 60 से 70 फीसदी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन कार चालक सुरक्षित बच गया। हादसे में डंपर सड़क पर ही पलट गया। चालक मौके से फरार हो गया। सोहना सिटी थाना पुलिस ने डंपर को हटाकर यातायात खुलवाया। कार चालक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जीडी गोयनका सिग्नेचर स्कूल की बस चालक हरेन्द्र ने बताया कि उसने साइड शीशे से देखा कि पीछे से एक डंपर लहराता हुआ आ रहा है। जो अपने सामने चल रहे वाहनों को ऑवर टेक करता आ रहा है। जैसे ही डंपर उसकी बस के बराबर में आया उसने तुरन्त ही बस की स्पीड कम करते हुए डंपर से बचा लिया। हरेन्द्र ने बताया कि वरना डंपर के टकराने से बस सवार विद्यार्थियों को चोट लग सकती थी। कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।

अशोक राठी की हत्या के दो आरोपी अरेस्ट

गुरुग्राम। गैंगस्टर अशोक राठी की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्हें बिलासपुर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक उन्हें छह दिन के रिमांड पर लिया गया है।

बता दें कि 16 नवम्बर 2019 को सुबह करीब आठ बजे गैंगस्टर अशोक राठी अपने पैतृक गांव अलीपुर स्थित अपने घर में बैठा चाय हुक्का पी रहा था। उस समय कुछ युवक बाइक सवारों ने अशोक राठी से बात की और फिर उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। अस्पताल में उपचार के दौरान अशोक राठी की मौत हो गई। बिलासपुर अपराध शाखा पुलिस ने गुप्त सूत्रों से पता कर अशोक राठी की हत्या करने

वाले दो आरोपी मित्राऊ रोड गाजियाबाद दिल्ली से काबू किया। इनमें नरेंद्र उर्फ सोनू पुत्र मांगेराम निवासी गांव अलीपुर गुरुग्राम और रोहित उर्फ बॉबी पुत्र राजेश निवासी गांव अलीपुर गुरुग्राम शामिल हैं।

जमीन, पारिवारिक कलह को बताया कारण : प्राथमिक पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इनका जमीन को लेकर व आपसी पारिवारिक झगड़े को लेकर इनके पारिवारिक मुकदमे चल रहे हैं।

ऊर्जा समिति मनाएगी राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

गुरुग्राम। ऊर्जा समिति द्वारा 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। इस दिवस की मान्यता के अनुसार लोगो को ऊर्जा संरक्षण के लिए जागृत किया जायेगा। गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर भी लोगों को बिजली बचत की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालयों के बच्चों को ऊर्जा संरक्षण अपनाने एवं अपनी आदत में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया और महोत्सव के दौरान सभी आगंतुकों को जागरूक किया गया। मुनमुन ने महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण एवं बचत पर आधारित इस राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की शुरुआत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, घरेलु, व्यवसायिक, वाणिज्यिक और परिवहन क्षेत्रों से की जाएगी।

तय समयसीमा के भीतर जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराएं अधिकारी



गुरुग्राम में कार्यालय प्रमुखों की बैठक लेते उपायुक्त अमित खत्री।

उपायुक्त ने ली कार्यालय प्रमुखों की बैठक, दिए निर्देश

गुरुग्राम। कार्यालय प्रमुख सर्वप्रथम अपने विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं व सुविधाओं को राइट टू सर्विस एक्ट में दी गई समयावधि में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। कार्यालय प्रमुख के साथ-साथ सभी कर्मचारियों को यह पता होना चाहिए कि एक्ट में क्या समय सीमा दी गई है। यह बात उपायुक्त अमित खत्री ने सोमवार को अंत्योदय सरल केन्द्र के माध्यम से लोगों को दी जा रही नागरिक सुविधाओं व सेवाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कही।

उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सरकारी विभागों के माध्यम से दी की जा रही योजनाओं का लाभ निर्धारित समयवधि में देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंतोदय सरल स्कोर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विभागों को बधाई दी व लो परफोर्मिंग विभागों को अपना स्कोर बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी स्वाति ने उपायुक्त को बताया कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, बागवानी विभाग तथा रोजगार विभाग का स्कोर शत प्रतिशत है, जिसके लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने लो परफोर्मिंग विभागों के कार्यालय प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सरल पोर्टल पर अपना स्कोर बढ़ाने के लिए तत्परता से काम करें अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दहशत, निराशा फैलाने वाले समाचारों पर मीडिया करे मूल्यांकन : दीपक

गुरुग्राम। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पटौदी रोड स्थित ओमशांति रिट्रीट सेंटर में भविष्य के परिदृश्य को बेहतर बनाने में मीडिया की भूमिका विषय पर पत्रकारों के लिए रखे गये एक मीडिया डायलॉग कार्यक्रम आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में मीडिया में बढ़ती हुई नकारात्मक एवं निराशाजनक तथ्यों की मात्रा को कम करने और सकारात्मक व प्रेरणादाई बातों को बढ़ाने की एक स्वर से मांग की।

राष्ट्रगान के साथ कला उत्सव का समापन

गुरुग्राम में कला उत्सव में समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

गुरुग्राम। कला उत्सव की समूह नृत्य प्रतियोगिता देर रात तक चलती रही। पुरस्कार वितरण के बाद राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

प्रतियोगिताओं में कुल 280 पुरस्कार वितरित किये गए। लगभग 1500 बच्चों ने प्रतिभागिता की। प्राथमिक स्तर की समूह नृत्य प्रतियोगिता में यूरो इंटर नेशनल स्कूल सेक्टर-10 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विद्यालय स्तर की समूह नृत्य प्रतियोगिता में सीसीए स्कूल को प्रथम पुरस्कार मिला। विद्यालय स्तर की एकल नृत्य प्रतियोगिता में लायन्स पब्लिक स्कूल एवं सीसीए स्कूल को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जियान इंटरनेशनल के सक्षम को प्रथम पुरस्कार मिला, माईशा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया। कर्मयोगी व समाजसेवी रवि कालड़ा को सुरुचि सम्मान 2019 से अलंकृत किया। अर्जुन विशिष्ठ, एसके रोहिल्ला, मधुसूदन, मुनमुन ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

सेक्टर्स की समस्याओं का विधायक को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर्स की समस्या को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपते सेक्टर-5 आरडब्ल्यूए पदाधिकारी।

विधायक सुधीर सिंगला को सेक्टर 3, 5 और 6 की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ ही विधायक ने मौके पर ही शिकायतों का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इन समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर दूर रके।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ के नेतृत्व में सेक्टर्स के लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला से मुलाकात करके उन्हें ज्ञापन सौंपा। दिनेश वशिष्ठ ने बताया कि सेक्टर-5 पार्ट 6 में पार्क के साथ लगते हुए एक नर्सरी स्कूल की जगह है। जिसकी कई बार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने नीलामी की, लेकिन वो जगह ऐसी जगह है कि वहां स्कूल चलाना मुश्किल है। इसलिए आज तक किसी ने भी इस नर्सरी स्कूल की जगह लेने में रुचि नहीं दिखाई। उसके बाद विभाग के साथ मिलकर आरडब्ल्यूए ने वहां पर चारदिवारी करवाई और उस जगह को पार्क में मिला दिया। रोहताश अग्रवाल ने बताया कि अब विभाग ने वहां नर्सरी स्कूल की जगह पर 100 गज के प्लॉट काट दिये हैं। इसलिए मांग है कि पार्क में मिलाई गई स्कूल की जगह को पार्क में ही रहने दिया जाये, ताकि लोग आराम से घूम सकें। वहां पर प्लॉटिंग न होने दी जाये। विधायक सुधीर सिंगला ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को फोन किया।

आरडब्ल्यूए पदाधिकारी डीटीपी आरएस भाट से मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे सरकार को इसकी रिपोर्ट दोबारा से भेजेंगे। जिससे नर्सरी स्कूल वाली जगह को पार्क में ही रहने देने का प्लान बनाया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

ईमानदारी व्यवसाय का मूल मंत्र : यशपाल सिंह

गुरुग्राम। रूडसेट संस्थान द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रधान मंत्री सृजन रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर सहायक निदेशक खादी ग्राम उद्योग आयोग अंबाला से यशपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के 11 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों का प्रधानमंत्री सृजन रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत किया गया है। प्रशिक्षण के बाद बैंक से ऋण लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना व्यवसाय स्थापित करेंगे। अपने संबोधन में यशपाल सिंह ने कहा कि बैंक से ऋण लेकर उसका सदुपयोग करें और समय पर ऋण की अदायगी करें ताकि भविष्य में भी आपको दुबारा ऋण मिल सके। उन्होंने बताया कि ग्राहक सेवा तथा ईमानदारी से काम करने से व्यवसाय में उन्नति होती है। गुणवत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें और अपनी उत्पाद की पहचान बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करें।

जिला जेल के दो बंदियों से मोबाइल फोन बरामद

सोहना। भोंडसी स्थित जिला जेल के दो बंदियों के खिलाफ पुलिस ने अधिकारी की शिकायत पर मोबाइल फोन मिलने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भोंडसी जिला जेल से शनिवार को 19 बंदियों को उपचार के लिए गुरुग्राम नागरिक अस्पताल भेजा था। अस्पताल से जेल लौटने पर बंदियों की ढौड़ी में तलाशी ली जा रही थी। बंदी सुमित के बाएं पैर के पंजे में चिपकी मोबाइल फोन की दो बैट्रियां बरामद की। जेल की बैरिक नंबर 18ए में रह रहे बंदी जगदीश से तलाशी के दौरान एक मोबाइल फोन मिला है। जिला जेल के उपाधीक्षक साजिद खान की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामले दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

नागरिक अस्पताल में स्थापित होगी पुलिस चौकी

सोहना। सोहना नागरिक अस्पताल में जल्द ही पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। जिला पुलिस कमिश्नर ने अस्पताल में पुलिस चौकी खोले जाने की हरी झंडी प्रदान स्वास्थ्य विभाग को दे दी है। सोहना के नागरिक अस्पताल में डॉक्टर, नर्स, स्टाफ नर्स या अन्य किसी मामलों को लेकर झगड़ा करने वालों की खैर नहीं। क्योंकि नागरिक अस्पताल में आए दिन होने वाले विरोध प्रदर्शन, डॉक्टरों के साथ बद्तमीजी, स्टाफ कर्मचारी के साथ गालियां देने के मामले होते रहे हैं। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग पिछले करीब दस वर्ष से नागरिक अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग करता रहा है। आखिर पुलिस विभाग ने मांग को पूरा कर दिया है। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवलकिशोर ने बताया कि उनके पास अस्पताल में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने के आदेश मिल गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने भी उनसे सम्पर्क किया है। उन्होंने बताया कि जल्दी चौकी स्थापित किए जाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिया जाएगा।

31 तक मेरी फसल मेरा ब्योरा योजना में पंजीकरण कराएं

गुरुग्राम। मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना के तहत ई-खरीद पोर्टल पर किसानों की फसल के पंजीकरण का कार्य 31 दिसंबर 2019 तक किया जा रहा है। इसे लेकर आज गुरुग्राम के उपायुक्त अमित खत्री ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री खत्री ने कहा कि ई-खरीद पोर्टल पर किसानों के लिए फसल के पंजीकरण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य ई-खरीद पोर्टल पर फसल के पंजीकरण का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल के पंजीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम टीमों का गठन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो किसान अपनी फसल का ई-खरीद पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराएंगे, उनकी फसल की सरकारी खरीद नहीं की जाएगी।

जरूरतमंदों को वितरित किया घरेलू सामान

गुरुग्राम। डेरा सच्चा सौदा के गद्दीनशीन संत गुरमीत राम रहीम सिंह जी द्वारा दिखाये गये मानवता भलाई के रास्ते पर चलते हुए गुरुग्राम की साध संगत ने 14 परिवारों के घर की जरूरत का सामान देकर मदद की। यहां सुशांत लोक फेज-2 स्थित डेरा सच्चा सौदा के नाम चर्चा घर में आयोजित साप्ताहिक नाम चर्चा कार्यक्रम में जरूरतमंदों को घर का दैनिक उपयोग का सामान खाद्य सामग्री भेंट की। डेरा प्रेमियों ने सामूहिक रूप से यह सामग्री वितरित की। स्थानीय डेरा प्रेमियों ने बताया कि वे नियमित तौर पर जरूरतमंदों को घरेलू सामान देकर मदद करते हैं। भंगीदास श्यामसुंदर इंसा ने बताया कि साध-संगत समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है। इंसानों के साथ जीव-जंतुओं की सुविधा के लिए भी संगत काम करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि मरणोपरांत देह मेडिकल रिसर्च के लिए दान दी जाती है। यह अपने आम में संगत का बड़ा दिल है। अपने गुरू के दिखाये मार्ग पर चलते हुये संगत इस तरह के निर्णय लेती है जो कि आम आदमी के सोचने से भी बाहर की चीज है। उन्होंने संगत से इसी तरह धर्म-कर्म के कार्यों में लगे रहने की गुरुजी की प्रेरणा पर चलने को प्रेरित किया।

राव तुलाराम के 195वें जन्मदिवस पर दी श्रद्धांजलि

फर्रूखनगर। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक एवं रेवाड़ी के राजा राव तुलाराम 195वें जन्म दिवस को क्षेत्रवासियों ने प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया और उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला परिषद की उपप्रमुख संजीव राव, शुभम शांति अस्पताल के चेयरमैन राजकुमार फौजी, अधिवक्ता जयसिंह चौहान, डा. किरोडी यादव, सुबेदार मेजर श्योनारायण, नन्दकिशोर यादव, ज्ञानचन्द ताजनगर, दिनेश सैनी आदि वक्ताओं ने बताया कि देश को आजाद कराने के लिए 1857 के संग्राम के जनक राव तुला राम एक महान शख्सयित थे। युवा वर्ग को चाहिए की वह राव तुला राम के जीवन से प्रेरणा ले और देश समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी को समझें। युवा देश की रीढ़ हैं। देश की आजादी दिलाने में जिन महान योद्धाओं ने अपने जीवन का बलिदान दिया, उनकी वीरता का बखान शब्दों से नहीं किया जा सकता है। 1857 में अंग्रेजों के साथ हुए युद्ध में राजा राव तुलाराम की सेना के लगभग पांच हजार सैनिक शहीद हुए थे। इस मौके पर बंटी शर्मा, अधिवक्ता मनोज यादव, नरेश शर्मा, राज कुमार यादव, हनुमंत यादव, सुरेश यादव, रमेश गुप्ता, जयवीर जांगु और श्रीभगवान शर्मा आदि मौजूद थे।

22 हजार की रिश्वत लेते नगर निगम का क्लर्क गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पानी कनेक्शन का मीटर खराब बताकर एक व्यवसायी से 22 हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाले नगर निगम के क्लर्क को विजिलैंस की टीम ने सोमवार को छापेमारी करके रंगेहाथों गिरफ्तार किया। विजिलैंस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

एनआईटी इलाके में रहने वाले अरुण जैन ने विजिलैंस को शिकायत दी कि उसने नगर निगम से पानी का कनेक्शन लिया हुआ है। वह बिल का भुगतान नियमित रूप से करता रहता है। पिछले दिनों निगम का मीटर रीडर गांव जुन्हेड़ा निवासी शिवदत्त उसके घर में पानी के मीटर की रीडिंग लेने के आया था। मीटर की जांच करने के दौरान शिवदत्त ने बताया कि मीटर की सील टूटी हुई है। अब उनके खिलाफ लाखों रुपये का जुर्माना किया जाएगा। अरुण जैन की तरफ से मिन्नतें करने पर शिवदत्त ने सौदेबाजी शुरू कर दी। मीटर और पानी के बिल को ठीक करने के बदले में शिवदत्त उनसे 30 हजार रुपये की मांग करने लगा। अरुण जैन ने उसी समय शिवदत्त को आठ हजार रुपये दे दिए। शेष रकम उसने सोमवार को देने का वायदा किया था।

शिवदत्त के जाने के बाद उसने मामले की शिकायत विजिलैंस के अधिकारियों से कर दी। अधिकारियों ने इंस्पेक्टर त्रिभुवन शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दे दिए। टीम के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार राजेंद्र को तैनात किया गया था। विजिलैंस की टीम ने पाउंडर लगे 22 हजार रुपये के नोट अरुण जैन को देकर निगम कार्यालय में भेज दिया। अरुण जैन ने शिवदत्त को रुपये देने के बाद बाहर खड़ी टीम को इशारा कर दिया। इसके बाद विजिलैंस की टीम ने छापा मारकर शिवदत्त को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

बदमाशों ने रियल स्टेट कंपनी के सेल्स हैड को पीटा, लूटा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर 22 स्थित श्मशानघाट के पास बीती रात दो कारों में सवार बदमाशों ने एक रियल स्टेट कंपनी के सेल्स हैड की गाड़ी को ओवरटेक कर रुकवा लिय। बदमाशों ने मारपीट करते हुए पीड़ित व्यक्ति से एक लाख चार हजार रुपये की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना मुजेसर में दर्ज मामले के मुताबिक पर्वतीय कालोनी में रहने वाले राहुल यादव ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह शहर के नेहरू ग्राउंड इलाके में स्थित एक रियल स्टेट कंपनी के कार्यालय में सेल्स हैड है। रविवार को देर शाम काम खत्म होने के बाद वह अपनी कार से घर लौट रहा था। सेक्टर 23-24 की मैन रोड से होता हुआ वह जैसे ही सेक्टर 22 के श्मशानघाट की तरफ मुड़ा, तभी एक कार ओवरटेक करते हुए उसकी गाड़ी के आगे आकर रुक गई, जिसके कारण उसे भी कार को ब्रेक लगानी पड़ी। वह अभी समझ पाता, इससे पहले ही एक अन्य कार उसकी गाड़ी के पीछे आकर रुक गई। फिर दोनों कारों से उतरे युवक ने उसके पास आकर गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे घसीट कर कार से बाहर निकाल लिया। बदमाशों ने मारपीट करते हुए उसकी जेब से एक लाख चार हजार रुपये की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाते ही उसने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

आतंकवादी बताकर पिटाई करने वाले थानेदार की जमानत खारिज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केजीपी स्थित टोल प्लाजा के निकट कश्मीर निवासी एक ट्रक के चालक को रुकवा कर पुलिस चौकी ले जाने के बाद उससे रकम ऐंठने और बेहरमी के साथ मारपीट करने वाले एएसआई धर्मबीर की जमानत याचिका को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जगभूषण गुप्ता की अदालत ने खारिज कर दिया है।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक मूलरूप से कश्मीर के रहने वाले मौहम्मद मकबूल भट्ट ने यह मामला 30 नवंबर को थाना छांयसा में दर्ज करवाया था कि वह फिलहाल दिल्ली में रहता है और दिल्ली की ही एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक चलाने का काम करता है। उसके साथ इस ट्रक में जम्मू कश्मीर निवासी ऐगल और समीर क्लीनर का काम करते हैं। 21 नवंबर को वह ट्रक पर सेब लाद कर श्रीनगर से कोलकाता गया था। वहां गाड़ी होने के बाद उसने एचएमटी कंपनी में पाइप लोड कर लिए थे। यह पाइप उसे दिल्ली पहुंचाने थे। 29 नवंबर को वह केजीपी पर स्थित मौजपुर टोल प्लाजा से गुजर रहा था। तभी उसे बोलेरो गाड़ी पर सवार पुलिस कर्मचारियों ने रुकने का इशारा किया। इशारा पाकर उसने ट्रक रोक दिया। एएसआई धर्मबीर और दो अन्य पुलिस कर्मचारी उसे व अन्य दोनों क्लीनरों को पुलिस चौकी ले गए। जहां धर्मबीर यातायात नियम तोड़ने का आरोप लगाकर जुर्माने के 30 हजार रुपये मांगने लगा। उसने 30 हजार रुपये धर्मबीर को दे दिए। बदले में धर्मबीर ने उसे 18 हजार रुपये का चालान थमा दिया और 12 हजार रुपये अपनी जेब में डाल लिए।

पीड़ित ने बताया कि उसके विरोध करने पर धर्मबीर और अन्य पुलिस कर्मचारी चौकी के एक कमरे में ले गए। जहां पुलिस कर्मचारियों ने उस पर आतंकवादी होने का आरोप लगाते हुए बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने क्लीनर ऐगल से भी मारपीट की।

पुलिस के चंगुल से छूटने के बाद उसने आला अधिकारियों को शिकायत दे दी थी। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर धर्मबीर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। फिलहाल धर्मबीर जेल में ही बंद है। गत चार दिसंबर को धर्मबीर की तरफ से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जगभूषण गुप्ता की अदालत में जमानत याचिका दायर की गई थी। सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए मानीय न्यायाधीश ने उसे रद्द कर दिया।

दीपीएस का प्रथम मोहंती बना उत्तर भारत का 'अर्थमैटिक जीनियस'

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित डीपीएस स्कूल के कक्षा दो के छात्र प्रथम मोहंती ने सीबीएसई नार्दन इंडिया अर्थमैटिक जीनियस कंपटीशन में टॉप करके शहर का नाम रोशन किया है। प्रथम की इस उपलब्धि से स्कूल में हर्ष छा गया। वह अब सीबीएसई ऑल इंडिया अर्थमैटिक जीनियस कंपटीशन में भी भाग लेगा।

सीबीएसई नार्दन इंडिया अर्थमैटिक जीनियस कंपटीशन का थर्ड राउंड दिल्ली स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया था। इसमें उत्तर भारत के सीबीएसई स्कूलों के लाखों बच्चे शामिल हुए। अकेले टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में ही लगभग 1500 बच्चे शामिल हुए और उनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। कंपटीशन में कुछ सवाल दिए गए, जिनके प्रतियोगियों को जवाब देने थे। प्रथम ने सभी सवालों के सटीक उत्तर देकर नार्दन इंडिया में टॉप किया है। डीपीएस की प्रधानाचार्य सुरजीत खन्ना और प्रथम के सहपाठियों ने उसे इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

प्रथम ने बताया कि वह स्कूल टाइम के अलावा घर में चार-पांच घंटे पढ़ाई करता है। उसे शुरू से ही गणित विषय पसंद है। इसलिए उसके इस विषय में हमेशा अच्छे मार्क्स आते रहे हैं। प्रथम का कहना है कि वह भविष्य में एक प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर बनना चाहता है, लेकिन वह अपनी स्कूलिंग भी पूरी करेगा। उसका गणित बहुत अच्छा है। इसलिए वह गणित के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहेगा। प्रथम की माता संगीता मोहंती एवं पिता प्रवीण मोहंती ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें प्रथम से इस प्रतियोगिता में कुछ बेहतर करने की उम्मीद थी और उसने सचमुच टॉप किया। इसके बाद अब वह 22 जनवरी को चेन्नई में प्रस्तावित सीबीएसई आल इंडिया अर्थमैटिक जीनियस कंपटीशन में भी भाग लेगा।

लॉयंस क्लब के प्रधान बने लॉयन अजय ग्रोवर

फरीदाबाद। लॉयंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल 321-ए1 द्वारा इंस्टॉलेशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन होटल डिलाइट में किया गया, जिसमें लॉयन अजय ग्रोवर को 2019-20 के लिए प्रधान नियुक्त किया गया। इस मौके पर चीफ गेस्ट और इंस्टॉलेशन ऑफिसर लायन एमएल अरोड़ा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तेजपाल सिंह खिल्लन, गेस्ट ऑफ ओनर लॉयन नरगीश गुप्ता वीडीजी, लॉयन अशोक शर्मा, स्पेशल गेस्ट अनिल अरोड़ा, लॉयन एनके गुप्ता, लॉयन राजेश गुप्ता, लॉयन आरके गुप्ता, लॉयन एसएम नागपाल, लॉयन रवि बोहरा, लॉयन अजय ग्रोवर और सीएल जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। पूर्व प्रधान सीएल जैन ने अपने दो साल के कार्यकाल में हुए कामों का ब्योरा दिया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट और इंस्टॉलेशन ऑफिसर लायन एमएल अरोड़ा ने लॉयन अजय ग्रोवर को प्रधान बनने पर बधाई दी और शपथ दिलाई। नवनियुक्त प्रधान अजय ग्रोवर कहा कि उन्हें जो क्लब ने जिम्मेदारी दी है, उसका वह पूरी लग्न और निष्ठा के निर्वाह करेंगे और समय समय पर चिकित्सा शिविर, गरीबों की मदद, गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित करना, रक्दान शिविर आदि कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

दो महिलाओं ने पतियों पर लगाया कुकर्म का ओराप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

थाना सराय ख्वाजा इलाके की एक नवविवाहिता ने अपने पति पर कुकर्म करने का आरोप लगाया है। इसी तरह एनआईटी निवासी एक अन्य महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर इसी तरह के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं।

महिला थाना सेंट्रल जोन में दर्ज मामले के मुताबिक सराय ख्वाजा इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसका विवाह इसी साल अप्रैल में ओखला निवासी एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। यह सब तो वह किसी तरह सहन कर रही थी, लेकिन उसके पति ने उसका जीना मुश्किल कर दिया था। एक दिन पति ने मारपीट करते हुए उसके साथ जबरन अप्राकृतिक कुकर्म कर दिया। इसके बाद आरोपी ने आए दिन इसी तरह की हरकत शुरू कर दी। इसके अलावा एनआईटी निवासी 23 वर्षीय एक महिला ने भी महिला थाना एनआईटी में अपने पति के खिलाफ कुकर्म करने और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पांच साल की मासूम के दुष्कर्मी को दस साल की कैद

पड़ोस में रहने वाली पांच साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केपी सिंह की अदालत ने दस साल की कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत में पेश मामले के मुताबिक बड़खल विधानसभा क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने गत 28 मई, 2018 को यह मामला महिला थाना एनआईटी में दर्ज करवाया था कि वह यहां किराए का कमरा लेकर परिवार के साथ रहती है। परिवार में पति और तीन बच्चे शामिल हैं। इसी मकान में किराए पर रहने वाला शमीम दर्जी का काम करता है। घटना वाले दिन दोनों पति-पत्नी अपने-अपने काम पर गए हुए थे। दोपहर को शमीम बहाने से उसके कमरे में पहुंच गया। वह उसकी पांच साल की बच्ची को खाने- पीने की चीज देने का झांसा देकर अपने कमरे में ले गया। वहां जाते ही आरोपी ने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने बच्ची को डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। बच्ची के रोने पर आरोपी ने यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए घर भेज दिया। डर की वजह से उस समय तो बच्ची चुप रही, लेकिन बाद में दर्द की शिकायत होने पर बच्ची ने उसे सारी आपबीती बता दी। उसने मामले की शिकायत तुरंत पुलिस से की। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। यह मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

ईएसआई के आपात कक्ष में मिलेगा अब बेहतर इलाज

फरीदाबाद। मजदूरों व उनके परिजनों के लिए बेहद खुशी की बात है कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की तरफ से ईएसआई मेडिकल कॉलेज में बेहतर सुविधाएं देने के आदेश जारी किए हैं। अपातकालीन कक्ष में एमबीबीएस डॉक्टरों के साथ-साथ अब एमडी विशेषज्ञ भी अपनी सेवाएं मरीजों को उपलब्ध करवा सकेंगे। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के अपातकालीन कक्ष में कुछ बदलाव के निर्देश जारी किए गए है। कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पांडे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज व अस्पताल कुल 510 बिस्तरों का है। इसमें इलाज के लिए ओपीडी में तीन हजार 400 मरीज अपातकालीन कक्ष में आते हैं। यहां गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भेजा जाता है। इस कार्य में मरीज की जान पर भी बन आती है। वहीं गंभीर मरीजों के इलाज के दौरान कई बार एमडी विशेषज्ञों को ऑन कॉल बुलाया जाता है। मौके पर तुरंत पूर्ण इलाज न मिलने के कारण कई बार मरीजों की जान भी चली जाती है। मरीजों की मृत्यु दर में कमी लाने और अपातकालीन कक्ष में बेहतर इलाज की सुविधाएं देने के निर्देश एमसीआई ने किए है।

कचौड़ी विक्रेता को गोली मारकर दो लाख लूटने वालों का नहीं लगा सुराग

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

यहां की अनाज मंडी में बीती रात एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने एक कचौड़ी विक्रेता को गोली मार कर दो लाख रुपये की नकदी लूट ली थी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए थे। करीब 24 घंटे का समय गुजर जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा पाई है। जबकि अस्पताल में दाखिल व्यवसायी की हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है।

थाना आदर्श नगर में दर्ज मामले के मुताबिक बल्लभगढ़ की अनाज मंडी में दुकान नंबर 18 में दीपक कचौड़ी वाले की दुकान है। जहां पर दुकानदार दीपक और उसका भाई सोनू कचौड़ी बेचते हैं। रविवार की रात को करीब नौ बजे सोनू व उसका भाई दीपक दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक बाइक पर तीन बदमाश आए और उन्होंने आते ही सोनू को गोली मार दी। गोली मारने के बाद बदमाशों ने दुकान में रखे करीब दो लाख रुपये की नकदी निकाल ली और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से घायल हुए सोनू को बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से उसे बीके अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजनों ने घायल को सेक्टर आठ स्थित निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। थाना आदर्श नगर प्रभारी राजेंद्र शर्मा का कहना है कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूटपाट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अनाज मंडी और आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। जल्दी आरोपियों का पता चल जाएगा।

450 शिक्षकों को दी स्मार्ट बनने की ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीसर्च होलिस्टिक एडवांसमेंट (निष्ठा) कार्यक्रम के तहत जिले के शिक्षकों को स्मार्ट बनाने को लेकर सोमवार को चौथे चरण में प्रशिक्षण सत्र शुरू किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में छठीं से आठवीं और जेबीटी के अध्यापकों को शुक्रवार तक प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाएगा। यह प्रशिक्षण उन्हें सुबह नौ से शाम तीन बजे तक दिया जाएगा। इसके लिए 150-150 शिक्षकों की ग्रुप बनाए गए हैं। इनके लिए पाली तिसरी डाइट सेंटर, सीनियर सेंडरी मॉडल स्कूल सेक्टर-28 और सीही सेक्टर सात स्थित राजकीय स्कूल में ट्रेनिंग कैंप लगाए गए हैं। पहले दिन 450 शिक्षकों ने सुबह से शाम तक ट्रेनिंग ली।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि अहलावत ने बताया कि पहले, दूसरे और तीसरे चरण में पहली से पांचवीं कक्षा तक के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। फिलहाल छठीं से आठवीं और जेबीटी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगले हफ्ते से पांचवे चरण का प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा।

इसमें शिक्षकों को पढ़ाने का तरीका बताया जाता है। उन्हें बताया जाता है कि वे किस तरह से खेल-खेल में बच्चों का अध्ययन करवा सकते हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि वह किस प्रकार से बच्चों की रुचि के अनुसार विषयों को पढ़ाएं। उनकी शिक्षा का आनंददायक बनाएं और उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि निष्ठा कार्यक्रम केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्राथमिक स्तर के शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। इसमें सभी शिक्षकों को ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है।

मंदिर के स्थापना दिवस पर पुलिस चौकी में भंडारा आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस का नाम आने पर आमतौर पर लोगों के दिमाग में कुछ और ही तस्वीर बनती है, लेकिन ऐसा नहीं हैं। पुलिस भी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है। सोमवार को सेक्टर 15ए पुलिस चौकी में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 800 से ज्यादा जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया।

सेक्टर 15ए पुलिस चौकी के प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि इस पुलिस चौकी में नौ दिसंबर, 2017 को मंदिर का निर्माण करवाने के बाद हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई थी। सोमवार को मंदिर के स्थापना दिवस के मौके पर सुबह हवन के बाद पुलिस चौकी में भंडारे का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में एसीपी सेंट्रल महेंद्र वर्मा, एसीपी सराय ख्वाजा मौजीराम, थाना सेंट्रल प्रभारी सोमवीर सिंह और एसएचओ बीपीटीपी संदीप विशेष रूप से मौजूद थे। दोपहर ठीक 12 बजे भंडारा शुरू किया गया। जो शाम करीब चार बजे तक चलता रहा। इस दौरान करीब 800 से ज्यादा जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया।

Public Notice

My Client **Kamini Sabharwal** W/o Late Sh. Anil Kumar Sabharwal **r/o 23,Inder Enclave Paschim Vihar, ND-87** has disowned her daughter **Purnima Sabharwal Gandhi** W/o **Rohit Gandhi** from all her movable & immovable Assets & Properties of my client, due to her misbehaviour, disobedient & harmful towards my client. **Kamini** has also reserved all her relations with her. If anybody deals with her in any manner they do so at their own risk. Kamini shall not be responsible for the same in any manner.Any claims filed by Purnima will be treated as null & void.

Ramesh Chander Anand(Advocate), Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public as requested throughton behalf of my client **Smt. Babita Gupta Wife of Shri Brijesh Kumar Resident 1647/15, Second Floor, Govind Puri, Kalkaji, New Delhi-110019,** who is selling the Third Floor (Front Side Portion), without Terrace Rights, measuring 80 Sq. Yds., of Property No. 1523, Gali No. 13, measuring 140 Sq. Yds., carved out of Khasra No. 93, situated at Govind Puri, Kalkaji, New Delhi-110019. If anybody having any claim, title, charge or interest in respect of the aforesaid property may lodge his/her/their claim/objection in written with the undersigned within 15 days from the date of publication of this Notice and after this period it shall be presumed that there is no claim/charge/interest/title on the aforesaid Property.

Satish Khatana (Advocate)
Enrl. No.D/1149/99
6/161, D.D.A Flats Kalkaji, New Delhi-110019

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Harish Kumar Kundlia is the owner of Ground Floor, without roof rights, of Property No. 137, (Old No. 282-B), Khasra No. 316/174/11, Village Chandrawali, Shahdara, in the abadi of Jawala Nagar, New Delhi by virtue of Relinquishment Deed dated 21.09.2016, Registration No. 6745, has been lost/misplaced Surviving Member Certificate, with respect of said Property. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

For Kumar & Associates
(Advocates & Consultants)
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15 Ph : 011 - 41112527-28
kumarassociates.advocate@gmail.com

Cholamandalam Investment and Finance Company Limited
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
शाखा कार्यालय : प्लॉट नंबर 4, द्वितीय तल, मेट्रो विहार नवा डा के सामने, पुश्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि हमने हमारी प्रतिभूत आस्ति यानि — **फ्लैट नंबर ई-119, दीनबन्धु परिधान 1550 वर्ग गज, खसरा नंबर -7/21/2 का हिस्सा, जो ग्राम बदरपुर बॉर्डर ओन विहार एक्सटेंशन के पास के मकदूर कालोनी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059** में गिरवी है (कब्जेदार का नाम : मदन लाल मिस्त्री) का भौतिक कब्जा न्यायालय के आदेश के माध्यम से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण अधिनियम के तहत प्राप्त कर लिया है। उक्त परिसर में, एक मारुति ओम्नी 800 कार नंबर **DL 2C AQ 4826** पार्क की हुई है, जिसके स्वामी का पता हमको अपना संबंधित व्यक्तियों को नहीं है। अतएव उक्त कार के स्वामी को सूचना दी जाती है तथा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कार उक्त परिसर से हमारे सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के भीतर हटा लें, जिसमें असफल रहने पर हम कार का कब्जा आगे कोई सूचना दिए बिना बेचवाना और जरूरतिया कार्यालय के कार्य में दुरुपिक कर लेंगे देंगे।

स्थान : दिल्ली + एनसीआर
दिनांक : 10-12-2019

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Shekhil Pahwa, S/o. Ashok Pahwa, R/o. 1/10, 3rd Floor, Malviya Nagar, New Delhi-110017 have changed my name from Shekhil Pahwa to Shekhil Khan on 26.11.2019 for all purposes.

PD(8699)A

CHANGE OF RELIGION

I, Shekhil Pahwa, S/o. Ashok Pahwa, R/o. 1/10, 3rd Floor, Malviya Nagar, New Delhi-110017 have changed my religion from 'Hinduism' to 'Islam' on 26.11.2019 for all purposes.

PD(8700)A

रोटरी ने लगाए चार आपात शिविर, 268 यूनिट रक्त एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर नौ स्थित रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट में पिछले दिनों रक्त की कमी हो गयी थी। इसलिए प्रेजिडेंट रोटेरियन दीपक प्रसाद ने अपने क्लब मेंबर्स और रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था की तरफ से लगातार रक्दान शिवियों का आयोजन किया। इस क्रम में तीन शिविर लगाए गए और एक शिविर डॉ. हेमंत अत्री के सहयोग से आयोजित किया गया। इन चारों शिवियों में 268 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रोटरी ब्लड डोनेशन के ड्रिस्ट्रिक्ट चेयरमैन एचएल भूटानी ने बताया कि रोटरी क्लब का ब्लड बैंक हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर रहता है। जैसे ही रक्त की कमी सूचना हमें मिली, तो प्रेजिडेंट दीपक प्रसाद ने चार शिविर आयोजित करने का सराहनीय निर्णय किया। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था के सहयोग से तीन शिविर एनआईटी के एचडीएफसी बैंक, गुरुग्राम के एचडीएफसी बैंक और गुरुग्राम के इंडिगो कंसल्टेंट पर लगाए गए। डॉ. हेमंत अत्री के सहयोग से भी एक विशाल रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। इन शिविरों में 268 यूनिट रक्त एकत्रित करके तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति की गई। उन्होंने बताया कि शहर में आज रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था अग्रणी क्लब है। यह इसीलिए संभव हो पाया कि इसमें प्रेजिडेंट दीपक प्रसाद का साथ देते हुए उनके क्लब मेंबर्स रितेश गुप्ता, मनीष घई, विकास गरोदिया, देव बजाज और शैलेन्द्र गोयल ने लोगों को प्रेरित करते हुए लक्ष्य हासिल किया।

132 यूनिट रक्त एकत्रित

आयोजक डॉ. हेमंत अत्री और उनकी टीम ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था के सहयोग से सेक्टर 86 की प्रिंसेस पार्क सोसायटी में एक मेगा कैंप का आयोजन किया। केवल चार घंटों के दौरान 132 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कैंप में विभिन्न एनजीओ व संस्थाओं ने भाग लिया तथा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें रक्दान शिविर, अंगदान, शरीर दान पंजीकरण व जागरूकता अभियान, पुराने कपड़े, स्टेशनरी संग्रह अभियान, बिटिया प्रोजेक्ट, महिला सुरक्षा जागरुकता अभियान, इस्कॉन टीम द्वारा कीर्तन व गीता उपदेश, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को रोकने हेतु शपथ आदि शामिल रहे। कैंप में डॉ. अंशु सिंगला, डीसीपी डॉ. अर्पित जैन, डीसीपी एनआईटी रवि कालड़ा, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. पुनीता हसीजा, डॉ. राम भगत, डॉ. सुरेश अरोड़ा, डीएसपी सिरसा राजेश चीची, पुलवामा शहीद मेजर विभूति ढींढियाल पत्नी निकिता कौल ढींढियाल, अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट कंचन लखानी, मेडिसिन बाबा गोपबर प्रभु, रोटेरियन संजय वधावन, रो सीपी दाहरा, रो प्रेम पसरीचा, रो शैलेन्द्र गोयल ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। कैंप के आयोजक डॉ. हेमंत अत्री ने इस कैम्प में 53वीं बार रक्दान किया। रोटरी आस्था के प्रधान दीपक प्रसाद ने डॉ हेमंत अत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी ब्लड बैंक में खून का स्टॉक खत्म हो चुका था ऐसे में डॉ हेमंत अत्री का यह सहयोग बहुत काम आया है। डॉ हेमंत अत्री ने कहा कि अपने जीवन के लिए जरूरी काम तो सभी लोग करते हैं, लेकिन दूसरों के जीवन में मदद करना भी हमारा ही काम है।

हर्ष फायरिंग करने वालों को अब जाना पड़ेगा जेल

● लोकसभा ने आयुध संशोधन विधेयक 2019 को दी मंजूरी

● अवैध हथियारों को बनाने व बेचने पर और कड़ी हुई सजा

भाषा। नई दिल्ली

लोकसभा ने सोमवार को आयुध संशोधन विधेयक 2019 को मंजूरी दे दी जिसमें नए अपराधों को परिभाषित करने तथा अवैध हथियारों के निर्माण, विक्रय, आयात-निर्यात से जुड़े अपराधों में दंड में वृद्धि करने का प्रावधान किया गया है।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 1959 के अधिनियम में कई विसंगतियां थीं और इस विधेयक के माध्यम से उनको दूर किया जा रहा है। इसमें विसंगतियों को खत्म किया जा रहा है तथा खिलाड़ियों को रियायतें दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए हथियारों में कोई कटौती नहीं की गई है। पूर्व सैनिकों के हितों को भी ध्यान में रखा गया है क्योंकि वे जिम्मेदार नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि पहले के कानून में अवैध हथियार रखने और बनाने वालों दोनों के लिए समान सजा का प्रावधान था और छोटे और बड़े हथियारों को लेकर भेद नहीं किया गया था।

शाह ने कहा कि गैर कानूनी हथियारों को बेचने और तस्करी करने वालों को आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है इसमें किसी को आपत्ति नहीं हो सकती है। पुलिस से शस्त्र छीनने वाले और चुराने वालों के लिए भी सख्त कानून का प्रावधान किया गया है। प्रतिबंधित गोला-बारूद रखने वालों को 7 से 14 वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि त्योहारों, शादी विवाह के मौकों पर फायरिंग करने वालों को अब जेल जाना पड़ेगा। साल 2016 में 169 लोगों की ऐसी हर्ष फायरिंग की घटनाओं में जान गई थी।

शाह ने कहा कि शस्त्र एवं गोला बारूद का विषय प्रारंभ से ही संघ सूची में है। इसके तहत राज्य अपनी सीमा में लाइसेंस जारी कर सकते हैं।

मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुछ सदस्यों की ओर से पेश संशोधनों को अस्वीकार करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस की परनीत कौर ने कहा कि अवैध हथियारों पर रोक लगाने और जरूरतमंद लोगों को हथियारों के लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा एक लाइसेंस पर तीन हथियार रखने की व्यवस्था को बरकरार रखा जाए।

द्रमुक के ए. राजा ने कहा कि अवैध हथियारों पर रोक लगाने के साथ ही सुरक्षा बलों के हथियारों का तय सीमा से अधिक उपयोग करने पर रोक लगाई जाए। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लाइसेंस जारी करने का क्या मापदंड होंगे और लाइसेंस किनको मिलना चाहिए। शिवसेना के अरविंद सावंत ने कहा कि विधेयक का कारण एवं उद्देश्य ठीक है लेकिन देखना चाहिए कि इसमें राज्यों के अधिकारों को तो नहीं छीना जा रहा। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ऐसे विषयों पर केंद्र कानून नहीं बना सकते जो राज्य का विषय है।

संसद ने पोत पुनर्चक्रण विधेयक को मंजूरी दी

नई दिल्ली (भाषा)। संसद ने सोमवार को पोत पुनर्चक्रण विधेयक-2019 को मंजूरी दे दी तथा सरकार ने पोत तोड़ने के उद्योग के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून से इस उद्योग के बेहतर नियमन में मदद मिलेगी। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पोत परिवहन मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया के पोत रिसाइकलिंग उद्योग में भारत की 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इस विधेयक के कानून का रूप लेने के बाद इसमें और बढ़ोतरी होगी। मंत्री ने कहा कि हांगकांग संधि का अनुमोदन करने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के मानकों के आधार पर कानून बनाने से पोत उद्योग को बहुत लाभ होगा। कुछ सदस्यों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास करते हुए मांडविया ने कहा कि यह संधि देश और उद्योग के हित में है, इसलिए इसे लागू कर रहे हैं। मोदी सरकार किसी संधि को लागू करने के लिए किसी के दबाव में नहीं आती है। आरसीईपी देश के हित में नहीं था, तो हमने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने गुजरात के अलंग का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 131 प्लोट हैं जिनमें से 72 प्लोट हांगकांग संधि के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में जहाज तोड़ने का उद्योग कचरा पैदा करने वाला नहीं बल्कि धन पैदा करने वाला उद्योग है। इन जहाजों से इस्पात के अलावा मोटर, इंजन, फर्नीचर आदि प्राप्त होते हैं। मांडविया ने कहा कि इसमें स्वास्थ्य एवं श्रमिक सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया है। इसमें ऐसा प्रावधान है कि उद्योग को जहाज से जुड़ी सामग्री की जानकारी तैयार करनी होती है जिसमें यह भी बताना होगा है कि घातक सामग्री क्या-क्या हैं। इसके अलावा अधिकार सम्पन्न प्राधिकारी इसकी जांच करते हैं।

प्रशासन ने तोड़ा भोपाल स्थित 50 साल पुरा पत्रकार भवन

भोपाल (भाषा)। भोपाल नगर निगम (बीएमसी) ने सोमवार को यहां मालवीय नगर इलाके में स्थित पत्रकार भवन ढहा दिया। अब इस जमीन पर विश्व स्तरीय मीडिया सेंटर बनाया जाएगा। बीएमसी के तोड़क दस्ते ने सोमवार सुबह जल्दी काम शुरु किया और शाम तक पत्रकार भवन को ढहा दिया गया। प्रदेश के जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि विभिन्न पत्रकार संगठनों की लीज नवीनीकरण की समीक्षा याचिकाओं को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। शर्मा ने कहा, पत्रकारों के लिए सुविधाओं के साथ एक नया मीडिया सेंटर इस जमीन पर बनाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि बीएमसी ने आज सुबह सात बजे पत्रकार भवन तोड़ने का काम शुरु किया था जो कि शाम तक चला। बीएमसी के आयुक्त बी विजय दत्ता ने पीटीआई को बताया, उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद जिला प्रशासन ने पत्रकार भवन का कब्जा कुछ दिन पहले प्रदेश के जनसंपर्क विभाग को सौंप दिया था। जिला प्रशासन की ओर से बीएमसी को पत्रकार भवन ढहाने का निर्देश प्राप्त हुआ क्योंकि जनसंपर्क विभाग यहां पर एक विश्व स्तर का मीडिया सेंटर बनाना चाहता है। भोपाल के न्यू मार्केट के निकट मालवीय नगर में 50 साल पहले बना पत्रकार भवन विधानसभा और मंत्रालय से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित था।

भारत और बांग्लादेश के नौसेना प्रमुखों ने समुद्री सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की

नई दिल्ली में नेवी चीफ एडमिरल करमबीर सिंह ने बांग्लादेश के नौसेना स्टाफ के चीफ नेवी एडमिरल औरंगजेब चौधरी से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली

● बांग्लादेश की नौसेना के प्रमुख चौधरी सात से 12 दिसम्बर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर आए हैं

नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने सोमवार को बांग्लादेश के अपने समकक्ष एडमिरल औरंगजेब चौधरी के साथ द्विपक्षीय समुद्री सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

बांग्लादेश की नौसेना के प्रमुख चौधरी सात से 12 दिसम्बर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर आए हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, दौरे का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है, साथ ही नौसेना के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने हैं। सूत्रों ने कहा कि एडमिरल सिंह और एडमिरल चौधरी ने दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

भारत और बांग्लादेश ने समुद्री क्षेत्र में अपने सामरिक हितों की रक्षा करने के लिए संयुक्त तटीय निगरानी प्रणाली बनाने की खातिर अक्टूबर में एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। एडमिरल चौधरी दिल्ली के अलावा कोच्चि, विशाखापट्टनम और कोलकाता भी जाएंगे जहां वे नौसेना के अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाएं हिंद महासागर क्षेत्र में करेंगी संयुक्त गश्त

भाषा। नई दिल्ली

● दोनों नौसेनाएं इस क्षेत्र में संचालन में बेहतर तालमेल के वास्ते गोपनीय सूचनाएं साझा करने के लिए अगले साल के प्रारंभ में एक करार पर दस्तखत करेंगी

फ्रांसीसी नौसेना के एक शीर्ष कमांडर ने सोमवार को कहा कि भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाएं दक्षिणी हिंद महासागर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मछली पकड़ने पर अंकुश लगाने समेत अपने सामरिक हितों की रक्षा करने के लिए वहां संयुक्त गश्त शुरू करेंगी।

हिंद महासागर में तैनात फ्रांसीसी सैन्यबल के संयुक्त कमांडर वाइस एडमिरल डिडियर मालेरेंटे ने यह भी कहा कि दोनों नौसेनाएं इस क्षेत्र में संचालन में बेहतर तालमेल के वास्ते गोपनीय सूचनाएं साझा करने के लिए अगले साल के प्रारंभ में एक करार पर दस्तखत करेंगी। फ्रांसीसी कमांडर ने मीडिया के साथ बातचीत में इस क्षेत्र में चीन द्वारा अपना समुद्री प्रभाव फैलाने को लेकर चिंता प्रकट की। चीन ने श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह, पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में सामरिक अड्डे तथा होर्न ऑफ अफ्रीका के जिबूती में सैन्य इकाई स्थापित की है।

फ्रांसीसी कमांडर ने कहा, हम अब दक्षिण हिंद महासागर में संयुक्त गश्त की तैयारी कर रहे हैं। भारत की पी8आई समुद्री निगरानी विमान को तैनात करने की योजना है। मालेरेंटे ने कहा कि करीब पांच महीने पहले होर्मुज की खाड़ी के दक्षिण में दो टैंकरों पर हमले के बाद भारत ने इस समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए वहां अपना एक युद्धपोत तैनात करने का निर्णय लिया था। इसी प्रकार, फ्रांसी सरकार उस क्षेत्र में एक जंगी जहाज स्थाई रूप से तैनात करेगा।

हिंद महासागर में होर्मुज की खाड़ी एक ऐसा अहम क्षेत्र हैं जहां से दुनिया की तेल आपूर्ति का पांचवां हिस्सा गुजरता है। गोपनीय सूचनाएं साझा करने पर केंद्रित प्रस्तावित भारत फ्रांस संधि के बारे में फ्रांसीसी कमांडर ने कहा कि फ्रांस द्वारा किसी गैर नाटो देश के साथ ऐसा करार करना एक बिरला अवसर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटीव के पीछे चीन का बड़ा सामरिक उद्देश्य है, इससे पता चलता है कि वह इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से इस क्षेत्र में अपने आक्रामक रूख को आवरण देने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, चीन की अपना अड्डा बनाने की योजना है जैसा कि आप जानते हैं कि श्रीलंका के हंबनटोटा, पाकिस्तान तथा जिबूती में है।

हिंद महासागर में चीन की मौजूदगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चीन समुद्री लूटपाट पर अंकुश लगाने के लिए विध्वसंक, परमाणु पनडुब्बियां और पारंपरिक पनडुब्बियां तैनात कर रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन पनडुब्बियां समुद्री लूटपाट से लड़ने के लिए बेहतर औजार नहीं हैं। इसलिए इसके पीछे अलग महत्वाकांक्षा है और हमें वह पता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संयुक्त गश्त में भारत अपने पी8आई समुद्री निगरानी विमान को तैनात करेगा।

क्विक न्यूज

कोटा मण्डल को आठ माह में यात्री किराए से 270 करोड़ रुपए की आय

जयपुर (भाषा)। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मण्डल ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से लेकर नवम्बर तक के आठ माह में यात्री किराए से कुल 270 करोड़ 40 लाख रुपए की रिकार्ड आय अर्जित की है। इस अवधि में कोटा मण्डल में 2.53 करोड़ 86 हजार यात्रियों ने सफर किया।। पश्चिम-मध्य रेलवे (कोटा) के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विजय प्रकाश ने बताया कि इस आय में से 103.46 करोड़ रुपए अनारक्षित यात्रियों (जॉन पी.आरएस) से तथा 166.94 करोड़ रुपए की आय आरक्षित यात्रियों (पी.आरएस) से हुई। उन्होंने बताया कि यह अर्जित आय पिछले साल 2018 की इन्हीं आठ माह में अर्जित आय 260 करोड़ 60 लाख रुपए की तुलना में 3.76 प्रतिशत अधिक है। आलोच्य आठ महीने में कोटा मण्डल से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 2 करोड़ 53.86 लाख रही है।

दुष्कर्म के नाबालिग आरोपी को निगरानी गृह भेजा गया

शिमला (भाषा)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में अपनी 10 वर्षीय रिश्तेदार से दुष्कर्म करने वाले एक नाबालिग लड़के को उसे के निगरानी गृह भेजा गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 14 वर्षीय आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसे उसे के निगरानी गृह में भेज दिया गया। लड़के ने कुल्लू में बुधवार को स्कूल से लौट रही रिश्ते की बहन से कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। आरोपी पाली कथा का छात्र है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गोली मारकर दुकान से लाखों रुपए के सोना-चांदी के आभूषण लूटे

मधेपुरा (भाषा)। बिहार में मधेपुरा जिले के सदर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में अज्ञात अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसाई को गोली मारकर सोनार को लाखों रुपए कीमत के सोनाचांदी के आभूषण लूट लिए। पुलिस अधीक्षकराजेय कुमार ने बताया कि अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मधेपुरा जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के पास स्थित आभूषण की उक्त दुकान में दो बाइकों पर सवार सोनार छह बदमाश पहुंचे। उन्होंने स्वर्णकार अभिषेक को गोली मार दी और छह बैग में लाखों रुपए के सोनाचांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अभिषेक को इलाज के लिए पड़ोसी जिला सहरसा स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जम्मू के सांबा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगे खेतों में सोनावर को ब्लोट फूड ट्रैक्टर का इस्तेमाल कर एक खेत की जुताई करते बीएसएफ के जवान

जगनमोहन ने मुठभेड़ में बलात्कार आरोपियों के मारे जाने पर केसीआर और पुलिस की प्रशंसा की

भाषा। अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने एक पशुचिकित्सक के साथ सामूहिक बलात्कार और उसकी हत्या के चार आरोपियों के कथित मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर सोमवार को तेलंगाना के अपने समकक्ष के चंद्रशेखर राव और तेलंगाना पुलिस की प्रशंसा की।

जगनमोहन रेड्डी ने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार महिलाओं के विरूद्ध अत्याचार के मामलों की त्वरित सुनवाई और उपयुक्त सजा सुनिश्चित करने के लिए कड़ा कानून बनाने के लिए विधानसभा के वर्तमान सत्र में एक विधेयक लाएगी। उन्होंने विधानसभा में अपने भावुक भाषण में ऐसे कठोर कानूनों की वकालत की जो महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों की शीघ्र सुनवाई और मिसाल दिए जाने योग्य सजा सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा, दो बेटियों का पिता होने के नाते इस घटना से मुझे बहुत पीड़ा हुई। पिता के तौर पर मुझे ऐसी घटनाओं पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए? किस तरह की सजा अभिभावक को राहत देगी। हमें उसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, घटना हुई। मीडिया ने दिखाया कि गलत हुआ। बाद में तेलंगाना सरकार ने जवाब दिया। केसीआर और तेलंगाना के पुलिस अधिकारियों को मेरा सलाम।

प्रवासी कारोबारी मुबीन शाह की नजरबंदी का आदेश स्थाई रूप से खत्मः जेके प्रशासन ने न्यायालय से कहा

भाषा। नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि प्रवासी कारोबारी मुबीन शाह की नजरबंदी का आदेश स्थाई रूप से वापस ले लिया गया है। जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधान वापस लेने के सरकार के फैसले के बाद इस कारोबारी को लोक सुरक्षा कानून के तहत नजरबंद कर लिया गया था।

न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ को सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने यह जानकारी दी। इसके बाद पीठ ने मुबीन शाह की नजरबंदी को चुनौती देने वाली उसकी पत्नी आसिफा मुबीन को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। जम्मू कश्मीर प्रशासन की ओर से मेहता ने कहा कि केन्द्र शासित प्रदेश ने शाह की नजरबंदी का आदेश स्थाई रूप से वापस ले लिया है। इससे पहले छह अगस्त को मुबीन शाह को अस्थाई रूप से आगरा सेन्ट्रल जेल से रिहा किया गया था।

शीर्ष अदालत मुबीन शाह को नजरबंद करने के सात अगस्त के आदेश और जम्मू कश्मीर लोक सुरक्षा कानून की धारा 8 (1)(ए) में नजरबंदी के आधारों को चुनौती देने वाली आसिफा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आसिफा के वकील ने पीठ से कहा कि वह अब अपनी याचिका वापस लेना चाहेंगे क्योंकि यह निरर्थक हो गई है। पीठ ने उसे इसकी अनुमति दे दी। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने सात अगस्त को एक आदेश पारित करके मुबीन की नजरबंदी स्थाई रूप से समाप्त कर दी। इस आदेश में कहा गया, जम्मू कश्मीर लोक सुरक्षा कानून, 1978 की धारा 19 (1) में प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सरकार छह दिसंबर के आदेश के स्थान पर नजरबंदी का आदेश वापस ले रही है।

शीर्ष अदालत ने 24 अक्टूबर को जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय से कहा था कि प्रवासी भारतीय मुबीन सहित कुछ व्यक्तियों को पेश करने का प्रशासन को निर्देश देने के लिए दायर याचिका पर शीघ्रता से आदेश पारित करे। शीर्ष अदालत ने यह निर्देश उस वक्त दिया था जब उसे बताया गया कि याचिकाकर्ता का एक अन्य रिश्तेदार उच्च न्यायालय में लंबित मामले की सुनवाई के दौरान उपस्थित था। आसिफा ने याचिका में कहा था कि उसका पति इस समय आगरा सेन्ट्रल जेल में है और उसे उसकी स्वतंत्रता से गैरकानूनी तरीके से वंचित किया जा रहा है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका पति अपनी एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने 18 अप्रैल को श्रीनगर आया था और वह अपने श्वसुर के पास ही ठहरा हुआ था। इसी बीच जुलाई में उनका इंतकाल हो गया।

पाक ने जम्मू कश्मीर के पुंछ में एलओसी से लगे अग्रिम इलाकों में गोले दागे

जम्मू (भाषा)। पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लगे अग्रिम इलाकों में गोलीबारी की और मोर्टार से गोले दाग कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने पुंछ के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा से लगे अग्रिम इलाकों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार से गोले दागे। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने जिले के शाहपुर सेक्टर में स्थित एलओसी पर भी अपराहन पौने चार बजे बगैर उकसावे के संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय थल सेना उनका मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिलों में संघर्ष विराम का बार-बार उल्लंघन कर रहा है।

कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने 30 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया

भाषा। कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने शहर के स्थानीय इलाकों में छापेमारी कर कथित रूप से मानव तस्करी में संलिप्त 30 लोगों को गिरफ्तार किया है और इन छापों में 29 महिलाओं को छुड़ाया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार देर रात प्रिंस अनवर शाह मार्ग, रासबिहारी एवेन्यू, भवानीपुर और न्यू मार्केट क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी की।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जाधवपुर पुलिस थाना क्षेत्र के प्रिंस अनवर शाह मार्ग पर एक इमारत से सात महिलाओं को छुड़ाया गया जबकि भवानीपुर पुलिस थाना क्षेत्र में एक सैलून में छापेमारी कर 10 महिलाओं को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने कहा, हमें लगातार इन क्षेत्रों में चल रहे देह व्यापार की शिकायतें मिल रही थीं। कई शिकायतें दर्ज होने के बाद हमने छापेमारी की।

कोलकाता पुलिस की मानव-तस्करी विरोधी इकाई ने रासबिहारी एवेन्यू की एक इमारत की पहली मंजिल से छह महिलाओं को छुड़ाया और वहां से चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में दो ग्राहक, वेश्यालय का मालिक और प्रबंधक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने न्यू मार्केट क्षेत्र के मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर एक ब्यूटी पार्लर में छापा मार कर छह महिलाओं को छुड़ाया और वहां से छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

अन्य गिरफ्तारियों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि छुड़ाई गई महिलाओं को आश्रय गृहों में भेज दिया गया है।

कोलकाता में सोमवार को एनआरसी और सीएबी के खिलाफ केंद्र सरकार के खिलाफ एक विशेष रैली में संयुक्त मंच के कार्यकर्ता भाग लेते हुए

बंद के पहले दिन असम के कुछ हिस्सों में आम जनजीवन प्रभावित

भाषा। गुवाहाटी

नागरिकता संशोधन विधेयक के खिलाफ और छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्रदान किए जाने की मांग पर दबाव बनाने के लिए ऑल मोरान स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) द्वारा 48 घंटे के असम बंद के पहले दिन कई जिलों में आम जन जीवन प्रभावित हुआ।

सुबह पांच बजे बंद की शुरूआत के बाद लखिमपुर, धेमाजी, तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, शिवसागर, जोरहाट, माजुली, मोरिगांव, बोंगाइगांव, उदालगुड़ी, कोकराझार और बक्सा जिले में दुकानें, बाजार और वित्तीय संस्थान बंद रहे। स्कूल और कॉलेज भी नहीं खुले। अधिकारियों ने बताया कि बराक घाटी के बंगाली समुदाय बहुल कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिले में और पहाड़ी जिले कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ में बंद का असर नहीं पड़ा।

गुवाहाटी में बंद का प्रभाव नगण्य रहा। बंद प्रभावित क्षेत्रों में निजी कार्यालय बंद रहे और सरकारी कार्यालयों में भी उपस्थिति बहुत कम रही। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित किया लेकिन पुलिस ने कदम उठाते हुए सड़क पर परिचालन सामान्य कर दिया। लंबी दूरी की कुछ बसें पुलिस पहरे में चलीं।

झामुमो, कांग्रेस, राजद का जनता से विश्वासघात का इतिहास रहा है: पीएम

भाषा। बरही (झारखंड)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि भाजपा देश के आदिवासियों की जिंदगी और पिछड़ों की जिंदगी बेहतर बनाने, उनकी मुश्किलें कम करने और उनका मान सम्मान बढ़ाने के लिए दिन रात ईमानदारी से काम कर रही है लेकिन कांग्रेस, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा का इतिहास ही आप से विश्वासघात और भ्रष्टाचार का रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां झारखंड विधानसभा चुनावों के तीसरे चरण के लिए आयोजित चुनावी सभा में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में कांग्रेस और जद(एस) की सरकार पर भ्रष्टाचार और स्वार्थ की राजनीति करने के आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा देश के आदिवासियों की जिंदगी और पिछड़ों की जिंदगी बेहतर बनाने, उनकी मुश्किलें कम करने, उनका मान सम्मान बढ़ाने के लिए दिन रात ईमानदारी से काम कर रही है लेकिन कांग्रेस हो, राजद हो या फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा हो उनका इतिहास है आप से विश्वासघात व भ्रष्टाचार करना।

उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा कि वह झारखंड में भी स्थिर और स्थाई सरकार के लिए इस विषधी गठबंधन के चक्कर में ना पड़ें क्योंकि यदि किसी कारण से यहां त्रिशंकू विधानसभा बनती है तो फिर ए पार्टियां अस्थिरता, अनिश्चितता और खरीद बिक्री का दौर प्रारंभ कर देंगी। इससे झारखंड का विकास बाधित होगा। मोदी ने कहा, आज दुनिया में हिंदुस्तान की जय जयकार हो रही है। यह मोदी की वजह से नहीं बल्कि आपके द्वारा केंद्र में बनाई गई स्थिर, मजबूत और पूर्ण बहुमत की सरकार की वजह से हो रही है।

उन्होंने पूछा, क्या झारखंड की ऐसी ही जयजयकार नहीं होनी चाहिए? अगर झारखंड का जय जय करना है, तो रांची में पूर्ण बहुमत वाली मजबूत भाजपा सरकार का बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने दोहराया, ए कांग्रेस ही है, जिसने भगवान राम की जन्मभूमि के विवाद को अपने वोट बैंक के लिए दशकों तक लटकाए रखा। विवाद चलने दिया। ताकि उनके वोट बैंक की खिचड़ी पकती रहे। यह फैसला तब आया जब आप सभी ने दिल्ली में भाजपा की मजबूत सरकार बनाई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के समय से ही अलग झारखंड की मांग चल रही थी। लेकिन कांग्रेस ने राजनीतिक स्वार्थ के कारण इस मामले को भी लटकाए रखा। यह मामला भी तब हल हुआ जब दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेई नीत भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कहा, दशकों तक देश में यह मांग उठती रही कि झारखंड समेत देश के पिछड़ा वर्ग :ओबीसी: के करोड़ों परिवारों के हितों की सुरक्षा के लिए पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। लेकिन कांग्रेस और उसके साथियों ने पिछड़ों के हितों को बचाने वाला यह काम नहीं किया और ना होने दिया। यह काम भी तब हुआ जब दिल्ली में आपने मोदी की सरकार बनाई।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से सामान्य वर्ग सवर्ण समाज के गरीब परिवार के युवा आरक्षण की मांग कर रहे थे। ए युवा सवर्ण समाज में पैदा हुए थे। लेकिन ए बेचारे गरीबी के कारण डूबते चले जा रहे थे। इन गरीब परिवारों की बातों पर ध्यान नहीं दिया गया और जब मोदी सरकार आई सामान्य जनता की गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ भी मिला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश राजनीतिक स्थिरता को लेकर क्या सोच रहा है और इसके लिए भाजपा पर उसका कितना विश्वास है उसका उदाहरण आज ही देश के सामने आया है। लोग कहते हैं कि दक्षिण भारत में भाजपा कमजोर है। आज ही कर्नाटक में उपचुनाव के परिणाम आ रहे हैं और इस उपचुनाव में कर्नाटक में वहां की जनता का दोहन करने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा, स्थिरता और विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी पर एक बार फिर विश्वास जताने के लिए मैं कर्नाटक की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। वहां 15 सीटों पर उपचुनाव हुआ। कई सीटें ऐसी हैं जहां पिछले 70 साल में पहले भाजपा कभी जीती ही नहीं थी।

गया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एअरपोर्ट पर स्वागत करते हुए भाजपा नेता प्रेम कुमार

देश में खादी एवं ग्रामोद्योग के 8058 बिक्री केन्द्र : सरकार

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को बताया कि देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के कुल 8053 बिक्री केन्द्र हैं तथा 2018-19 के दौरान इस क्षेत्र की बिक्री बढ़कर 74,292.09 करोड़ रूपए हो गई। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री नितिन गडकरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केवीआई क्षेत्र का 8058 बिक्री केन्द्रों का राष्ट्रव्यापी व्यापक नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि इनमें से खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के 23 विभागीय बिक्री केन्द्र हैं तथा 8035 बिक्री केन्द्र खादी संस्थाओं (गैर सरकारी संगठनों) और राज्य केवीआईबी के हैं। उन्होंने कहा कि 2017-18 में केवीआई क्षेत्र में 59,182.43 करोड़ रूपए की बिक्री हुई जो 2018-19 में बढ़कर 74,292.09 करोड़ रूपए (अनंतिम) हो गई।

फडणवीस से मुलाकात के दौरान मौसम और बारिश पर बातें की: अजीत पवार

मुंबई। पिछले महीने भाजपा के नेतृत्व वाली 80 घंटों की सरकार गिरने के बाद पहली बार राकांपा नेता अजीत पवार और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस किसी सार्वजनिक मंच पर एक साथ नजर आएं। हालांकि, इस बारे में पवार ने सोमवार को कहा कि मुलाकात के दौरान उन दोनों ने मौसम और बारिश पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि एक अप्रत्याशित घटनाक्रम के तहत 23 नवंबर को आनन-फानन में सुबह-सुबह फडणवीस ने मुख्यमंत्री और राकांपा नेता अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। लेकिन उनकी यह सरकार सिर्फ 80 घंटे ही चल पाई थी।

अपनी अल्प अवधि की सरकार गिरने के बाद से पहली बार रविवार को फडणवीस (अब विधानसभा में विपक्ष के नेता) और अजीत पवार एक साथ देखे गए। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे नीत राज्य की महाराष्ट्र विकास अघाडी (शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस) सरकार में अजीत उपमुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार हैं। फडणवीस और अजीत सोलापुर जिले में निर्दलीय विधायक संजय शिंदे की बेटी के विवाह समारोह में एक साथ नजर आए। वे दोनों 20 मिनट तक बातचीत में तल्लीन दिखे। अजीत ने पुणे जिले स्थित अपने गृह नगर बारामती में संवाददाताओं से कहा, महज इसलिए कि हम एक साथ बैठे थे, इसका यह मतलब नहीं है कुछ नया पक रहा है। हमने मौसम और बारिश के बारे में चर्चा की।

उन्होंने कहा, विवाह समारोह में कुर्सियां कुछ इस तरह से लगाई गई थी कि हम दोनों एक साथ बैठे थे। राजनीति में कोई स्थाई शत्रु नहीं होता। जब हम साथ बैठे थे तब मौसम के बारे में बातें करना हमारे लिए स्वाभाविक था। गौरतलब है कि फडणवीस ने पिछले हफ्ते एक टीवी चैनल से कहा था कि यह अजीत पवार थे जिन्होंने महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए उनसे संपर्क किया था।

अगले साल तक भूजल खत्म होने की आशंका वाले 21 शहरों में जलसंकट चिंता की बात नहीं : सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने राज्यसभा में बताया कि नीति आयोग की एक रिपोर्ट में उल्लिखित उन 21 शहरों में पानी की उपलब्धता भूमिगत जल स्रोतों के अलावा भूजल स्रोतों पर आधारित होने के कारण जलसंकट चिंता की बात नहीं है जिनमें 2020 तक भूजल खत्म होने की आशंका जताई गई है। जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में 2020 तक जिन शहरों में भूजल समाप्त होने के खतरे की आशंका जताई गई है उनमें दिल्ली, गुरुग्राम, गांधीनगर, यमुनानगर, बेंगलुरु, इंदौर, रतलाम, अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, मोहाली, पटियाला, अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर चेन्नई, वेल्लौर, हैदराबाद, आगरा और गाजियाबाद शामिल हैं।

शेखावत ने बताया कि इन 21 शहरों में से 15 शहर ऐसे हैं जिनमें पानी की उपलब्धता भूजल और बांध या नदी आदि सतही जलस्रोत पर निर्भर है। सूची में दोहरे जलस्रोत पर पानी की निर्भरता वाले 15 शहरों के अलावा शेष छह में से पांच शहर ऐसे हैं जिनमें पानी की निर्भरता दोहरे जलस्रोत पर आधारित नहीं है। इन छह शहरों में से पांच शहर पंजाब के है जिनमें नहरों का व्यवस्थित तंत्र मौजूद है। इसलिए इन शहरों में जलसंकट को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है।

उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि देश के 256 जिलों के 1500 ब्लॉक को जलस्रोतों के जरूरत से ज्यादा दोहन या अन्य कारणों से जलसंकट के लिहाज से गंभीर श्रेणी में रखा गया है। शेखावत ने कहा कि इन जिलों में भूजल को रीचार्ज करने के लिए जलशक्ति अभियान शुरु किया गया है। इसके तहत केन्द्र और राज्य सरकारों के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी और जल विशेषज्ञों के समूह स्थिति का आंकलन करने के लिए भेजे गए थे। जिलाधिकारियों को नोडल अफसर बनाया गया है। इस अभियान के तहत संबद्ध जिलों में वाटर हार्वेस्टिंग के 99.76 पॉकिट बनाए गए हैं।

इन जिलों में जलसंकट की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए देशव्यापी स्तर पर एक्विफर मैपिंग भी कराई जा रही है। इन क्षेत्रों में अब तक 10 लाख वर्ग किमी क्षेत्र की मैपिंग हो चुकी है और शेष 15 लाख वर्ग किमी क्षेत्र की मैपिंग अगले दो साल में कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि जलसंकट के लिहाज से गंभीर श्रेणी में सूचीबद्ध 256 जिलों की मैपिंग अगले चार से छह महीनों में पूरी कर इसकी रिपोर्ट संबद्ध राज्य सरकार को सौंप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भूजल का गिरता स्तर चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि पानी की 65 प्रतिशत जरूरत भूजल से ही पूरी हो रही है। शेखावत ने इस दिशा में चलाए जा रहे केन्द्र और राज्य के विभिन्न अभियानों को जनजागरूकता के माध्यम से सफल बनाने की जरूरत पर बल दिया।

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़कें नहीं बनवाना चाहती बंगाल सरकार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार प्रधानमंत्री सड़क योजना की निधि से पंचायत स्तर की सड़कों का निर्माण नहीं कराना चाहती क्योंकि ऐसी सड़कों के नाम पर प्रधानमंत्री शब्द अंकित करना होगा। बंगाल सरकार का कहना है कि इन सड़कों के निर्माण का लगभग आधा खर्चा राज्य सरकार उठाती है। राज्य पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री सुब्रत मुखर्जी ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि केंद्र राज्य सरकार को सड़कों के नाम में प्रधानमंत्री अंकित करने का दबाव बना रही है। राज्य सरकार ने इन सड़कों को बांग्ला ग्रामीण सड़क का नाम दिया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जब हम कुल लागत का 50 प्रतिशत सहयोग (प्रशासनिक लागत) देते हैं तो हम इन सड़कों के नाम में प्रधानमंत्री अंकित क्यों करें। मुखर्जी ने कहा कि वास्तव में इन सड़कों के नामकरण में राजनीति निहित हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्र को लिखा है कि यदि प्रधानमंत्री शब्द का इस्तेमाल हो रहा है तो सड़कों के नामकरण में मुख्यमंत्री शब्द का इस्तेमाल भी किया जाए।

2016 से 2018 के दौरान नियंत्रण रेखा पर आतंकी हमले में 31 सैन्य कर्मी शहीद

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को बताया कि जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर 2016 से 2018 के दौरान आतंकी हमलों में 31 सैन्य कर्मी शहीद हुए हैं। रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2016 में नियंत्रण रेखा पर हुए आतंकी हमलों में छह सैन्य कर्मी, 2017 में 13 सैन्य कर्मी और 2018 में 18 सैन्य कर्मी शहीद हुए हैं। नाइक ने बताया आतंकी हमलों का मुकाबला करने के लिए सभी सीमाई चौकियां पर्याप्त रूप से सक्षम हैं।

गुवाहाटी में आसाम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई नागरिकता संशोधन बिल के विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए

नाइट क्लब के 11 साजिंदे भी मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार, कला जगत में आक्रोश

इंदौर (मध्यप्रदेश)। स्थानीय नाइट क्लब में महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी के बहुचर्चित मामले की जांच कर रही पुलिस ने अन्य लोगों के साथ इसके 11 साजिंदों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के इस कदम के खिलाफ स्थानीय कलाकारों ने गहरी नाराजगी जताई है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 30 नवंबर की देर रात से शुरू हुई मुहिम के दौरान स्थानीय कारोबारी जितेंद्र सोनी के गीता भवन चौराहे स्थित नाइट क्लब "माय होमै से सात बच्चों और 67 महिलाओं को बचाया गया था। इनमें पश्चिम बंगाल और असम की महिलाएं शामिल हैं जिन्हें नाइट क्लब में कथित रूप से दयनीय परिस्थितियों में रखकर बार डांसर का काम कराया जाता था।

उन्होंने बताया कि मामले में भारतीय दंड विधान की धारा 370 (मानव तस्करी) और अन्य संबद्ध धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 35 लोगों को शनिवार रात गिरफ्तार किया। शहर में कलाकारों की एक संस्था चलाने वाले अभिषेक गावड़े ने कहा, भारतीय दंड विधान की धारा 370 (मानव तस्करी) और धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत गिरफ्तार इन लोगों में 11 साजिंदे शामिल हैं। ए लोग नाइट क्लब में ड्रम, गिटार, तबला आदि वाद्य यंत्र बजा कर आजीविका चलाते थे और इनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

स्थानीय कलाकारों के एक समूह ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रुचिवर्धन मिश्र को सोमवार को ज्ञापन भी सौंपा। इसमें मांग की गई है कि नाइट क्लब से जुड़े साजिंदों पर गंभीर आरोपों में लादे गए आपराधिक मामले वापस लिए जाएं। उधर, कलाकारों की इस मांग पर एसएसपी रुचिवर्धन मिश्र ने "पीटीआई-भाषी से कहा, "मानव तस्करी के मामले में नाइट क्लब के साजिंदों की भूमिका का कानूनी परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद उचित कदम उठाए जाएंगे।

इस बीच, मानव तस्करी और अन्य आपराधिक मामलों में पिछले 10 दिन से फरार चल रहे कारोबारी जितेंद्र सोनी को पुलिस अलग-अलग राज्यों में ढूंढ रही है। उनकी गिरफ्तारी पर 30,000 रुपए का इनाम घोषित है। मानव तस्करी के मामले में सोनी के बेटे अमित को एक दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। शहर की एक अदालत ने अभियोजन पक्ष की गुहार पर सोमवार को उसकी पुलिस हिरासत अवधि 12 दिसंबर तक बढ़ा दी। अभियोजन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मानव तस्करी के मामले की जांच के लिए पुलिस की एक टीम पश्चिम बंगाल भेजी गई है। इस सिलसिले में पुलिस को अमित से और पूछताछ करनी है।

हिप्र में विस सत्र के दौरान अब विधायकों को सब्सिडी वाला भोजन नहीं मिलेगा

भाषा। धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में विधायकों को विधानसभा सत्र के दौरान अब सब्सिडी वाला भोजन नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने यहां सोमवार को सदन को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के तपोवन में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन सदन को बताया कि मार्च 2020 में होने वाले अगले बजट सत्र से यह सब्सिडी खत्म करने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि विधायकों को विधानसभा सत्र के दौरान सब्सिडी के साथ 30 रुपए में शाकाहार और 40 रुपए में मांसाहार भोजन उपलब्ध कराया जाता है। ठाकुर ने बताया कि उन्होंने इस बारे में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री से भी बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कुछ समय पहले सांसदों के लिए भोजन की सब्सिडी खत्म कर दी गई।

किस दिशा में जा रहा है मुल्क: नागरिकता संशोधन विधेयक पर बोले गहलोत

जयपुर। नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किए जाने पर प्रतिक्रिया जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को यहां कहा, समय रहते सबको समझ जाना चाहिए, मुल्क किस दिशा में जा रहा है। गहलोत ने इस बारे में पूछे जाने पर यहां संवाददाताओं से कहा, देश को किस दिशा में ले जाएंगे ए लोग, समय बताएगा। समय रहते हुए सबको समझ जाना चाहिए, मुल्क किस दिशा में जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिकता संशोधन विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया जिसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन का पात्र बनाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा, जहां बोलने की आजादी नहीं हो, असहमति को अपना दुश्मन मानते हों, देशद्रोह के मुकदमे बनते हों ...ए लोकतंत्र में कभी सुना नहीं हमने। इसलिए हम बार-बार कहते हैं लोकतंत्र देश में खतरे में है। सोच-समझकर कहते हैं। अब जनता को ए समझना पड़ेगा, जनता ए समझ भी रही है।

संसदीय समिति ने बौद्ध परिपथ परियोजनाओं में आवंटित राशि के बहुत कम उपयोग होने पर निराशा जताई

नई दिल्ली। संसद की एक समिति ने पर्यटन मंत्रालय से अप्रसन्नता जताते हुए सोमवार को कहा कि उसने देश में हॉट एयर बैलून सफारी को प्रोत्साहित करने के लिए गंभीरता से कदम नहीं उठाया। समिति ने अफसोस जताया कि बौद्ध परिपथ विकास योजना से जुड़ी पांच परियोजनाओं में से चार के लिए जारी राशि का बहुत ही कम उपयोग हुआ। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति विभाग संबंधी स्थाई संसदीय समिति ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में पेश एक रिपोर्ट में यह टिप्पणी की। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि हॉट एयर बैलून सफारी दुनिया भर के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय हुआ है और विभिन्न पर्यटक स्थलों की लोकप्रियता में वृद्धि करने में मदद की है। देश भर में इसे लागू करने की सिफारिश की थी ताकि देश की प्रचूर संभावनाओं का उपयोग किया जा सके।

समिति ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटक विकास के लिए समग्र समन्वय और योजना तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। इसलिए समिति को मंत्रालय से आशा थी कि वह पहल करेगा और हॉट एयर बैलून सफारी को राज्यों तक फैलाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। लेकिन केवल दिशानिर्देश तैयार करना और उन्हें सभी राज्यों को भेजना औपचारिकता प्रतीत होती है जिसमें अतिसक्रियता और व्यवहारिक दृष्टिकोण नहीं है।

समिति ने कहा कि वह एक बार फिर मंत्रालय से आग्रह करती है कि हॉट एयर बैलून सफारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों को सक्रियता से कहे और इस संबंध में हुई प्रगति से समिति को अवगत कराए। समिति ने कहा कि भारत को जैव-विविधता की अनोखी देन, समृद्ध संस्कृति और विरासत होने के बावजूद पर्यटन क्षेत्र में अपनी संभावना की तुलना में वांछित स्तर पर वृद्धि नहीं हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तम कोटि के पर्यटक स्थलों जैसे बौद्ध परिपथ (सर्किट) को विकसित किया जाना चाहिए ताकि मौसम पर निर्भरता से पार पाया जा सके और देश को सालोभर पर्यटन योग्य पर्यटक स्थल के रूप में संवर्धित किया जा सके।

समिति ने कहा कि वह चाहती है कि बौद्ध परिपथ के सभी रेल स्टेशनों जैसे बिहार में राजगीर, उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती और कुशीनगर का उन्नयन किया जाना चाहिए ताकि इन गंतव्यों पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। समिति ने कहा कि बौद्ध परिपथ विकास योजना की पांच परियोजनाओं में से चार के लिए जारी राशि का बहुत ही कम उपयोग हुआ। भारत जैसे देश में जहां संसाधनों की बाध्यताएं हैं, वहां कुल आवंटन का 53 प्रतिशत से अधिक कमतर उपयोग बड़ी चिंता का विषय है।

समिति ने प्राचीन बौद्ध स्थलों, उसके अवशेषों और पवित्रता तथा उन स्थलों की कलाकृतियों के संरक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को भी असंतोषजनक बताया। समिति ने मंत्रालय को बौद्ध परिपथ के व्यापक डिजिटल प्रसार करने और ऐप, ब्लॉग आदि बनाने का सुझाव दिया।

रिपोर्ट के अनुसार समिति ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विदेशी पर्यटकों के लिए विशेष आवश्यक सुविधाएं विकसित करने में मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों में गंभीरता नहीं परिलक्षित नहीं होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि समिति महसूस करती है कि पर्यटकों के लिए न्यूनतम सुविधाएं जैसे शौचालय, पेयजल, आराम स्थल जैसी सड़कों के किनारे सुविधाएं प्रदान करने की सख्त जरूरत है। समिति ने अनुभवी गाइड और सहायक उपलब्ध कराए जाने के लिए भी सतत प्रयास किए जाने चाहिए।

पटना में पटना नगर निगम के ड्राईवर ट्रांसपोर्ट आफिस में नई रजिस्टर्ड वाहन की चाभी दिखाते हुए

प्याज़ के बढ़ते दाम

सरकार तलाशे बेहतर समाधान

प्याज का उत्पादन 2003 में 5.5 मिलियन टन से बढ़ कर हाल में 19 मिलियन टन हो गया है, पर इसका संकट बना हुआ है। भारत प्याज का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, पर बेमौसम बरसात के कारण प्याज के दाम बहुत अधिक बढ़ गए हैं। ऐसे में प्याज कम प्रयोग करने या अलग भोजन संस्कृति की पैरोकारी के बजाय वैकल्पिक नीतियां जरूरी हैं। देश के कुछ हिस्सों में इसकी कीमत 165 रुपये किलो तक पहुंच गई है जो हालिया वर्षों में सबसे अधिक है। सरकार को आर्थिक सुस्ती के समय समस्या से निपटने में कठिनाई हो रही है। निर्यात में कटौती से चिन्तित सांसदों ने यह मामला उठाया है जिससे बांग्लादेश जैसे मित्र देशों से संबंध प्रभावित हो रहे हैं। इसके राजनीतिक प्रभाव भी हैं। 1980 चुनाव में प्याज मूल्य वृद्धि के कारण पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक गठबंधन सरकार तोड़ दी थी। 1998 में इसके कारण नई दिल्ली में भाजपा सरकार गिर गई थी क्योंकि यह आर्थिक बदहाली व खाद्य संकट का प्रतीक बन गया था। मोदी सरकार ने समस्या से निपटने के कुछ त्वरित कदम उठाए हैं जिनमें स्टाक सीमा घटाना, निर्यात पर प्रतिबंध तथा 1.2 लाख टन प्याज का आयात शामिल हैं। लेकिन वह किसानों के लिए स्वस्थ अर्थव्यवस्था बनाने का मुद्दा अनदेखा नहीं कर सकती है।

खुदरा व थोक व्यापारियों की स्टाक सीमा पर पूरे साल लगे नियंत्रण के कारण अधिक फसल पैदा होने पर किसानों को उसे बेचने में कठिनाई होती है। कमी होने पर व्यापारी उसकी जमाखोरी से लाभ उठाते हैं। दोनों स्थितियों में कीमतों की अनिश्चितता के कारण किसानों को नुकसान होता है। यदि सरकार पहले से विश्लेषण कर स्टाक सीमा में वृद्धि करे तथा निर्यात नियंत्रण

को श्रेणीबद्ध करे तो वह प्याज मूल्य में भारी उलटफेर रोक सकती है। सवाल यह भी है कि भारत प्याज उत्पादन का क्षेत्र क्यों नहीं बढ़ा सकता है? नीति आयोग के सदस्य तथा प्रख्यात अर्थशास्त्री रमेश चंद ने सुझाव दिया है कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में प्याज उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए तथा खरीफ में भी प्याज उत्पादन किया जाए। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि तकनीकी सहायता के बावजूद दुनिया में हमारा प्याज उत्पादन सबसे कम क्यों है। प्रति एकड़ यह उत्पादन अमेरिका से भी कम है जो सबसे बड़े 10 प्याज उत्पादक देशों में शामिल नहीं है। चीन हमारी तुलना में आधी जमीन पर प्याज उगाता है, पर उसकी पैदावार हम से दूनी है और वह दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। हमें बेहतर सिंचाई सुविधाओं के साथ मौसम परिवर्तन पर भी ध्यान देना होगा तथा प्याज के लंबे समय तक भंडारण के तरीके खोजने होंगे। हमें जल्दी खराब होने वाली यह फसल कटने के बाद इसकी बरबादी रोकनी होगी। उदाहरण के लिए, हमें मध्य प्रदेश जैसे प्याज उत्पादक राज्यों में आधुनिक कोल्ड स्टोर बनाने होंगे। फसल का लगभग 30-40 प्रतिशत हिस्सा भंडारण की कमी से नष्ट हो जाता है। यदि देश भर में प्याज को सुखा कर उसकी प्रसंस्करण इकाइयां लगा दी जाएं तो मांग-सप्लाई असंतुलन ठीक किया जा सकता है। सरकार को ऐसे कार्टेलों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो महाराष्ट्र व कर्नाटक में सक्रिय हैं तथा बाजार से अधिकतम मुनाफा कमाते हैं। सरकार को कृषि उत्पाद बाजार समितियां-एपीएमसी गठित करनी चाहिए। बैंगलुरू के इंस्टीट्यूट फार सोशल एंड इकोनोमिक चेंजेज-आईएसईसी द्वारा 2017 में कराए अध्ययन के अनुसार प्याज की बाजार संरचना में किसानों के बजाय व्यापारियों का हिस्सा अधिक है। सरकार को चाहिए कि समस्या पैदा होने पर समाधान के बजाय दीर्घकालीन नीति बनाए।

पुलिस व न्याय व्यवस्था में सुधार जरूरी

पुलिस तथा न्याय व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हेतु जनता का दबाव जरूरी है। जनता का दवाव पड़ने पर ही बलात्कार की जांच बिना किसी हस्तक्षेप के संभव होगी तथा अदालतें भी पीड़ितों को जल्दी न्याय दे सकेंगी।

दीपक सिन्हा
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

जनता में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर निसंदेह बहुत गुस्सा है। हाल ही में हैदराबाद में युवा पशुचिकित्सक से भयानक सामूहिक बलात्कार व उसकी हत्या के बाद उत्तर प्रदेश के उन्नाव में जमानत पर रिहा हुए बलात्कार आरोपितों ने पीड़िता को जला दिया जिसकी बाद में दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई।

हमने पहले भी ऐसी घटनायें देखी हैं। सात साल पहले दिल्ली का भयानक निर्भया कांड अभी लोगों को याद है। राष्ट्रीय राजधानी में एक पैरामेडिकल इंटर्न से बलात्कार, पिटाई व उत्पीड़न के बाद उसी गंभीर घायल अवस्था में चलती बस से नंगी सड़क के किनारे फेंक दिया गया। एक पखवाड़े बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद बलात्कार की असंख्य घटनायें हुई हैं।

जम्मू के कठुआ जिले में जनवरी, 2018 को एक आठ वर्षीय लड़की से बलात्कार हुआ। बच्ची को बेहोशी की हालत में एक मंदिर में कई दिनों तक बंधक बना कर रखा गया तथा बलात्कारी उसे बार-बार बलात्कार करते रहे और अंततः उसे मार डाला। बरेली, रामपुर, ग्रेटर नोयडा, कंभमाल, मुंबई, बीरभूम, चेन्नै व कोलकाता में बलात्कार के असंख्य मामले हुए हैं। यह सूची अनन्त है। सभी राज्यों में रोज, हर महीने व हर साल बलात्कार होते हैं, पर एक देश के रूप में हम अपना सिर शर्म से झुका लेते हैं अथवा घृणा, भय व पीड़ितों के प्रति संवेदना के साथ सिर झटक देते हैं अथवा ज्यादा से ज्यादा कैंडल मार्च निकालते हैं।

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि हर 15 मिनट पर एक बलात्कार होता है और इस प्रकार हर साल 35,040 बलात्कार होते हैं। निश्चित रूप से इनमें से प्रत्येक के कारण अलग-अलग होते हैं और वे सभी शर्मनाक हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश को भुला दिया जाता है। ईमानदारी से कहा जाए तो हमें आत्मालोचना के सारी सीमायें तोड़ने तथा बहुसंख्यक पुरुषों को बलात्कारी के रूप में देखने से पहले पूरे मुद्दे को व्यापक संदर्भ में देखना चाहिए। इस मुद्दे पर असंवेदनहीन व गलत हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ तुलनात्मक आंकड़े स्वघोषित स्वतंत्र एजेंसी वर्ड पापुलेशन रिव्यू तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ द्वारा 2011 में जारी 'वायलेंस अगेंस्ट वीमेन: इंटीमेट पार्टनर एंड सेक्सुअल वायलेंस अगेंस्ट वीमेन' शीर्षक रिपोर्ट से मिलते हैं। जहां डब्लूएचओ व वर्ड पापुलेशन रिव्यू ने पुलिस रिपोर्टों के आधार पर भारत में प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर 1.8 बलात्कार घटनायें स्वीकार की हैं। लेकिन भारत से गुजरने वाले अपने नागरिकों को इस बारे में यात्रा सलाह जारी करने वाले अमेरिका में प्रति 1,00,000 लाख जनसंख्या पर बलात्कारों की संख्या 27.3 प्रतिशत है।

इस दृष्टिकोण से दक्षिण अफ्रीका का स्थान सबसे ऊपर है जहां प्रति एक लाख जनसंख्या पर बलात्कार मामले 132.4 हैं। निसंदेह भारत में आंकड़े कुछ कम हो सकते हैं क्योंकि अनेक मामलों को रिपोर्ट नहीं होती है तथा पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने से हिचकती है। लेकिन यदि वास्तविक मामलों की संख्या रिपोर्ट हुए मामलों से दस गुनी हो तो भी भारत की स्थिति अमेरिका से बहुत अच्छी है। संयोग से इस तथ्य का उल्लेख होना चाहिए कि अधिकांश अन्य देश भी हमसे ज्यादा अलग नहीं हैं और वहां भी बलात्कार व छेड़छाड़ की सामाजिक कारणों से रिपोर्टिंग में कमी की समस्या है। इसके बावजूद तथ्य चाहे जो हों, इस मुद्दे पर सारी दुनिया में हमारी छवि बहुत खराब हो गई है। इसका कारण उन्नाव जैसे कांडों का मुख्यधारा व सोशल मीडिया में वाइरल होना है। हालांकि, आंकड़ों का अपना स्थान है, पर वास्तव में मामला इससे हमारे लिए बहुत बिगड़ता है कि हम एक सुसंगत व दीर्घकालीन नीतिगत ढांचा बनाने में अक्षम रहे हैं जो अपने आप में संपूर्ण हो तथा यदि ऐसी घटनाओं को समाप्त न कर सके तो उनको न्यूनतम अवश्य करे।

हमारी प्रतिक्रिया असंदिग्ध रूप से विखंडित व भावनात्मक होती है तथा जनता गुस्से व निराशा में सड़क पर उतर कर बदले की मांग करती है। हम एक क्षण के लिए भी इस तथ्य का सामना करने को तैयार नहीं होते हैं कि समाज के रूप में हमने महिलाओं के साथ न्याय नहीं किया है तथा हमें यह दोष स्वीकार करना चाहिए कि हम अपने बेटों को महिलाओं का सम्मान करना नहीं सिखाते हैं तथा उनको एक वस्तु की तरह पेश करते हैं। लेखक जान ग्रीन ने लिखा है, 'स्वयं को सही समझने वाले लोग दूसरों के खिलाफ इसलिए फैसला देते हैं ताकि अपनी कमियां छिपा सकें।' यदि व्यवस्था संबंधी मुद्दों पर ध्यान दिया जाए तो यह पूर्णतः स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे पुलिस बल पूरी तरह संवेदनहीन हैं, उसका नेतृत्व बहुत कमजोर है तथा हम पेशेवर व वैज्ञानिक जांच में अक्षम हैं जो त्वरित या विश्वसनीय हो। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हालिया हैदराबाद बलात्कार मामले में चार आरोपियों की 'मुठभेड़ हत्या' है जो 'पुलिसकर्मियों के हथियार छीनने के बाद भागने का प्रयास कर रहे थे।'

हालांकि, इससे पुलिसकर्मियों को जनता के कुछ लोगों तथा राजनीतिक अवस्थापना से बहु-प्रतीक्षित प्रशंसा मिली, पर वास्तव में यह ऐसे अपराधों की जांच करने तथा उनको रोकने में पुलिस की पूर्ण अक्षमता का प्रतीक है। तथ्य यह है कि आरोपियों की 'अपराध स्वीकारोक्ति' व कुछ तथाकथित 'सीसीटीवी कैमरा फुटेज' के अलावा पुलिस ने एक भी विश्वसनीय व मजबूत प्रमाण नहीं दिया है जो उनको अपराध से जोड़ता हो।

इस प्रकार संभावना है कि पुलिस ने अपने ऊपर पड़ने वाले असाधारण दबाव के कारण बहाने के रूप में चार आरोपियों को पकड़ा। यदि अंततः इस प्रकार के मामले अदालतों में पहुंचे तो हमारी न्यायपालिका में उनको न्याय के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है और कभी-कभी इसके भयानक परिणाम सामने आते हैं। यह उन्नाव कांड से पूर्णतः स्पष्ट है जहां आरोपी को सुनवाई के दौरान जमानत मिल गई थी। दयनीय रूप से सजा मिलने की दर लगभग 40 प्रतिशत होने के बावजूद यदि किसी को दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सजा का क्रियान्वयन जनता के मन में ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ता है। उदाहरण के लिए, सात साल बाद भी निर्भया से सामूहिक बलात्कार के दोषियों को अभी फांसी की सजा नहीं मिली है और वे समाज पर बोझ बने हुए हैं। यदि हमारी दंड न्याय व्यवस्था में कमजोरी के साथ ही राजनीति के तत्व जोड़ लिए जांए तो स्पष्ट होगा कि सरकार द्वारा कानून लागू करने वाली एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप भारत लिए अत्यधिक घातक हो गया है।

यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि प्रभावशाली लोगों पर ऐसे अपराधों के आरोप लगने पर व्यवस्था कैसे प्रतिक्रिया करती है। इसके काफी उदाहरण हमारे सामने हैं। चिन्मयानन्द, आसाराम बापू और डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम इंसान जैसे मामले याद दिलाने की जरूरत नहीं है। जनता के विरोध प्रदर्शनों से राजनेताओं को मजबूर होना पड़ता है। इससे पूरे मुद्दे का और व्यापक राजनीतीकरण होता है तथा आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो जाता है। इससे पैदा नाटकीयता से अंततः कुछ हासिल नहीं होता है। सौभाग्य से सत्तारूढ़ लोगों की स्मृति कम होती है और थोड़े समय में जनता का गुस्सा शांत हो जाने पर वे यथास्थिति पुनः बहाल करने में सफल हो जाते हैं।

दुर्भाग्य से औसत नागरिक यह समझने में अक्षम है कि विखंडित दंड न्याय व्यवस्था का विपरीत प्रभाव न केवल बलात्कार, बल्कि अन्य सभी मामलों पर भी पड़ता है। इससे कानून का शासन बनाए रखने की हमारी क्षमता पर गंभीर संदेह पैदा हो जाते हैं जिसके बिना कोई लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता है। स्पष्ट रूप से व्यवस्था को उन्हीं लोगों ने नुकसान पहुंचाया है जिनको इसके ठीक होने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा तथा जिन पर इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही यह विश्वास करना उचित नहीं होगा कि 150 साल पुरानी व्यवस्था प्रभावी रूप से आज भी न्याय दे सकती है। बिना इस व्यवस्था के आधुनिकीकरण के प्रयासों के ऐसी उम्मीद कोरा सपना होगी।

इस प्रकार यह नतीजा निकालना अपरिहार्य है कि जब तक जनता हमारी पुलिस व न्यायपालिका में आमूल परिवर्तन के लिए दबाव नहीं डालती तब तक कुछ नहीं बदलेगा। परिवर्तन जरूरी है ताकि बिना किसी हस्तक्षेप के न्यायोचित तांत्र से बीत रहा है और अगले 15 मिनट में फिर किसी महिला को बलात्कार का शिकार बनना पड़ेगा।

सख्ती से लागू करें पर्यावरण कानून

> हमारे देश में पर्यावरणीय अपराधों के लिए कई तरह से अर्थदंड की व्यवस्था है मगर न तो वे पर्याप्त कठोर हैं न ही सख्ती से लागू किए जाते हैं। संपूर्ण कवायद निरर्थक होती है।

कोटा श्रीराज
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

भारत में पर्यावरण संबंधी समस्याओं की कोई कमी नहीं है और वे हर मिनट के साथ बढ़ती हुई नजर आती हैं। शुक्र है, देश में पर्यावरण संरक्षण कानूनों व विनियमों तथा उन्हें लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। महत्वाकांक्षी केंद्र सरकारें पर्यावरण संरक्षण उपायों को तत्परता से अपनाती हैं और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण जैसी संस्थाएं केंद्र के प्रयासों की अनुपूरक बनकर काम करती हैं। न्यायाधिकरण ने वास्तविक खतरों को कम करने के प्रति उन्मुख फैसले देकर व कानून पारित कर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सराहनीय काम किया है। हालांकि, इन सबके बावजूद, देश निरंतर जारी पर्यावरण संकट से उबरने की स्थिति में दिखाई नहीं दे रहा है, चाहे वो वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण अथवा भूजल के दोषित होने का मामला हो।

अतः क्या है जो हमारे पर्यावरण परिदृश्य को बिगाड़ रहा है? इसे देखते हुए हम कागजों पर सारे उचित कदम उठाते हैं, केवल यही नतीजा निकलता है कि हमारा देश विधायन में बहुत आगे और उनके अनुपालन में बहुत पीछे है। चाहे वो प्लास्टिक पर प्रतिबंध हो, पराली जलाना हो, कचरे का निस्तारण हो, वाहनों की राशनिंग के प्रति प्रतिबद्धता हो या कचरा फैलाना, भारतीयों को सरकार की बात सुनने अथवा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कानूनों का पालन करने में बहुत समस्या होती है। नियमों की यह अंतरनिहित अवमानना हमें इस कदम समाई हुई है कि हम इस तथ्य से भी सावधान नहीं होते हैं कि स्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है और इसका असर न केवल हम पर बल्कि हमारे बच्चों व आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ेगा। आश्चर्य की बात नहीं कि भारत का नाम दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में शामिल है।

एयर विजुअल और ग्रीनपीस द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक प्रदूषित 10 शहरों में से 7 भारत के हैं। आखिरकार, पर्यावरण कानूनों तथा जनता द्वारा इनके पालन के बीच इतनी दूरी क्यों है? हम यह क्यों समझते हैं कि कानून तोड़ने से उसके पालन की तुलना में ज्यादा संतोष मिलता है जबकि इससे पर्यावरण को नुकसान होता है? उदाहरण के लिए, अभी बहुत समय नहीं गीता जब दिल्ली सरकार ने कचरा पृथक करने की पहल की थी और इस पर काफी सरकारी धन खर्च कर दो प्रकार के कचरा डिब्बे लगाए गए थे। इनमें से एक चक्रीकरण योग्य सामग्री व दूसरा कचरे के लिए था। इसी प्रकार, काफी धन विज्ञापनों के माध्यम से जनता में जागरूकता फैलाने पर खर्च किया गया था ताकि नागरिक इसका पालन करें। लेकिन, इन सारे प्रयासों के बावजूद दिल्ली के परिवारों ने कुछ नही किया, या सार्वजनिक क्षेत्रों में कचरे को पृथक नहीं किया गया। इस मामले में न कोई सफलता मिली न ही कोई प्रोत्साहक आंकड़े सामने आए। एनजीटी ने कचरा पृथक करने की पहल रोकने में हस्तक्षेप किया तथा इसके लिए एक वर्ष की समयसीमा तय कर दी, जिससे कि संस्थाएं कचरा पृथक करने की दिशा निर्देशों के पालन योग्य बन सकें। इससे सिविक अधिकारी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा कचरे का पृथक होना सुनिश्चित करने में विफल रहे। इस प्रकार, पहले प्रारम्भ करने तथा उनको पुनः प्रारम्भ करने से लोगों की दिलचस्पी समाप्त हो जाती है। अब किसी को इस मामले में दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि सभी लोग समझते हैं कि सरकार द्वारा की गई पहल केवल तात्कालिक होती है। लेकिन, नागरिकों को समझना चाहिए कि पहल की विफलता के क्या कारण रहे?

इस स्थिति का समाधान क्या है? इसका जवाब जुर्माने पर आधारित नियम लागू करने की व्यवस्था है। इसका प्रयोग हाल ही में परिवर्तित मोटर वाहन अधिनियम में नजर आता है। कानून में वर्तमान संशोधन के पहले नियम उल्लंघन के जुर्माने बहुत कम थे। उदाहरण के लिए, ड्राइविंग लाइसेंस के बगैर वाहन चलाने पर जुर्माना केवल 500 रुपए था। लेकिन, नए नियमों में इस पर 5,000 रुपए का अर्थदंड लग सकता है और भारतीय वाहन चालकों ने इस पर ध्यान दिया है।

इसके परिणामस्वरूप यातायात नियमों के उल्लंघन में भारी कमी आई है। अकेले दिल्ली में ही उल्लंघनों में 79 प्रतिशत की कमी आई है। क्या यह सरकार के लिए संकेत है? क्या आम आदमी इसी तरह बात समझकर कानून का पालन करेगा? वास्तव में, वित्तीय जुर्माने सर्वाधिक प्रभावी प्रतिरोधक के रूप में काम कर नियम पालन सुनिश्चित कर सकते हैं।

अर्थदंड आधारित नियम पालन पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया नहीं है। वर्तमान समय में हम विभिन्न पर्यावरण अपराधों के लिए अनेक जुर्माने अदा करते हैं, पर उनमें से कोई बहुत कठोर नहीं है, न ही उनको कठोरतापूर्वक लागू किया जाता है। इससे पूरा कार्यक्रम विफल हो जाता है।

जब नागरिकों द्वारा या बिजनेसमैन द्वारा पर्यावरण कानूनों का घोर उल्लंघन होता है तो उनमें नए मोटर वाहन अधिनियम की तरह परिवर्तन होना चाहिए ताकि फौरन कठोर दंड की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। यह व्यवस्था देखने में कठोर लग सकती है पर पर्यावरण के व्यापक हित में रास्ता ठीक करना आवश्यक है। यह, खासकर, हमारी भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आप की बात

अपराध की जड़ पर प्रहार करें

हैदराबाद में डॉक्टर बिटिया के साथ हुए जघन्य अपराध के बाद दुष्कर्मियों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने से देश भर की स्त्रियों ने राहत की सांस ली है, मगर कब तक? अच्छी बात है नौ दिन के भीतर दुष्कर्मियों की सफाई हो गई होनी भी चाहिए पर अब देश में उस विचारधारा की सफाई अभियान की भी आवश्यकता है जिसकी वजह से दिन प्रतिदिन हैदराबाद जैसी वारदात घटित हो रही हैं। इन घटनाओं के बढ़ते क्रम का आखिर कारण क्या है यह जानना और उस पर प्रहार करना अत्यंत आवश्यक है। आवश्यकता है एक अभियान की उन नारी सूचक अपशब्दों के विरोध में, जिन्हें पूरा का पूरा स्त्री समाज ना जाने कब से पचाता आया है। वह दुःखद बात है कि आधुनिकता की होड़ में और लड़कों से बराबरी सिद्ध करने की चाहत में स्त्रियों ने स्वयं को ही अर्थात स्त्री समुदाय को अपशब्द कहना शुरू कर दिया है। आज शासन में बैठे हुए लोग एवं आम लोगों को चिंतन करना होगा कि, वह राष्ट्र जिसे स्वयं एक मां के रूप में हम सभी देखते हैं वहां पर स्त्रियों के साथ ऐसी हैवानियत करने वाली सोच पैदा कैसे हुई? हमें विचार करना होगा कि आधुनिकता की दौड़ में आने वाली पीढ़ी को संस्कार के रूप में क्या परोसा जा रहा है?

– **अभिनव दीक्षित**, बांगरमऊ

प्रतिबंध समाधान नहीं

हैदराबाद की हैवानियत के बाद एक बार फिर इंटरनेट पर सर्व सुलभ मुफ्त पोनोग्राफी पर रोक लगाने की चर्चा पूरे देश में छिड़ गयी है। राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू से लेकर सूबे के मुख्यमंत्री तक पोनोग्राफी को प्रतिबंधित करने की वकालत कर चुके हैं। बहस का विषय इंटरनेट पर सहज उपलब्ध अश्लीलता और नग्नता यौगिस्तान को उत्तेजक और विकृत मानसिकता का शिकार बनाता है और वे उत्तेजना में दुष्कर्म जैसे कृत्य के लिए अतातुर होते हैं। सतही तौर पर इससे सहमत हुआ जा सकता है। कारण कि भारत में कुल इंटरनेट देखने में 70 फीसदी हिस्सा सिर्फ और सिर्फ पोर्नोग्राफी देखने में खर्च किया जाता है। भारत अमेरिका और ब्रिटेन के बाद पोर्नोग्राफी का तीसरा सबसे बड़े उपभोक्ता देश है। लेकिन सवाल मौजू है कि क्या आर्थिक उदारीकरण के दौर में प्रतिबंध संभव है? अगर थोड़ी देर के लिए मान भी लिया तो क्या यह दुष्कर्म की घटनाओं का समाधान बन निकलेगा? मेरी सोच कहती है कि किसी भी वेबसाइट को प्रतिबंधित करने समस्या का हल कतई नहीं हो सकती। क्योंकि यह इंसानी फितरत है कि जिस मानव व्यवहार पर रोक लगायी जाती है वह उतना ही तेजी से पनपता है।

– **डॉ हषवर्धन**, कदमकुआं, पटना

दुर्भाग्यपूर्ण घटना

दिल्ली के रानी झांसी रोड स्थित अनाज मंडी इलाके की मनहूस साबित हुई बिल्डिंग में 43 लोगों का अग्नि तांडव में काल कवलित हो जाना मानवता के लिए बहुत बड़ी क्षति है। यह दिल दहला देने वाली घटना है। देशवासियों की पीड़ित परिवारों के लिए कोटि-कोटि संवेदनाएं हैं। परमेश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्माओं को तो अपने श्री चरणों में स्थान दे, ही साथ ही पीड़ित परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। पीड़ित मजदूरों परिवार वालों को सरकार की तरफ से अधिकाधिक आर्थिक सहायता तो अवश्य मिलनी ही चाहिए। कानूनी कठोर दंड के वे लोग भी भागीदार हैं ,जिनकी लापरवाही, बेशर्मी की वजह से ऐसी दुर्घटना होती हैं। साथ ही शासन प्रशासन की उन नीतियों पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है जिनके चलते ऐसी कई फैक्ट्रियों में अवैध धंधे चल रहे हैं, जहां पर सुरक्षा के इंतज़ाम ना काफी होते हैं । ऐसी किसी दर्दनाक दुर्घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके पुख्ता इंतज़ाम उद्यमी, सरकार , प्रशासन को कर लेने चाहिए।

– **युगल किशोर**, खांबी

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

पीड़िता ने जिनके नाम लिए हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोई दोषी बख्शा नहीं जाएगा।

– **स्वामी प्रसाद मौर्य**
उत्तर प्रदेश के मंत्री



साम्प्रदिक बलात्कार पीड़िता को सुरक्षा क्यों नहीं दी गई, जबकि पहले उन्नाव में ऐसी ही घटना हुई है?

– **प्रियंका गांधी वाड़ा**
कांग्रेस महासचिव

मेरे विचार से न्याय त्वरित नहीं हो सकता है तथा बदले का रूप नहीं ले सकता है। ऐसा होने पर उसका चरित्र नष्ट हो जाएगा।

– **एस.ए. बोबडे**
भारत के प्रधान न्यायाधीश

चौदह शहरों में चलेंगी 700 इलेक्ट्रिक बसें

कैबिनेट के फैसले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ग्रास कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर पीपीपी के आधार पर प्रदेश के 14 शहरों में कुल 700 वातानुकूलित मिडी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा फेम इण्डिया स्कीम के अन्तर्गत प्रदेश के कुल 11 शहरों का चयन किया गया है जिसमें कुल 600 इलेक्ट्रिक बसें निर्धारित की गयी हैं। मथुरा वृन्दावन, गोरखपुर एवं शाहजहांपुर शहरों में कुल 100 इलेक्ट्रिक बसें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। लखनऊ, कानपुर, आगरा में 100-100 बसें, प्रयागराज, गाजियाबाद, वाराणसी, मेरठ, मथुरा-वन्दावन में 50-50 बसें मुरादाबाद, अलीगढ़, झांसी, बरेली, गोरखपुर एवं शाहजहांपुर शहरों में 25-25 बसें संचालित की जानी प्रस्तावित हैं। परियोजना की अनुमानित लागत 965 करोड़ रुपये है। परियोजना का क्रियान्वयन पीपीपी आधार पर किया जा रहा है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए सिंगल स्टेज टू स्टेप प्रक्रिया अपनाई गयी है। निविदा प्रक्रिया में कुल 6 फर्म द्वारा प्रतिभाग किया गया था जिसमें से 5 निविदाताओं द्वारा ऑनलाइन बिड्स प्रेषित की गई एक निविदादाता द्वारा भौतिक रूप से बिड उपलब्ध करायी गयी। अर्ह पाये गये बिड्स का तकनीकी मूल्यांकन किया गया एवं वित्तीय निविदायें ऑनलाइन खोली गयीं। चारों पैकेज में एल-1 निजी संचालक पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड का चयन पीपीपीबीईसी द्वारा किया गया है।

एक पेड़ काटने पर लगाने होंगे दस पेड़

लखनऊ। कैबिनेट की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय के तहत ऐसे पेड़ों की नई सूची बनाई गई है जिन्हें काटने के लिए अनुमति लेनी पड़ेगी। उसमें देसी तुकमी और कलमी आम, नीम, साल और महुआ समेत 29 किस्म के पेड़ शामिल हैं। अब आप 10 पेड़ लगाएंगे, तब एक पेड़ काटेंगे। अगर किसी कारणवश आपके पास पेड़ लगाने की जमीन नहीं है तो उसके लिए वन विभाग की जमीन पर पेड़ लगाने के लिए निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार मंत्रिपरिषद द्वारा जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को न्यून करने, अनियंत्रित पातन पर नियंत्रण, वृक्षावरण में वृद्धि वानिकी को बढ़ावा दिये जाने तथा कृषकों की आय में वृद्धि के लिए उप्र वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 के उपबन्धों में छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के पर्यावरण, जैवविविधता तथा मृदा एवं जल संरक्षण के दृष्टिगत आम, नीम, साल, महुआ, बीजा साल, पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़, अर्जुन, पलाश, बेल, चिरौंजी, खिरनी, कैथा, इमली, जामुन, असना, कुसुम, रीठा, भिलावा, तून, सलई, हल्दू, बाकली, करघई, धौ, खैर, शीशम एवं सागौन के वृक्षों को छूट प्रजाति की श्रेणी में न रखा जाए। इन वृक्षों के पातन हेतु उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 के प्राविधानों के अन्तर्गत ऑनलाइन सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त कर काटे जा सकेंगे। पातन अनुज्ञा प्राप्त करने वाले वृक्ष स्वामी द्वारा काटे गये प्रत्येक वृक्ष के स्थान पर कम से कम 10 वृक्षों का आरोपण एवं परिपोषण किया जाये तथा ऐसा करने का स्थान उपलब्ध न होने की स्थिति में वृक्ष स्वामी द्वारा वन विभाग में निर्धारित प्रतिपूर्ति रोपण धनराशि जमा की जानी होगी। इस धनराशि से वन विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति पौध रोपण करवाया जाएगा। इससे वृक्षावरण बढ़ाने एवं समन्वित्त प्रजाति के संरक्षण में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश वन निगम वृक्ष स्वामी को अपनी भूमि पर अवस्थित वृक्षों के प्रमाणीकरण की सुविधा प्रदान करेगा। एक अन्य निर्णय के तहत अल्कोहल बनाने की प्रक्रिया से निकलने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर पांच प्रतिशत वैट लगाने का फैसला किया गया है। जीएसटी काउंसिल में यह निर्णय नहीं हो पा रहा था कि एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर जीएसटी लगना चाहिए या नहीं। फैसला न हो पाने के कारण इसे राज्य सरकार पर छोड़ा गया था। उन्होंने बताया कि एक अन्य निर्णय में मंत्रिमण्डल ने शासकीय भवनों के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में नए नियमों को भी मंजूरी दे दी है। नई प्रक्रिया के तहत अब 50 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि के जितने भी भवन बनेंगे, उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) लोक निर्माण विभाग बनाएगा। डीपीआर बनाने वाले को निविदा प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं होगी। डीपीआर की खुली बिडिंग होगी। उसके आधार पर केन्द्र, राज्य सरकार और मानक के आधार पर कोई निजी संस्था भी ठेका ले सकती है। कैबिनेट ने 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम लागू हो जाने के कारण औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2003 के कतिपय प्रस्तरों में निहित प्राविधानों में संशोधन सम्बन्धी प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। इसके तहत पूर्व में इकाइयों द्वारा यूपी वैट एवं सीएसटी के सापेक्ष जमा करायी गयी धनराशि के रूप में अनुमन्य ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था को जीएसटी एक्ट के अन्तर्गत राज्य के अंश की सीमा तक जमा करायी गयी नेट एसजीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट की धनराशि घटाए जाने के पश्चात की धनराशि को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था से प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस निर्णय से रोजगार के नए साधनों का सृजन होगा। प्रदेश में परोक्ष व अपरोक्ष रूप से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

कई ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव मंजूर

लखनऊ। कैबिनेट ने कुशीनगर की नगर पालिका परिषद पडरौना की सीमा विस्तार करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार 31 ग्रामों को नगर पालिका परिषदुए पडरौना की सीमा में सम्मिलित किया जाएगा। शाहजहाँपुर की ग्राम पंचायत बण्डा को नगर पंचायत बनाने का निर्णय लिया है। बहराइच के ग्राम पयागपुर को नगर पंचायत पयागपुर बनाने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद ने सिद्धार्थनगर के ग्राम बढ़नी चाफा को नगर पंचायत बढ़नी चाफा बनाने का निर्णय लिया है। बदायूं की ग्राम पंचायत दहगवां को नगर पंचायत बनाने का निर्णय लिया है। कानपुर देहात के कस्बा मूसानगर को नगर पंचायत मूसानगर बनाने का निर्णय कैबिनेट बैठक ने लिया है। मंत्रिपरिषद ने जालौन की ग्राम पंचायत एट को नगर पंचायत एट बनाने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद ने सिद्धार्थनगर के भारत भारी को नगर पंचायत भारत भारी बनाने का निर्णय लिया है। जिला गोरखपुर के ग्राम चौमुखा कैम्पियरगंज को नगर पंचायत बनाये जाने का निर्णय लिया है। वाराणसी के ग्राम लोहता को नगर पंचायत बनाये जाने, कुशीनगर के ग्राम फाजिलनगर को नगर पंचायत बनाये जाने, कुशीनगर के ग्राम दुदही को नगर पंचायत बनाये जाने, कौशाम्बी के दारानगर कड़ाधाम को नगर पंचायत बनाये जाने, बस्ती के ग्राम गायघाट को नगर पंचायत बनाये जाने, सिद्धार्थनगर के कस्बा इटवा को नगर पंचायत इटवा बनाये जाने, फर्रुखाबाद के ग्राम नवाबगंज को नगर पंचायत बनाये जाने, फिरोजाबाद के ग्राम मक्खनपुर को नगर पंचायत मक्खनपुर बनाये जाने, आजमगढ़ की नगर पंचायत अजमतगढ़ का सीमा विस्तार किये जाने, बस्ती की नगर पंचायत बभनान बाजार का सीमा विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कैबिनेट ने उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ के उपयोगार्थ ट्रांजिट गेस्ट हाउस में प्रस्तावित उच्च विशिष्टियों के प्रयोग को अनुमोदन प्रदान किया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को बलिया से जोड़ने के लिए बनेगा लिंक वे

जेवर एयरपोर्ट के विकासकर्ता के चयन को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में जेवर एयरपोर्ट के विकासकर्ता के चयन को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इस एयरपोर्ट का निर्माण स्विस कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने सर्वाधिक बोली लगाकर यह परियोजना ग्लोबल टेंडर में हासिल की है। इसके अलावा राज्य सरकार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को बलिया से जोड़ने के लिए लिंक वे बनाया जाएगा। मंत्रिमण्डल ने इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के निर्णय को सोमवार को मंजूरी दे दी।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 29 नवंबर को जेवर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए विकासकर्ता का चयन ग्लोबल टेंडर के जरिए किया था। इस टेंडर में भारत के अलावा विदेशी कंपनियों ने भी हिस्सा लिया था। इसमें स्विस कंपनी की दरों के आधार पर यह परियोजना उक्त कंपनी को दी गई थी जिसे मंत्रिमंडल ने सहमति प्रदान कर दी है। अब इस एयरपोर्ट के शिलान्यास का रास्ता साफ हो गया है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को बलिया से जोड़ने के लिए लिंक वे बनाया जाएगा। इसके वास्ते डीपीआर बनाने के लिए मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दे दी। यह डीपीआर छह माह में तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 40 किलोमीटर का यह लिंक वे चार लेन का होगा। यूपीडा के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी ने इस बारे में विस्तृत जानकारी दी कि बलिया लिंक वे पर प्रति किलोमीटर 40 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस पूरे मार्ग की अनुमानित लागत 1500 से 1600 करोड़ रुपए के बीच होगी। उन्होंने बताया कि इस लिंक वे के बन जाने से यमुना एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और आगरा एक्सप्रेस का सम्पर्क बिहार की सीमा से जुड़ जाएगा। अवनीश अवस्थी ने बताया कि बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे के विकास के लिए परियोजना विकास एवं डीपीआर परामर्शी के चयन सम्बन्धी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके दृष्टिगत परियोजना का सरेखण निर्धारित करने के लिए आवश्यक सर्वे, अध्ययन कराए जाने, परियोजना की डीपीआर तैयार कराने, परियोजना विकास एवं क्रियान्वयन के लिए आवश्यक अभिलेख तैयार कराने आदि कार्यों के लिए परियोजना विकास एवं डीपीआर परामर्शी का चयन किया जाएगा। अवस्थी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे परियोजना को बलिया से जोड़ने के लिए बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण से पूर्वांचल क्षेत्र के समस्त जनपदों के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे एवं यमुना एक्सप्रेस-वे के माध्यम से देश की राजधानी तक त्वरित गति की सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। इस लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण के उपरान्त प्रदेश के सम्पूर्ण पूर्वांचल क्षेत्र में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। 4-लेन प्रवेश नियंत्रित लिंक एक्सप्रेस-वे होने के कारण इस एक्सप्रेस-वे से ईंधन की महत्वपूर्ण बचत एवं प्रदूषण नियंत्रण भी सम्भव हो सकेगा। प्रस्तावित बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों की स्थापना सम्भव हो सकेगी। इससे जनसामान्य का प्रत्यक्ष रूप से हित होगा और रोजगार सृजन हो सकेगा।

शीतकालीन सत्र के लिए विधान परिषद का कार्यक्रम जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी विधानमंडल के 17 दिसंबर से प्रस्तावित शीत कालीन सत्र के लिए विधान परिषद ने अपना कार्यक्रम जारी कर दिया है। परिषद में पहले दिन वित्तीय वर्ष 2019-2020 का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। 19 दिसंबर को अनुपूरक बजट पारित कर दिया जाएगा। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ.राजेश सिंह के अनुसार 17 दिसंबर को उच्च सदन में औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अभिशुचनाओं, नियमों आदि को सदन के पटल पर रखा जाएगा। दोपहर 12.30 बजे वित्तीय वर्ष 2019-2020 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतीकरण और अन्य विधायी कार्य होंगे। अगले दिन 18 दिसंबर को विधायी कार्य व अन्य कार्य होंगे। 19 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2019-2020 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों पर सामान्य चर्चा तथा तत्संबंधी विनियोग विधेयक जैसा विधानसभा द्वारा पारित होगा पर विचार एवं उसका पारण होगा। आधा दिन असरकारी दिवस घोषित किया गया है। 20 दिसंबर को अंतिम दिन विधायी कार्य व अन्य कार्य होने के बाद सत्र अनिश्चिताकाल के लिए स्थगित कर दिया जाएगा।

कम्बलों की समय से खरीद न होने पर अफसरों में खलबली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम के रैनबसेरों के निरीक्षण के बाद सक्रिय हुई सरकारी मशीनरी

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा झांसी में रविवार को अचानक रैन बसेरों के निरीक्षण से अफसरों में खलबली मच गई है। अफसरों में बेचैनी सीएम योगी के अन्य जिलों में निरीक्षण की आशंका के चलते है। डर है कि कहीं तमाम जिलों में कम्बलों की खरीद न होने की हकीकत सीएम के सामने न आ जाये। आपदा राहत विभाग में आज पूरे दिन उन जिलों पर माथापच्ची चलती रही, जिन्होंने अभी तक कम्बल नहीं खरीदे हैं। देर शाम राहत आयुक्त की तरफ से सभी जिलों को एक आदेश जारी करके कम्बलों की तत्काल खरीद किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

दरअसल कड़ाके की ठंड बढ़ने पर निराश्रित गरीबों को कम्बल वितरण के लिये सरकार बहुत पहले धनराशि जारी कर चुकी है। कम्बलों का वितरण तीस नवम्बर से सभी जिलों में होना था। पिछले सालों की तुलना में नवम्बर माह के अंत में कम्बलों का वितरण शुरू कराने के पीछे सीएम की मंशा थी कि इससे ठंड बढ़ने पर गरीब परिवार कम्बलों का उपयोग कर सकेंगे। परन्तु अधिकांश जिलों में कम्बलों की नयी खरीद न होने से अभी वितरण का काम नहीं शुरू हो सका है। अलबत्ता कुछ जिलों में कम्बलों का वितरण जरूर शुरू हुआ है।

जिलों को कम्बल वितरण की धनराशि जारी किये जाने के बाद आपदा राहत विभाग ने भी खमोशी खींच ली थी और मानकर चल रहे थे कि आगे का काम जिलों का है। इधर रविवार को झांसी दौरे के दौरान सीएम योगी अचानक रैनबसेरों का निरीक्षण करने जा पहुंचे थे। हालांकि रैन बसेरों में सीएम को सब कुछ ठीक-ठाक मिला था, लेकिन उनके इस दौरे में आपदा राहत विभाग को जरूर सक्रिय कर दिया है। अधिकरियों को आशंका है कि कम्बलों का वितरण अभी तक शुरू न होने की बात पता चलने पर सीएम के गुस्से का शिकार होना पड़ सकता है। आपदा राहत आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने कम्बल वितरण को लेकर सभी जिलों को आदेश जारी किये हैं। जिसमें कहा गया है कि कम्बलों को तत्काल खरीद कर इनका वितरण कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कम्बलों की खरीद के लिये निर्धारित की गई व्यवस्था से भी जिलाधिकारियों को अवगत कराया है। विदित हो कि पांच लाख रुपये प्रति तहसील के हिसाब से कम्बल खरीदने के लिये सरकार ने आपदा मोचक निधि से धनराशि जारी की है।

वेतन व पेंशन को लेकर जल निगम में फिर आंदोलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बकाया वेतन और पेंशन को लेकर जल निगम कर्मचारी कल से फिर आंदोलन पर जा रहे हैं। आंदोलन के पहले चरण में निगम मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन होगा और फिर अगले चरण में काम बंद कर हड़ताल पर जाने की योजना है। यह जानकारी कर्मचारी महासंघ के अजयपाल सिंह सोमवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीने से जल निगम कर्मचारियों को वेतन तथा पेंशन नहीं मिली है। जिससे अनेक परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अनेक बार अधिकारियों से मांग किये जाने के बाद भी बकाया भुगतान न किये जाने से मजबूरन आंदोलन पर उतरना पड़ रहा है।

रात में महिलाओं की सुरक्षा के लिए होगा पीआरवी का संचालन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अकेले सफर कर रही महिला के 112 पर काल कर मदद मांगने पर घर तक पहुंचाएगी पुलिस

उन्नाव कांड से सबक लेते हुए यूपी पुलिस ने महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। जिसके तहत अब देर रात से लेकर सुबह के मध्य अकेले सफर कर रही कोई भी महिला आपातकाल सेवा डायल-112 पर फोन करके पुलिस की मदद हासिल कर सकती है। ऐसी किसी महिला या युवती को पुलिस अपने पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीवीआर) से महिला पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के साथ उसके घर तक पहुंचाएगी। इस संबंध में डीजीपी ओपी सिंह की ओर से सोमवार को आक्यफक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

डीजीपी की ओर से जारी निर्देशों में रात्रि में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पीवीआर के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने महिला पीवीआर के संचालन के लिए भी निर्देशित किया है। रात दस बजे से प्रातः छह बजे तक सुरक्षा एक्सकोर्ट की व्यवस्था रहेगी। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि इस दौरान यदि कोई महिला जो सड़क पर अकेली है और 112 पर काल कर सुरक्षा मांगे तो पीआरवी उसे यथासंभव एक्सकोर्ट कर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाएगी। अपरिहार्य स्थिति में महिला पीआरवी को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि पीआरवी केवल 112 पर आए काल पर प्राप्त निर्देश पर ही महिला को एक्सकोर्ट करेगी। डीजीपी ने कहा है कि सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में महिला आरक्षी नियुक्त हैं, अतः निर्देशित किया जाता है कि 10 प्रतिशत पीआरवी में चालक (पुरुष) एवं एक पुरूष पुलिस कर्मी के अतिरिक्त दो महिला पुलिसकर्मी व्यवस्थापित रहें। इस प्रकार इन पीआरवी पर कुल चार पुलिसकर्मी ड्यूटी करेंगे, यदि महिला पुलिस कर्मियों के पीआरवी प्रशिक्षण की आवश्यकता हो तो जनपदीय प्रशिक्षण इकाई में करा लें। इस प्रकार महिला पीआरवी आवश्यकता होने पर बैकअप के रूप में अन्य पीआरवी को मदद करेंगी। महिला पीआरवी सामान्य गश्त एवं आपात प्रतिक्रिया के कार्य भी करेंगी।

डीजीपी ओपी सिंह ने कहा है कि महिलाओं को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था देने के उद्देश्य से यह स्कीम शुरू की जा रही है। 112 पर काल करके महिलाएं पुलिस को बुला सकती हैं। पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि पूरी जिम्मेदारी के साथ महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्य करें।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के 26 डीआईओएस को मिली प्रोन्नति

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश शैक्षिक सामान्य शिक्षा संवर्ग सेवा समूह ख के 26 अधिकारियों को समूह क के पद पर प्रोन्नति दे दी है। यह पदोन्नति जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समकक्ष पद पर समूह क के वेतनमान वेतन बैण्ड-3 15,600 से 39100 एवं ग्रेड वेतन 6600 रुपए में की गई है। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला के स्तर से जारी आदेश में जिन अधिकारियों को प्रोन्नति मिली है, उनमें देवेन्द्र कुमार, प्रताप नारायण सिंह, प्रणव सिंह, राजेश कुमार वर्मा, कृपाशंकर वर्मा, योगराज सिंह, क्षमता, केशरी नारायण कपूर, विकायल, लता कुमार, गिरवर सिंह, डॉ अमरकान्त सिंह तथा राजेन्द्र सिंह शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पदोन्नति अधिकारियों में स्कन्द शुक्ल, प्रतिभा मिश्रा, मनोज कुमार वर्मा, सर्वदानन्द, प्रतिमा सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, बाल मुकुन्द प्रसाद, आनन्द कुमार पाण्डेय, प्रवीण मणि त्रिपाठी, श्याम किशोर तिवारी, रिचा जोशी, तनुजा मिश्रा तथा सुधीर कुमार शामिल हैं।

महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे मामलों के खिलाफ राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

● जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विरोध जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उन्नाव सहित पूरे प्रदेश में हो रही हत्या और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं के विरोध मे सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रदर्शन के उपरान्त पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष लखनऊ बेला प्रताप राजवंशी के नेतृत्व में जिला कार्यकर्ताओं द्वारा 5 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि गया कि उप्र में लगातार हो रही हत्या और बलात्कार की जघन्य घटनाओं ने जनमानस में भय का वातावरण व्याप्त कर रखा है। राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्नाव जनपद की हृदयविदारक घटना ज्वलंत उदाहरण है। ज्ञापन में मांग की कि फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर बलात्कार सम्बन्धी सभी मुकदमों की सुनवायी की जाय, बलात्कारियों को फांसी की सजा की अनुशंसा की जाय, बलात्कार पीड़िताओं को 2 करोड़ रूपया तथा समाज में सम्मानजनक स्थिति प्रदान करने का हर सम्भव प्रयास किया जाय, बलात्कार पीड़िता की हत्या अथवा मृत्यु होने की दशा में पीड़िता को मिलने वाला मुआवजा उसके परिजनों को दिया जाय तथा समाज में जघन्य अपराधों की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त की जाय।

वेबकास्टिंग के जरिए होगी बोर्ड परीक्षाओं की मानीटरिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● जिला स्तर पर खुलेगा मानीटरिंग सेल

उप्र माध्यमिक शिक्षा बोड प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कमर कस ली है। परिषद की सचिव नीना श्रीवास्तव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों निर्देश जारी कर परीक्षा केन्द्रों की मानीटरिंग वेबकास्टिंग के जरिए मानीटरिंग कराये जाने का निर्देश दिया है। मानीटरिंग के लिए जिलाधिकारी की देख-रेख में एक मानीटरिंग सेल का गठन किया जायेगा। जिसमें मौजूद कम्प्यूटरों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति करने को कहा है। जिससे परीक्षाओं पर निगरानी रखी जा सके। नीना श्रीवास्तव की तरफ से प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को जारी आदेश में भौतिक संसाधनों से युक्त जैसे-सीसीटीवी कैमरा, राउटर, ब्राडबैंड कनेक्शन लगवाने का निर्देश दिया गया है। जिससे परीक्षा केन्द्रों का पर्यवेक्षण वेबकास्टिंग के जरिए किया जा सके। परीक्षा केन्द्रों पर लगे डीवीआर का आईपी एड्रेस, उनकी यूजर आईडी व पासवर्ड सीलबंद लिफाफे में केन्द्र व्यवस्थापकों को डीआईओएस को भेजना होगा। जनपद स्तर पर स्थापित होने वाले कंट्रोल रूम में प्रत्येक कम्प्यूटर पर अधिकतर 15 से 16 परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए राजकीय विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी से किसी भी प्रकार की अव्यवस्था मिलने पर इसकी जानकारी सचल दस्ते को दी जायेगी।

कांग्रेस सेवा दल ने किया महंगाई के विरोध में प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के मौके पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने महंगाई के विरोध में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। जीपीओ स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए सेवादल कार्यकर्ताओं ने ढोलक, झंझड़ी और हारमोनियम की साज पर 'महंगाई डायन खाए जा है' जैसे गीत गाकर संगीतमय ढंग से विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ता हाथ में प्याज, दाल के पैकेट और रसाई गैस सिलेंडर के पम्पलेट भी लिए हुए थे, जिन चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मध्यान्ह 12 बजे कार्यकर्ता जीपीओ पर एकत्र हुए। सिनेमाई गीत के परिवर्तित रूप 'सखि सइयां तो खूब ही कमात हैं, मंहगाई डायन खाये जात है। जब-जब भाजपा सरकार-प्याज 200 के पार। जब-जब भाजपा सरकार-महिलाओं पर अत्याचार। जब-जब भाजपा सरकार-व्याप्त फैला भ्रष्टाचार जैसे नारों को गाने में परिवर्तित कर सेवादल के स्वयंसेवकगणों का प्रदर्शन लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा। संगीत की धुन पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि जब-जब भाजपा सरकार आती है मंहगाई, भ्रष्टाचार,महिलाओं पर अत्याचार, रुपए का अवमूल्यन शुरू हो जाता है। विरोध प्रदर्शन में किसी भी तरह का मुर्दाबाद या जिन्दाबाद आदि के नारे नहीं लगाए गए। प्रदेश कांग्रेस सेवादल मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली ने बताया कि सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि सेवादल ने आज मंहगाई के विरोध में सांकेतिक धरना देकर देश एवं प्रदेश सरकार को मंहगाई को नियंत्रित करने एवं जमाखोरो पर लगाम लगाने के लिए चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार ने मंहगाई से त्रस्त जनता को मंहगाई से निजात न दिलायी तो कांग्रेस सेवादल सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मोहन चन्द उप्रेती, करूणेश राठौर, प्रेमशंकर तिवारी, सुशील तिवारी,डॉ. रविन्द्र मिश्रा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

सख्त कानून रोकेगा अपराध: योगी आदित्यनाथ

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

यह जेल प्रदेश की 72वीं जेल है, कारागार सुधार गृह है, इन्हे अपराध का गढ नहीं बनने दिया जायेगा। जेल अपराधी अपराध संचालित न कर सकें इसके लिए जेलों को आधुनिक बनाया जा रहा है। शासन की व्यवस्था कानून के राज से स्थापित होती है अपराध बढने पर कानून शख्त होना चाहिए यह तभी सम्भव है जब बेहतर पुलिसिंग के साथ अपराधी जेल में हो। अपराधियों का नेटवर्क तोडने के लिए जेलों में मोबाइल प्रतिबंधित कर दिया गया है। पेशेवर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने व उन्हें सजा दिलाये जाने के लिए जेल आवश्यक है। उक्त बातें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जिला कारागार अम्बेडकर नगर के लोकार्पण के दौरान कही। 51.7 एकड की भूमि पर 105 करोड की लागत से बनी जेल का दीप प्रज्जवलन कर जेल का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि महिला सम्बन्धित अपराध पर सख्त व प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में 214 फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन को मंजूरी दी गयी है। इससे महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के मामले में त्वरित निस्तारण कर दोषियों को सजा दी जायेगी। प्रदेश में हमने यह कोशिश की है कि जघन्य अपराध करने वालो को जल्द से जल्द सख्त सजा कराई जाए। जेलों में जघन्य अपराधियों के लिए एक अलग कारागार हो, और सामान्य मामलों के कैदियों के लिए एक सुधार गृह बनाया जाए, जहाँ पर उन्हें रोजगार से जोडा जायेगा।

105 करोड की लागत से 51.7 एकड में बनी जिला कारागार कानून व्यवस्था की बेहतरी में योगदान दे सकेगी। अब जिले के कैदियों को पेशी के लिए आने जाने में जंहा सुरक्षा के खतरे एंव समय से पैरवी कर सजा दिलाने में मददगार साबित होगी। जिले से होकर जाने वाली पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बैक बोन बनने जा रही है जो दिल्ली जाने की दूरी के साथ ही लोगों का समय भी बचायेगी। सरकार वन डिस्ट्रीक वन प्रोडक्ट की योजना पर कार्य कर रही है।

शिक्षा, विकास व सुरक्षा मेरी प्राथमिकता: सीएम

● सीएम ने किया महाविद्यालय व 12 अन्य परियोजनाओं का किया शिलान्यास

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

उत्तर प्रदेश के तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के इटवा तहसील अंतर्गत बिस्कोहर कस्बे को शिक्षा एवं विकास की सौगात दे गए। बताते चलें कि कार्फी समय से उपेक्षित बिस्कोहर कस्बे को बेसिक शिक्षा मंत्री/विधायक इटवा डॉ सतीश द्विवेदी की पहल पर नगर पंचायत का दर्जा दिया गया। इसी क्रम में तहसील मुख्यालय इटवा को भी नगर पंचायत का दर्जा दिया गया। बिस्कोहर कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से लगभग दर्जनों गांव बिस्कोहर के विकास की कड़ी में जुड़ जाएंगे। बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री छेदी लाल इंटर कॉलेज की प्रांगण में 2 बजकर 50 मिनट पर पहुंचकर जन मानस को संबोधित किए और 3 बजकर 20 मिनट पर रवाना हो गए। आधे घंटे के समय में मुख्यमंत्री राजकीय डिग्री कॉलेज बिस्कोहर का शिलान्यास किए। उनके साथ दर्जनों कद्दावर नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ थी। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा इकलौती सरकार है जो कि सबका साथ सबका विकास करने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने कुछ पात्रों को प्रधानमंत्री आवास का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। कहा, शिक्षा विकास और सुरक्षा मेरा उद्देश्य है और बिस्कोहर ऐतिहासिक कस्बा है, यह कस्बा तमाम ऐतिहासिक धरोहर को सजाए हुए है। ऐसे में इसके विकास की अति आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से बिस्कोहर कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा मेरे सरकार के द्वारा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमन शांति फैलाना व अपराध पर अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता है।

सरयू में डूबे तीन लोगों का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

संवाददाता। अयोध्या

● महाराजगंज थाना क्षेत्र के मड़ना गांव निवासी आठ लोगों से भरी नाव के पलटने से तीन लोग हुए थे गायब, पांच लोगों ने तैरकर बचाई थी जान

महाराजगंज थाना क्षेत्र के मड़ना गांव के रहने वाले आठ लोगों का सरयू उस पार चारा बीनना व खेती की रखवाली करना रविवार को लौटते समय महंगा पड़ गया जब उनकी नाव सरयू की बीच धारा में पलट गयी। जिससे नाव में सवार सभी आठ लोग जिनमें दो युवतियां व 6 पुरूष शामिल थे। नदी में तैरकर 5 लोगों ने अपनी जान बचा ली, लेकिन 2 युवतियों व एक पुरूष का अभी तक कोई पता नही चल पाया है। घटना के बाद से ही पुलिस व गोताखोरो ने डूबे हुये लोगों को तलाशने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन 48 घंटे बाद भी उनका कोई सुराग नही लग पाया है। इस संदर्भ में सीओ सदर अर्पित अग्रवाल ने बताया कि डूबे हुये लोगों को तलाशने का काम पुरजोर तरीके से चलाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय गोताखोरो व पीएसी बाढ़ टीम द्वारा सहयोग लिया जा रहा है। नदी का बहाव काफी तेज है जिससे संभावना है कि डूबे लोग नदी के बहाव में दूर तक चले गये हो मंगलवार को खोजने का दायरा बढ़ाकर तलाशने का काम किया जायेगा, जहां एक तरफ पुलिस डूबे लोगों की तलाश कर रही है वहीं इनका परिवार गम में डूबा हुआ है। स्थानीय लोग भी काफी गमगीन है जबकि नाव में सवार बचे लोग भगवान को शुक्रिया कर रहे है।

ट्रस्ट ही करेगा अयोध्या में श्रीराम मंदिर को बनवाने का काम: वासुदेवानन्द

प्रयागराज। भगवान आदि शंकराचार्य मंदिर श्री ब्रह्म निवास अलोपीबाग में आयोजित नौ दिवसीय आराधना महोत्सव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बोलते हुए स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती महाराज ने सोमवार को आठवें दिन कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या को भगवान राम का जन्म स्थान घोषित करते हुए केन्द्र सरकार को ट्रस्ट बनाने का आदेश दिया है। ट्रस्ट ही भगवान राम मंदिर बनवाने का कार्य करेगा। निर्माण कार्य प्रारम्भ होने पर प्रभु राम के मंदिर निर्माण में कार्य सेवा करने वह अवश्य जायेंगे। न्यायालय का निर्णय भगवान राम के पक्ष में हुआ है। यह न तो हिन्दुओं के पक्ष में है न मुसलमानों के विरूद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक दिनों में श्रीमज्जोतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी शान्तानंद सरस्वती, गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी महंत अवैद्यनाथ, ब्रह्मलीन प्रभुदत्त ब्रह्मचारी, बामदेव महाराज, श्रीपरमहंस रामचन्द्र दास, महंत नृत्य गोपालदास महाराज आदि प्रमुख सन्तों के मार्ग दर्शन में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति अभियान चलाया गया। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में व्यास महंत पंडित रामानंद दास ने भक्तों को संगीतमीय कथा का रसास्वादन कराया। पूर्वाह्न 10 बजे से त्रिवेणी बांध पर श्रीराम जानकी मंदिर के वार्षिक पाटोत्सव कार्यक्रम में भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मी व प्रभु हनुमान का माल्यार्पण कर आरती पूजन व प्रसाद वितरित किया गया। आराधना महोत्सव में मध्यान्ह में प्रसाद वितरण के बाद श्रीम्दभागवत कथा होगी। इसके बाद पूर्व कुलपति बीएचयू पंडित गिरीश चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में पं0 भगवत प्रसाद मिश्र, पं0 हरिशंकर त्रिपाठी एवं आचार्य बद्री प्रसाद मिश्र, न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार त्रिपाठी, डा. नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, डीआईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी भानुचन्द गोस्वामी, डा. रामकुमार शर्मा को सम्मानित किया जायेगा।

खेत में मिले बाघ के पगचिन्ह, किसान भयभीत

लखीमपुर-खीरी। आंवला क्षेत्र के जंगल से सटे गांव डोकरपुर में बीती रात फसलों की रखवाली कर रहे डोकरपुर निवासी गंगाराम गौतम के गेहूं के खेत में बाघ के पगचिन्ह दिखायी। जिससे किसानो में दहशत व्याप्त हो गयी। किसानों ने बताया कि बाघ गन्ने के खेतों से होकर निकला। बाघ निकलते देख खेतों की रखवाली कर रहें किसान कालीचरण वर्मा, ओमप्रकाश, जगदीश, श्रीपाल, राकेश व कमलेश आदि ने देख कर भयभीत होकर भागे और गांव जाकर ग्रामीणों को जानकारी दी। सुबह ग्रामीण को खेतों में बाघ के पगचिन्ह दिखाई दिये। किसान बताते चले हैं कि बाघ के पगचिन्ह खेतों से होकर आंवला जंगल, नहर माइनर तक मिले। ग्रामीणों के अनुसार बाघ जंगल माइनर में उगी झाड़ियों होने से अक्सर दहाड़े सुनाई देती है।

हाईकोर्ट का अहम फैसला

हाईकोर्ट या सत्र न्यायालय में दाखिल की जा सकती है अग्रिम जमानत अर्जी

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● हाईकोर्ट में अर्जी देने के लिए सत्र न्यायालय में अर्जी खारिज होना जरूरी नहीं

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में अग्रिम जमानत के मामले में अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि जिला न्यायालय अथवा हाईकोर्ट दोनों में से किसी में भी दाखिल की जा सकती है अग्रिम जमानत अर्जी। हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल करने के लिए जरूरी नहीं है कि पहले सत्र न्यायालय में अर्जी खारिज की गई हो। कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट और सत्र न्यायालय दोनों को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 में बराबर अधिकार हैं। आरोपी वादकारियों को दोनों में से किसी भी न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए सीधे अर्जी दाखिल करने का अधिकार है। यह फैसला न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने विनोद कुमार की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता डी एस मिश्र, इमरान उल्ला खान राज्य सरकार की तरफ से एजीए आई पी श्रीवास्तव व विकास सहाय ने पक्ष रखा। कोर्ट ने कहा है कि प्रदेश अग्रिम जमानत के प्रावधान संविधान द्वारा दी गई वैयक्तिक स्वतंत्रता एवं अनावश्यक उत्पीड़न की गारंटी के तहत लागू किया गया है। यह निराधार आरोपों पर उत्पीड़न से बचने के लिए है। याची के खिलाफ 11 जुलाई 19 एफआईआर दर्ज करायी गयी। और 16 अक्तूबर को सत्र न्यायालय ने अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने अग्रिम जमानत पर छोडे जाने का ठोस आधार न पाये जाने पर अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा है कि अग्रिम जमानत संबंधित न्यायालय द्वारा आरोपी को समन जारी किए जाने तक प्रभावी रहेगी। धारा 173 उपखंड दो दंड प्रक्रिया संगीता के तहत दाखिल रिपोर्ट पर कोर्ट संज्ञान लेते हुए आरोपी को सम्मन जारी करती है। कोर्ट ने कहा है आरोपी चाहे तो नियमित जमानत ले सकता है। सत्र न्यायालय में अर्जी खारिज होने पर ही हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की जा सकती है। यह सही नहीं है। कुछ मामलों में कोर्ट ने कहा था कि पहले अधीनस्थ न्यायालय में जायें। वहां अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल करें। इस फैसले से आपराधिक मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी सीधे हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर सकता है। पहले सत्र न्यायालय में अर्जी दाखिल करना जरूरी नहीं है।

पीसीएस परीक्षा में त्रिस्तरीय आरक्षण को लागू करने वैधता को चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● राज्य सरकार व लोकसेवा आयोग से जवाब तलब

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस भर्ती 2019 में त्रिस्तरीय आरक्षण की वैधता की चुनौती याचिका पर राज्य सरकार एवं लोक सेवा आयोग से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने अवनीश कुमार पांडेय की याचिका पर दिया है।

याची अधिवक्ता आलोक मिश्र का कहना है कि आयोग द्वारा आरक्षण कानून के विपरीत प्रारम्भिक, मुख्य परीक्षा एवं चयन परिणाम में त्रिस्तरीय आरक्षण दिया जा रहा है। जबकि कानून नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान करता है। आयोग की तरफ से कहा गया कि यदि हर स्तर पर आरक्षण नहीं देंगे तो चयन के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा। कोर्ट ने आयोग से जानना चाहा है कि किस कानून या नियम से त्रिस्तरीय आरक्षण लागू किया जा रहा है। याची अधिवक्ता का कहना है कि चयन में आरक्षण लागू करने से यदि सीटें खाली रह जाती हैं तो बैकलॉग भर्ती का नियम है। ऐसे में हर स्तर पर आरक्षण देना गैर कानूनी है। ऐसा करना धारा 3 (2) व् अनुच्छेद 16 (4) बी के खिलाफहै। कोर्ट ने याचिका में उठाये गये मुद्दे को गम्भीर मानते हुए जवाब मांगा है।

पेज एक का शेष

तीखी तकरार...

में शामिल हैं। मौजूदा वक्त में आईएलपी व्यवस्था अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मिजोरम में लागू है। बिल में कहा गया है कि अब ऐसे शरणार्थियों को भारत में रहते हुए 11 साल के बजाय पांच (छह साल सीएबी 2016) साल में भारतीय नागरिकता दी जाएगी। इस विधेयक में उन शरणार्थियों को भी रियायत दी जाएगी जिन्हें अवैध प्रवासी मानते हुए मुकदमा चलाया जा रहा है। विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, सौगत राय, एनके प्रेमचंद्रन, गौरव गोगोई, शशि थरूर तथा असुद्दीन ओवैसी ने बिल को पेश करने का विरोध करते हुए कहा कि यह धर्म के आधार पर नागरिकता प्रदान करने समेत संविधान के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करता है। बिल का बचाव करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर देश को 'विभाजित' किया है इसलिए इस बिल को लाना जरूरी है। शाह ने कहा कि 1971 में बांग्लादेश के सृजन तथा यूगांडा में भारतीयों पर हमले समेत पूर्व में भी विभिन्न मौकों पर लोगों को नागरिकता प्रदान करने के लिए कानून बनाए गए हैं। बिल का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि विधेयक 'असंवैधानिक' और 'संविधान की मूल भावना के खिलाफ है जो कि धर्मनिरपेक्ष है।' चर्चा के दौरान उन्होंने कहा' बराबरी के साथ गैर बराबरी का व्यवहार नहीं किया जा सकता। जब कोई व्यक्ति शरणार्थी के तौर पर भारत आता है तो आप धर्म के आधार पर उससे भेदभाव नहीं कर सकते।' बिल का समर्थन करते हुए भाजपा के सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक उत्पीड़न का शिकार होने के बाद यहां आने वाले लोगों की देश उपेक्षा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान नेहरू-लियाकत समझौते के तहत अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में नाकाम रहा। वहीं विधेयक पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और तेलंगाना राष्ट्र समिति ने विरोध दर्ज कराते हुए विधेयक पर पुनर्विचार की और इसमें मुस्लिम शब्द शामिल करने की मांग की, वहीं बीजू जनता दल ने विधेयक का समर्थन किया। एनसीपी की सुप्रिया सुले ने कहा कि वह सरकार की मंशा पर सवाल नहीं उठा रहीं, लेकिन धारणाओं को लेकर प्रसनचिह्न खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। क्या एनआरसी विफल हो गया है, इसलिए सरकार विधेयक लाई है? बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि इस विधेयक को एनआरसी से नहीं जोड़ा जाए, सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी शामिल करने पर विचार किया जाए। बसपा के अफजाल अंसारी ने कहा कि यह संशोधन विधेयक संविधान की मूल भावना के विपरीत है इसलिए उनकी पार्टी इसका विरोध कर रही है। टीआरएस के नामा नागेश्वर राव ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि धार्मिक आधार पर नागरिकता देना संविधान के मूल सिद्धांत के खिलाफ है। उन्होंने विधेयक में अन्य धर्मों के साथ मुस्लिम समुदाय को भी शामिल करने की मांग की। सपा के एसटी हसन ने कहा कि यह विधेयक ऐसा लगता है कि एनआरसी की भूमिका निभा रहा है जिससे मुसलमानों में डर का माहौल है। आईयूएमएल केपी के कुन्हालीकुट्टी और माकपा के एस वेंकटेशन ने भी विधेयक का विरोध किया। कुन्हालीकुट्टी ने कहा कि आज आजाद भारत के लिए काला दिन है और पहली बार ऐसा भेदभाव वाला विधेयक लाया गया है। इससे सरकार का सांप्रदायिक एजेंडा स्पष्ट हो जाता है। वहीं विधेयक का समर्थन करते हुए जदयू नेता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सदन में कुछ लोग अपने अपने हिसाब से धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसी भी तरह से धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ नहीं है। इस बीच, शिवसेना ने विधेयक पर सरकार से कई बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि जिन लोगों को इस विधेयक के अमल में आने पर नागरिकता मिलने वाली है, उन्हें 25 साल तक मताधिकार नहीं दिया जाए। चर्चा में भाग लेते हुए शिवसेना सांसद विनायक राउत ने कहा कि उनकी पार्टी इस पक्ष में है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को यहां सम्मान दिया जाए, लेकिन इसमें श्रीलंका में पीड़ा झेलने वाले तमिलों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर विषय पर कुछ राजनीति नहीं हो रही है तो जिन लोगों को नागरिकता दी जाएगी उन्हें 25 साल तक मताधिकार नहीं मिलना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह सरकार स्वामी विवेकानंद, सरदार पटेल और दूसरे महापुरुषों के सिद्धांतों एवं विचारों के खिलाफ कदम उठा रही है।

जीते येदुरी...

जीतने के बाद पार्टी के विधानसभा में उसके विधायकों की संख्या (एक निर्दलीय सहित) 117 हो गई है। उच्च न्यायालय में लंबित मामले के चलते दो सीटें मास्की व आर के नगर अभी रिक्त हैं। इनके रिक्त रहने से 223 सदस्यीय सदन मे जादुई आंकड़ा 111 हो गया है यानी येदियुरप्पा नीत भाजपा सरकार पूरी तरह सुरक्षित है। दांव लगाती भाजपा ने कांग्रेस और जद (एस) के अयोग्य करार दिए गए 16 विधायकों में 13 को चुनाव मैदान में उतारा था जिनमें से 11 ने जीत हासिल की है। भाजपा की शानदार जीत की भी गूंज झारखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली में भी सुनाई पड़ी जहां उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से कर्नाटक में जनादेश चुराया था, जनता ने उसे सबक सिखा दिया। झारखंड के बरही में जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने तंज कसा कि कुछ लोग कहते थे कि दक्षिण भारत में भाजपा का प्रभाव सीमित है। उपचुनाव में कर्नाटक के लोगों ने उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से सजा दी है। मोदी ने कहा, कर्नाटक का परिणाम याद रखना बहुत जरूरी है क्योंकि उठापटक की राजनीति करने वाले नेताओं के लिए यह बहुत कड़ा संदेश है। मोदी ने कहा कि उपचुनाव के नतीजे में झारखंड और अन्य राज्यों के लिए तीन संदेश हैं। पहला कि लोग स्थिर सरकार चाहते हैं, दूसरा लोग जनादेश पलटने से अपमानित महसूस कर रहे थे और उन्होंने सबक सिखा दिया। तीसरा उन्होंने फिर विश्वास जताया है कि भाजपा ही काम करने वाली सरकार दे सकती है। कांग्रेस केवल दो निर्वाचन क्षेत्रों हुनासुर और शिवाजीनगर में ही जीत हासिल कर पाई। होसकोटे से निर्दलीय उम्मीदवार शरथ बच्चेगौड़ा विजयी रहे। बागी के रूप में चुनाव लड़ने वाले बच्चेगौड़ा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाले जेडीएस ने विधानसभा चुनाव के दौरान इन 15 सीटों में तीन- के आर पेटे, महालक्ष्मी लेआउट और हौसूर में जीत हासिल की थी लेकिन उपचुनाव में उसके हाथ पूरी तरह खाली रहे। कांग्रेस और जेडीएस के 17 विधायकों की बगावत के बाद कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार जुलाई में गिर गई थी जिसके बाद भाजपा सत्ता में आई। मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने 29 जुलाई को विश्वासमत जीता था। उस समय सदन के सदस्यों की संख्या घटकर 208 हो गई जिसमें बहुमत के लिए 105 सीटें जरूरी थीं।बागी विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के कारण उपचुनाव कराया गया। जीत हासिल करने वाले भाजपा के 12 उम्मीदवारों में अरबैल शिवराम हेब्बार (एल्लापुर), नारायण गौड़ा (के आर पेटे), बी सी पाटिल (हीरेकेरूर), श्रीमंत पाटिल (कगवाड़), महेश कुमथल्ली (अथानी), के सुधाकर (चिकबल्लापुर), के गोपालैया (महालक्ष्मी ले आउट), आनंद सिंह (विजयनगर), रमेश जारकिहोली (गोकक), अरूण कुमार गुट्टूर (रागेबेन्नूर), एस टी सोमशेखर (यशवंतपुर) और बेगठी बसवराज (के आर पुरम) हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार रिजवान अरशद (शिवाजीनगर) और एच पी मंजूनाथ (हुनासुरु) ने जीत हासिल की। प्रचार अभियान के दौरान भाजपा ने स्थिरता और विकास के नाम पर वोट मांगे जबकि कांग्रेस और जद (एस) को भरोसा था कि दल बदलने वालों को जनता सबक सिखाएगी।भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बाद खुश येदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि वह अपने कार्यकाल के बचे समय में स्थिर और विकास को समर्पित सरकार देंगे। येदियुरप्पा जल्द ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। मुख्यमंत्री समेत कैबिनेट में फिलहाल 18 मंत्री हैं। राज्य में कुल 34 मंत्री हो सकते हैं। अब भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस-जनता दल एस के बागियों को मंत्रिमंडल में फिट करना होगी।

साल में...

दिल्ली में यह 74.61 रुपए लीटर से घटकर 72.60 रुपए लीटर पर आ गया। नौ नवंबर के बाद से पेट्रोल के दाम चढ़ रहे हैं। इसका एक कारण डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर भी रहा है। इसी प्रकार, सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठान पर पहले के बाद डीजल 67 रुपए लीटर तक चला गया था। लेकिन उसके बाद उसमें नरमी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन के दाम में बदलाव और रुपया-डॉलर विनिमय दर में बदलाव के आधार पर पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में दैनिक आधार पर संशोधन किया जाता है।

महिलाओं व...

भवन नहीं हैं वहां पर किराए के भवन में यह फास्ट ट्रैक कोर्ट खोली जाएंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि अयोध्या और गोरखपुर नगर निगमों की सीमा में क्रमशः 41 और 31 गांव शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा फिरोजाबाद की सरहद में एक कॉलोनी शामिल की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह कुशीनगर नगर पालिका क्षेत्र में 31 नए गांव शामिल होंगे जबकि 16 नगर पंचायतों का भी सीमा विस्तार किए जाने पर कैबिनेट ने मंजूरी दी है। आजमगढ़ जिले में 2.146 वर्ग किलोमीटर तथा बारायकी जिले के नगर पंचायत बंकी के सीमाविस्तार का निर्णय लिया गया है। इनके साथ ही ललितपुर तथा बस्ती जिलों का भी सीमा विस्तार होगा।

सदमे के...

बिहार भवन में संयुक्त श्रम आयुक्त कुमार दिग्विजय ने बताया कि परिवार शवों को ट्रेन से भेजने को लेकर सहज नहीं थे, इसलिए हमने एंबुलेंसों में शवों को भेजने का फैसला किया है। एक एंबुलेंस में दो शव होंगे। शवों को ट्रेन से भेजने की सभी तैयारियां कर ली गईं थीं। ट्रेन में विशेष कोच भी लगाए गए थे लेकिन परिवार के सदस्यों (मृतकों के) ने शवों को ट्रेन से भेजे जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब भी पोस्टमार्टम पूरा हो जाएगा, हम शवों को घर भेजना शुरू कर देंगे। अब तक 36 शवों की पहचान की गई है जो बिहार के रहने वाले थे और हम उन्हें जल्द से जल्द राज्य वापस भेजने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रक्रिया धीमी है लेकिन हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। आग में अपने भाई शाकिर को खोने वाले बिहार के मधुबनी इलाके के जाकिर हुसैन ने कहा कि भले ही बिहार सरकार ने शवों को ट्रेन से घर भेजने की व्यवस्था की थी लेकिन प्रक्रिया को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। बेगूसराय के मोहम्मद शमशीर ने कहा कि शव को ट्रेन में ले जाना व्यावहारिक नहीं है। शमशीर के पड़ोसी नवीन कुमार (19) की इस आग में मौत हो गई थी। शमशीर ने कहा कि ट्रेन समस्तीपुर स्टेशन पर रुकती और हमारा गांव वहां से भी 70 किलोमीटर दूर है। शव भेजे जाने की प्रक्रिया जाने के लिए दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में सोमवार को तमाम दिन अफरा-तफरी का माहौल रहा। यहीं पर शवों का पोस्टमार्टम किया गया। अधिकांश लोगों की शिकायत थी कि उन्हें यह प्रक्रिया स्पष्ट तौर पर पता नहीं चल रही कि शव कैसे भेजे जाएंगे। बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले जाकिर हुसैन ने कहा कि बिहार सरकार ने ट्रेनों से शवों को घर ले जाने के लिए रिश्तेदारों के वास्ते प्रबंध किए हैं, लेकिन प्रक्रिया को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के मंत्री इमरान हुसैन ने रविवार को कहा था कि दिल्ली सरकार शवों को घर ले जाने के लिए उन्हें एंबुलेंस उपलब्ध कराएगी। मृतकों के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों की इस मुद्दे पर अस्पताल अधिकारियों से तीखी नोंकझोंक भी हुई।

पुलिस ने...

जा सके। रोहिणी से आई फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (एफएसएल) ने भी घटना स्थल से सैंपल एकत्र किए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भी भीषण घटना को लेकर दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस प्रमुख और उत्तरी एमसीडी से छह हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश देव ने कहा कि थ्री-डी लेजर स्कैनिंग तकनीक से जांच पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ितों की पहचान कर ली है। सोमवार को 20 शवों का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने नौ गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। ये सभी लोग आग लगने के समय घटना स्थल पर मौजूद थे। राजधानी में यह तकनीक दूसरी बार अपनाई गई है, इससे पहले पुलिस ने फरवरी में करोल बाग के होटल अर्पित पैलेस में भीषण आग की जांच के लिए इसी तकनीक का इस्तेमाल किया था। यहां पर 17 लोगों की मौत हो गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फैक्टरी, ब्रिज, बिल्डिंग आदि गिरने या आग के बड़े हादसों की जांच में सौ प्रतिशत रिजल्ट हासिल करने के लिए थ्री-डी स्कैनिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे जांच सटीक और शीघ्र पूरी होती है। नमूने सही-सही सामने आते हैं जिन्हें डिजिटल मोड में ही सुरक्षित रखा जाता है और जरूरत के समय कभी भी उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी ओर, बिल्डिंग के मालिक रेहान और प्रबंधक फुरकान को सोमवार को अदालत ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने रेहान और फुरकान को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। दोनों पर आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 285 (आग के संबंध में बरती गई लापरवाही) के तहत मामला दर्ज किया गया था। रेहान और फुरकान बचपन के दोस्त हैं और वे 2003 से एक साथ व्यवसाय कर रहे हैं। प्राधिकरणों की अनुमति लिए बिना ही ये फैक्टरी चला रहे थे।

तीन बाइक सवार बदमाशों ने तेल के दलाल को मारी गोली, दो लाख रुपए लूटे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

दो पुलिस चौकी के बीच सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने अलसुबह साढ़े छह बजे ओमप्रकाश जायसवाल उर्फ पुत्तु साव (50) को गोली मारकर दो लाख की लूट ले गए। तेल के दलाल को गोली बाईं तरफ लगी है। गोली लगते ही दलाल नीचे गिर गया और बदमाश दो लाख रुपए लेकर कतुवापुरा की गली से भाग निकले। घटना होते ही व्यापारी का बेटा व गायघाट पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और आरक्षी को तत्काल सिंह मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर ले गये जहां भर्ती कराया गया।

● घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के गायघाट पुलिस चौकी से मात्र 20 मीटर की दूरी की

कोतवाली थाना क्षेत्र के कतुवापुरा (विशेश्वरगंज) निवासी ओमप्रकाश जायसवाल उर्फ पुत्तु साव की सरसों की तेल व रिफाइन की गोदाम कतुवापुर के घन्सु पहलवान के मकान में है जहां से वह माल सप्लाई करते हैं। पुत्तु साव घर से करीब दो लाख रुपए लेकर मच्छोदरी पार्क के पास बाबा मच्छोदरानाथ का दर्शन कर बनारसी मिल्स के मालिक को रुपए देने जा ही रहे थे कि मच्छोदरी कूड़ा घर के पास ही गली की मोड़ पर घात लगाए तीन बाइक सवार बदमाश उनके पास पहुंचे और रुपए छिनने लगे, न देने पर ने पुत्तु साव की बाईं तरफ हाथ में गोली मार दी। गोली लगते ही तेल व्यापारी नीचे गिर गए और बदमाशों ने उनकी जेब से दो लाख रूपये लेकर कतुवापुरा गली से भाग निकले।

दहेज के लालच में पत्नी को 'जिंदा जलाया'

कसमंडा/कमलापुर सीतापुर। थाना कमलापुर क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितयों में झुलस गई। जिसके बाद परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज के लालच में आग लगाने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक कमलापुर कस्बे की निवासी खुशबू जायसवाल पत्नी दुर्गेश जायसवाल रविवार रात संदिग्ध हालातों में झुलस गई, ससुरालीजनों द्वारा उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विवाहिता के पिता रामनाथ जायसवाल नि. मीरनगर थाना खैराबाद ने कमलापुर थाने को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बेटी का विवाह 19 जनवरी को हुआ था। ससुरालीजन महेश पुत्र कौशल किशोर रजनी पुत्री क

औरंगाबाद में बाल ठाकरे स्मारक के लिए पेड़ों को न छुआ जाए: उद्धव

भाषा। औरंगाबाद

शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने अपने दिवंगत पिता और पार्टी के संस्थापक बाल ठाकरे के औरंगाबाद में प्रस्तावित स्मारक के लिए पेड़ न गिराए जाने को लेकर मौखिक आदेश दिया है। मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि स्मारक के लिए करीब एक हजार पेड़ों को गिराए जाने की जरूरत पड़ेगी, जिसके बाद रविवार को पार्टी सोशल मीडिया पर ट्रोल हुई थी।

शिवसेना के वरिष्ठ नेता और औरंगाबाद से पूर्व सांसद चंद्रकात खैरे ने पीटीआई को बताया, हमें रविवार रात को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मौखिक आदेश मिला जिसमें स्मारक बनाने के लिए किसी भी पेड़ को हाथ नहीं लगाने को कहा गया है। हम सभी पेड़ों को बचाते हुए स्मारक बनाएंगे। पेड़ों को गिराए जाने की जरूरत से जुड़ी खबरों पर खैरे ने कहा कि ऐसी अफवाहें निहित स्वार्थों के लिए फैलाई जा रही हैं जो शहर के सिडको इलाके में प्रियदर्शनी गार्डन में स्मारक नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि

शिवसेना शासित औरंगाबाद नगर निगम ने न तो किसी निविदा को अंतिम रूप दिया है, न ही कोई कार्य आदेश जारी हुआ है। खैरे ने कहा, (दिवंगत) बाला साहब ठाकरे और उद्धव ठाकरे पर्यावरण को लेकर बेहद सजग हैं। शिवसेना ने कभी नहीं कहा कि हम प्रियदर्शनी गार्डन में स्मारक के लिए पेड़ों को उखाड़ेंगे। हमें रविवार रात को मौखिक आदेश प्राप्त हुए हैं जिसके बारे में महापौर को बता दिया गया है। आदेश का सख्ती से अनुपालन होगा।

प्रियदर्शिनी गार्डन रेंगने वाले कई जीवों और पक्षियों का घर है।इससे पहले दिन में औरंगाबाद नगर निगम (एएमसी) में पेड़ समिति के एक सदस्य और पर्यावरण कार्यकर्ता किशोर पाठक ने कहा, अगर यह भूमि स्मारक के लिए दी जाती है तो हम इसकी सुंदरता खो देंगे। उन्होंने दावा किया, पार्क में कम से कम 80 प्रजाति के पक्षियों का बसेरा है जिनमें से 52 भारतीय और शेष विदेशी पक्षी हैं। यहां 35 तरह की तितलियां और सात तरह के सांप हैं और 80 तरह के कीड़े रहते हैं। यह स्थान अब भी जानवरों का आश्रय और ऑक्सीजन का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने बताया कि नगर निगम करीब साढ़े सात हजार पेड़ों को काटने और यहां दुकानों का परिसर, कैफेटेरिया और बच्चों का पार्क बनाने की योजना तैयार कर रहा है। औरंगाबाद के महापौर नंदकुमार घोडेले ने रविवार को कहा था कि उनका प्रशासन ठाकरे स्मारक के लिए पेड़ों को काटने की इजाजत नहीं देगा।

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की पत्नी अमृता ने मीडिया में आई खबरों पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीट किया था, पाखंड एक बीमारी है। जल्दी ठीक हो जाओ शिवसेना। पेड़ की कटाई- अपनी सुविधा से या सिर्फ तब जब आपको कमीशन मिले तब इजाजत देना- माफी योग्य अपराध नहीं है।

ठाकरे स्मारक के लिए पेड़ों की कटाई से शहर का हरित क्षेत्र होगा प्रभावित: पर्यावरण कार्यकर्ता

औरंगाबाद। शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की याद में औरंगाबाद में प्रस्तावित एक स्मारक के लिए पेड़ों के काटे जाने का विरोध करते हुए पेड़ समिति के एक सदस्य ने कहा है कि इससे न केवल सार्वजनिक उद्यान की सुंदरता को क्षति पहुंचेगी बल्कि इससे पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचेगा। सिडको क्षेत्र में प्रियदर्शिनी गार्डन में स्मारक बनना प्रस्तावित है और यह उद्यान रेंगने वाले कई जीवों और पक्षियों का घर है। औरंगाबाद नगर निगम (एएमसी) में पेड़ समिति के एक सदस्य और पर्यावरण कार्यकर्ता किशोर पाठक ने कहा, अगर यह भूमि स्मारक के लिए दी जाती है तो हम इसकी सुंदरता खो देंगे। उन्होंने दावा किया, पार्क में कम से कम 80 प्रजाति के पक्षियों का बसेरा है जिनमें से 52 भारतीय और शेष विदेशी पक्षी हैं। यहां 35 तरह की तितलियां और सात तरह के सांप हैं और 80 तरह के कीड़े रहते हैं। यह स्थान अब भी जानवरों का आश्रय और ऑक्सीजन का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने बताया कि नगर निगम करीब साढ़े सात हजार पेड़ों को काटने और यहां दुकानों का परिसर, कैफेटेरिया और बच्चों का पार्क बनाने की योजना तैयार कर रहा है। औरंगाबाद के महापौर नंदकुमार घोडेले ने रविवार को कहा था कि उनका प्रशासन ठाकरे स्मारक के लिए पेड़ों को काटने की इजाजत नहीं देगा।

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की पत्नी अमृता ने मीडिया में आई खबरों पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीट किया था, पाखंड एक बीमारी है। जल्दी ठीक हो जाओ शिवसेना। पेड़ की कटाई- अपनी सुविधा से या सिर्फ तब जब आपको कमीशन मिले तब इजाजत देना- माफी योग्य अपराध नहीं है।

आयुध कारखानों के निजीकरण का सवाल ही नहीं उठता: राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि आयुध कारखानों के निजीकरण का सवाल ही नहीं उठता और सरकार इन कारखानों में कार्यरत कामगारों के हित किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होने देगी। सिंह ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि आम तौर पर लोग आयुध कारखानों को पेशेवर बनाने के पक्षधर हैं। इस बारे में कारखानों के श्रमिक संगठनों से बातचीत भी हुई है। सिंह ने कहा, कोई भी फैसला सभी पक्षकारों को विश्वास में लेकर ही किया जाएगा। सरकार कामगारों के हितों को किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होने देगी। एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में सिंह ने कहा कि आयुध कारखानों के निजीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता और इस प्रकार का कोई प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

रांची में एक चुनावी रैली में भाग लेते कांग्रेस नेता राहुल गांधी

झारखंड में सत्ता में आने पर लोगों को वापस होंगे जल, जंगल और जमीन : राहुल गांधी

भाषा। बड़कागांव (झारखंड)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा जिन राज्यों में सत्ता में हैं, वहां वह लोगों से जमीनें छीन रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विपक्षी गठबंधन के सत्ता में आने पर जल, जंगल, जमीन लोगों को लौटाया जाएगा। उन्होंने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में सरकार बनने पर कांग्रेस-झामुमो-राजद गठबंधन दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ करेगा और जबरन अधिग्रहित जमीन के लिए मुआवजा दिए जाएंगे। उन्होंने किसानों से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,500 रुपए करने का वादा किया। राहुल ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,500 रुपए पर धान खरीद रही है। झारखंड में हमारी पार्टी और सहयोगियों के चुनाव जीतने पर किसानों को वही कीमत दी जाएगी।

कर्नाटक उपचुनाव में भाजपा ने जद (एस) के गढ़ मांडया जिले में लगाई सेंध

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा ने जद(एस) का गढ़ माने जाने वाले मांडया जिले में पहली बार जीत दर्ज कर सोमवार को इतिहास रच दिया। वहां वोक्कालिगा समुदाय की अच्छी-खासी आबादी है। भाजपा ने पांच दिसंबर को हुए विधानसभा उपचुनाव में चिक्कबल्लापुर और गोकक सीटों पर भी अपना खाता खोला है।

सोमवार को घोषित उपचुनाव के नतीजों के मुताबिक मांडया जिले में के आर पेट सीट पर भाजपा उम्मीदवार नारायण गौड़ा ने जद(एस) के बीएल देवराज को 9,700 वोटों के अंतर से हराया। इस सीट पर दशकों से कांग्रेस और जद (एस) का वर्चस्व रहा था तथा भाजपा की कोई मौजूदगी नहीं रही थी। गौड़ा जद(एस) के अयोग्य करार दिए गए उन तीन विधायकों में शामिल हैं जिन्हें भाजपा ने उपचुनाव में टिकट दिया। के आर पेट विधानसभा क्षेत्र में ही मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा का जन्म स्थान बूकनकेरे पड़ता है। उन्होंने इस क्षेत्र में चुनाव से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने बेटे बी वाई विजएंद्र को तैनात किया था। एदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, नारायण गौड़ा द्वारा के आर पेट से जीत दर्ज करने से मुझे असीम खुशी मिली है। उन्होंने कहा, यह वही स्थान है जहां मेरा गांव बूकनकेरे स्थित है और जहां मैंने जन्म लिया, लेकिन हम (वहां) चुनाव कभी नहीं जीत सके थे। गौड़ा की जीत पर प्रदेश भाजपा प्रमुख नलिन कुमार कटील ने कहा, के आर पेट ओर चिक्कबल्लपुरा जैसे कुछ क्षेत्रों में भाजपा कभी नहीं जीत पाई थी। उन्होंने कहा, मांडया जद(एस) का गढ़ रहा है लेकिन आज नारायण गौड़ा ने हमें वहां से जीत दिलाई। गौरतलब है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में जद(एस) ने मांडया जिले में सभी आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस जिले में वोक्कालिगा समुदाय की अच्छी खासी आबादी है। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मांडया में निर्दलीय उम्मीदवार एवं अभिनेता से नेता बने समुलता अंबरीश का समर्थन किया था और अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। अंबरीश ने कांग्रेस-जद(एस) के संयुक्त उम्मीदवार एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी को हरा दिया था। भाजपा ने उपचुनाव में के सुधाकर की जीत के साथ चिक्कबल्लापुरा विधानसभा सीट पर भी जीत दर्ज की। सुधाकर वहां से दो बार कांग्रेस विधायक रह चुके हैं। उन्होंने भाजपा के टिकट पर इस उपचुनाव में कांग्रेस के एम अंजनप्पा को 34801 वोटों के अंतर से हराया। वहीं, गोकक सीट पर जरकीहोली बंधुओं के बीच चुनावी मुकाबला रहा। भाजपा के रमेश जरकीहोली ने अपने भाई एवं कांग्रेस उम्मीदवार लखन को 29006 वोटों के अंतर से हराया। उन्होंने यहां भगवा पार्टी की पहली जीत सुनिश्चित की।

सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि सीआरपीएफ की 170 वीं बटालियन के जवानों एक दल आज छुट्टी से वापस लौट रहा था। इन जवानों में विनीत नारवाल (22) भी शामिल था। सभी जवान बस में सवार होकर जगदलपुर से बीजापुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बस को जब नास्ते के लिए गीदम बस पड़ाव पर रोका गया, तब नारवाल ने अचानक अपनी एसएलआर रायफल से खुद को गोली मार ली। उसे तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि उसने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कांग्रेस और जदएस जनता की अदालत में अयोग्य करार दिए गए: भाजपा

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस और जनता दल सेकुलर (जदएस) जनता की अदालत में अयोग्य करार दिए गए हैं।

कटील ने यहां संवाददाताओं से कहा, सिद्धरमैया (कांग्रेस) और एच डी कुमारस्वामी (जदएस) ने हमारे उम्मीदवारों को बदनाम करने के लिए अयोग्य विधायक का विमर्श प्रारंभ किया था लेकिन आज कांग्रेस और जदएस ही जनता की अदालत में अयोग्य करार दिए गए और उसने (जनता की अदालत ने) हमारे उम्मीवारों को योग्य ठहराने का आदेश सुनाया है। भाजपा ने पाला बदलने वाले 15 पूर्व विधायकों में से 13 को चुनाव मैदान में उतारा था। ए 15 विधायक पहले कांग्रेस और जदएस में थे लेकिन उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष के आर रमेशकुमार ने अयोग्य करार दिया था। कटील को इस बात की खुशी है कि भाजपा ने मांड्या जिले में पहली बार अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।उन्होंने कहा, के आर पेट और चिक्कबल्लपुरा जैसे कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां हमारी कभी उपस्थिति नहीं थी। मांड्या जदएस का गढ़ था लेकिन आज भाजपा (मांड्या जिले के के आर पेट में चुनाव) जीत गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि एदियुरप्पा सरकार सफलतापूर्वक अपना साढ़े तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लेगी और राज्य को तरक्की की ओर ले जाएगी।

मानव विकास सूचकांक में भारत की रैंकिंग में सुधार, मिला 129वां स्थान: यूएनडीपी रिपोर्ट

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के मुताबिक 2019 में मानव विकास सूचकांक में भारत ने एक स्थान की छलांग लगाई है और 189 देशों के बीच इसकी रैंकिंग 129 हो गई है। यूएनडीपी की भारत में स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने कहा कि भारत में 2005-06 से 2015-16 के बीच 27.1 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भारत की रैंकिंग 130 थी। तीन दशकों से तेज विकास के कारण यह प्रगति हुई है जिसके कारण गरीबी में कमी आई है। साथ ही जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में बढ़ोतरी के कारण भी रैंकिंग सुधरी है।

मानव विकास सूचकांक के मुताबिक किसी अन्य क्षेत्र में इतनी तेजी से मानव विकास प्रगति नहीं हुई है।सर्वाधिक प्रगति दक्षिण एशिया में हुई है जहां 1990-2018 के दौरान 46 फीसदी बढ़ोतरी हुई जबकि पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 43 फीसदी वृद्धि हुई।

भाजपा सरकार सोने के मूड में लग रही है : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। मूल्यवृद्धि के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि इस मामले में भाजपा सरकार सोने के मूड में लग रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कई स्थानों पर प्याज 200 रूपए प्रति किलो बिक रही है जबकि पेट्रोल के दाम 75 रूपए प्रति लीटर को पार कर गए हैं।न्होंने कहा, भाजपा सरकार अभी सोने के मूड में ही लग रही है। कांग्रेस अर्थव्यवस्था के हालात को लेकर सरकार पर हमला बोलती रही है। विपक्षी दल का आरोप है कि नोटबंदी और जीएसटी जैसे निर्णयों ने विकास को बाधित किया है।

200 किलो अवैध अफीम डोडा एवं डोडाचूरा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस की सीआईडी (अपराध शाखा) ने चित्तौड़गढ़ जिले में 210 किलोग्राम अवैध अफीम, डोडा और डोडाचूरा बरामद किया है। इस संबंध में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी एल सोनी ने बताया कि निकुम्भ थाने के भाणुजा गांव के एक रिहायशी मकान एवं बाडे की तलाशी में 210 किलोग्राम अवैध डोडा, डोडा चूरा, पीसा हुआ डोडा चूरा बरामद कर प्रकाश जणवा और रामनारायण जणवा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को एनडीपीएस कानून की धारा 8।15 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोनी ने बताया कि बरामद किए गए मादक पदार्थों में करीब एक क्विंटल अफीम डोडा भी शामिल है।

अरुण शौरी की हालत स्थिर, जल्द अस्पताल से छुट्टी मिलेगी

पुणे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण शौरी की हालत स्थिर है और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। यह बात पुणे में निजी अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कही, जहां भाजपा नेता का इलाज चल रहा है। पुणे से करीब 60 किलोमीटर दूर लवासा में अपने बंगले के पास टहलने के दौरान एक दिसम्बर को शौरी (78) गिर गए थे और उनके सिर में चोट आई थी जिसके बाद अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि शौरी की हालत स्थिर है और आगामी कुछ दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

पटना में आयोजित आरजेडी नेशनल काउंसिल की मीटिंग में बोलते राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव

एनआरसी, कैब के कारण किसी भी नागरिक को शरणार्थी नहीं बनने देंगे : ममता

खड़गपुर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और नागरिकता (संशोधन) विधेयक (कैब) का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों का आह्वान करते हुए कहा कि देश के एक भी नागरिक को शरणार्थी नहीं बनने दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सत्ता में रहते बंगाल में कभी एनआरसी और कैब की इजाजत नहीं दिए जाने का आश्वासन देते हुए बनर्जी ने इन्हें एक ही सिक्के के दो पहलू बताया।

बनर्जी ने खड़गपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, एनआरसी और कैब को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। हम बंगाल में कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। वे किसी वैध नागरिक को यूं ही देश से बाहर नहीं फेंक सकते या उसे शरणार्थी नहीं बना सकते। इस रैली का आयोजन उपचुनावों में हाल में पार्टी को मिली जीत को लेकर किया गया था।

भाजपा के अरुण सिंह ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली। भाजपा के अरुण सिंह ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उत्तर प्रदेश से उच्च सदन के लिए निर्वाचित सिंह ने हिन्दी में शपथ ली।शपथ लेने के बाद उन्होंने सभापति एम वेंकैया नायडू तथा अन्य सदस्यों का अभिवादन किया। समाजवादी पार्टी की सदस्य तजीम फातिमा के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई राज्यसभा की सीट पर हुए उपचुनाव में अरुण सिंह निर्वाचित हुए हैं।तजीम फातिमा अब रामपुर की विधायक हैं।

सदस्यों और मंत्रियों की राज्यसभा में अनुपस्थिति पर नायडू ने जताई नाराजगी

भाषा। नई दिल्ली

राज्यसभा में सभापति एम वेंकैया नायडू ने सदन पटल पर दस्तावेज रखे जाने के समय संबद्ध मंत्रियों और प्रश्नकाल में सवाल पूछने वाले सदस्यों के अनुपस्थित रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों को कम से कम उनसे नाम पर सूचीबद्ध सवाल पूछने या दस्तावेज पटल पर पेश करने के समय सदन में उपस्थित रहना अपेक्षित है। सभापति ने सोमवार को उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान सभी सूचीबद्ध प्रश्नों के मौखिक जवाब मंत्रियों द्वारा दिए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि प्रश्न पूछने वाले चार सदस्य अनुपस्थित थे। शीतकालीन सत्र के दौरान उच्च सदन में यह चौथा दिन है जबकि प्रश्नकाल में सभी प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए हों। इनमें भाजपा की कांता कर्दम, विजय पाल सिंह तोमर, आप के संजय सिंह और अन्नाद्रमुक के आर वैद्यलिंगम शामिल हैं। नायडू ने कहा कि अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए। इससे पहले सभापति ने शून्यकाल के दौरान आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए जाने के दौरान केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को बात करने के दौरान टोका। उन्होंने दस्तावेज पटल पर रखने के लिए जब मंत्रियों के नाम पुकारे तब सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के लिए जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह को उनके मंत्रालय की ओर से दस्तावेज पटल पर रखना था। लेकिन सिंह सदन में मौजूद नहीं थे। इस पर सभापति ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जब मंत्रियों के नाम सूची में रहते हैं तो उन्हें अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए और अगर किसी कारणवश वह मौजूद नहीं हो सकते तो उन्हें इसकी सूचना भी देना चाहिए।

कांग्रेस सदस्यों प्रतापन और कुरियाकोस द्वारा माफी की भाजपा की मांग पर स्पीकर ने कहा, न्यायपूर्ण निर्णय करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

पिछले सप्ताह लोकसभा में उन्नाव कांड के मुद्दे पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ कथित दुर्व्यवहार पर कांग्रेस के दो सदस्यों द्वारा माफी मांगने की भाजपा सदस्यों की मांग और इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि वह इस विषय पर न्यायपूर्ण निर्णय करेंगे।

संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कांग्रेस के टी एन प्रतापन और डीन कुरियाकोस द्वारा गत शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में दोनों कांग्रेस सांसदों के खिलाफ कार्वाई के लिए सदन में प्रस्ताव पेश किया।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को आसन की ओर से निर्देश के बावजूद दोनों सदस्यों ने माफी नहीं मांगी। उनका आचरण अशोभनीय था। सदस्यों को माफी मांगनी चाहिए और यदि वे क्षमा नहीं मांगते तो लोकसभा अध्यक्ष अपने निर्णय के अनुसार कार्वाई कर सकते हैं। हालांकि लोकसभा की कार्यसूची में सूचीबद्ध जोशी के प्रस्ताव में दोनों सदस्यों को सत्र की शेष अवधि के लिए सभा से निलंबित करने की मांग की गई थी। जोशी के प्रस्ताव पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह प्रस्ताव लाने का तरीका नहीं है।

उन्होंने सदन को लेकर भी कुछ टिप्पणी की जिस पर विरोध जताते हुए कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि चौधरी सदन में कांग्रेस के नेता और अनुभवी सांसद हैं। उन्होंने सदन के लिए जिस शब्द का इस्तेमाल किया है, उन्हें उसके लिए माफी मांगनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष का आदेश अंतिम होता है। शुक्रवार को स्पीकर ने इस मामले में किसी सदस्य का नाम नहीं लिया था। नियमानुसार अगर स्पीकर ने किसी को नेम किया होता तो उन पर निलंबन की कार्वाई होती। उन्होंने कहा कि यह हमारे सदस्यों को डराने की कोशिश है।गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महिला सदस्य, महिला मंत्री के सामने कांग्रेस सदस्यों के इस तरह के बर्ताव से ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा, हम सभी को संसद की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। मैं संरक्षक हूं। मेरी अपेक्षा है कि कोई भी सदस्य बांहें चढ़ाकर या अन्य इस तरह का बर्ताव नहीं करे। उन्होंने कहा, सदन में तल्ख राजनीतिक टिप्पणियां हो सकती हैं, लेकिन वो भी मर्यादित तरीके से होनी चाहिए। स्पीकर ने कहा, मैं इस विषय पर न्यायपूर्ण निर्णय लूंगा। उन्नाव में बलात्कार पीड़िता को जलाए जाने की घटना पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को लोकसभा में कांग्रेस के सदस्यों और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई थी। सत्ता पक्ष ने धमकी भरे लहजे में पेश आने के लिए मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों प्रतापन एवं कुरियाकोस से माफी मांगने और ऐसा नहीं करने पर उन्हें निलंबित करने की मांग की थी। दरअसल, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने शून्यकाल के दौरान उन्नाव की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हम एक तरफ राम मंदिर बनाने जा रहे हैं तो दूसरी तरफ देश में सीताएं जलाई जा रही हैं। इस पर पलटवार करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि बलात्कार जैसी घटनाओं पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। स्मृति ने ऐसी घटनाओं को लेकर कांग्रेस के साथ साथ तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। स्मृति के बयान का कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने कड़ा विरोध किया और इनके बीच तीखी नोकझोंक हो गई। कांग्रेस के सदस्य प्रतापन को कुछ अन्य सदस्यों के साथ आक्रामक तेवर में आसन की ओर बढ़ते तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की ओर संकेत कर कुछ कहते देखा गया।

भुवनेश्वर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां

विवक न्यूज़

जगुआर लैंड रोवर की बिक्री नवंबर में 3.4 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स की कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की खुदरा बिक्री नवंबर में 3.4 प्रतिशत घटकर 46,542 इकाई रह गई है। टाटा मोटर्स ने बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। समीक्षाधीन महीने में जगुआर ब्रांड की बिक्री 23.1 प्रतिशत घटकर 11,464 इकाई रह गई। वहीं लैंडरोवर की बिक्री 5.5 प्रतिशत बढ़कर 35,078 इकाई पर पहुंच गई। जेएलआर के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी फेलिक्स ब्राटिजम ने कहा कि वैश्विक वाहन बाजार में सुस्ती के बावजूद अमेरिका और चीन के बाजारों में हमारी बिक्री बढ़ी है।

एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की कटौती की

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बीच की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। एसबीआई ने सोमवार को कहा कि यह कटौती सभी एक साल के उधारों के लिए होगी। कटौती मंगलवार से लागू होगी। चालू वित्त वर्ष में एसबीआई ने एमसीएलआर ने लगातार आठवीं बार कटौती की है। एसबीआई ने बयान में कहा, बीच की घटती लागत का लाभ ग्राहकों को देने के लिए हमने एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। अब नई एक साल की बीच की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर 7.90 प्रतिशत होगी। अभी यह आठ प्रतिशत है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को 5.15 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।

केआईओसीएल ने कर्नाटक सरकार के साथ खनिज का पता लगाने के लिए समझौता किया

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की केआईओसीएल ने शुक्र में नौ मैंगनीज और लौह अयस्क ब्लाक में खोज-बीन को लेकर कर्नाटक सरकार के साथ समझौता किया है। इस पर 81.53 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। कंपनी ने बंबई शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, केआईओसीएल लि. और कर्नाटक सरकार के खान एवं भू-विज्ञान विभाग के बीच समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत कंपनी बेल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों में चिह्नित नौ ब्लाक में मैंगनीज और लौह-अयस्क की जांच-पड़ताल करेगी। इस पर जीएसटी के अलावा 81.53 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। केआईओसीएल लि. को पूर्व में कुद्रेमुख ऑयरन ओर कंपनी लि. के नाम से जाने जाना जाता था। यह कंपनी इस्पात मंत्रालय के अधीन आती है। कंपनी के पास कर्नाटक के मैंगलुरू में 35 लाख टन सालाना क्षमता का लौह-अयस्कपाइट पेलेट संयंत्र है। इसमें फिन आयरन बनाया जाता है।

भेल ने देश में विकसित प्रौद्योगिकियों के व्यवसायिक इस्तेमाल को सीएसआईआर से किया करार

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल ने देश में विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यिक इस्तेमाल और उनके अमल में लाने के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) से करार किया है। भेल ने बयान में कहा कि उसने सीएसआईआर के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए है।

लोढ़ा देश के रीयल एस्टेट क्षेत्र के सबसे अमीर उद्यमी : रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

लोढ़ा डेवलपर्स के एम पी लोढ़ा और उनके परिवार को देश के रीयल एस्टेट क्षेत्र का सबसे अमीर उद्यमी आंका गया है। उनकी कुल संपत्तियां 31,960 करोड़ रुपए हैं। इस सूची में डीएलएफ के राजीव सिंह दूसरे और एम्बैसी ग्रुप के संस्थापक जितेंद्र विरवानी तीसरे स्थान पर हैं। हुरुन रिपोर्ट और ग्रोही इंडिया ने सोमवार को ग्रोही हुरुन इंडिया रीयल एस्टेट रिच लिस्ट 2019 का तीसरा संस्करण जारी किया। इस रिपोर्ट में देश के रीयल एस्टेट क्षेत्र के अमीरों के बारे में जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 31,960 करोड़ रुपए की संपदा के साथ मंगल प्रभात लोढ़ा और मैक्रोटेक डेवलपर्स का परिवार (पुराना नाम लोढ़ा डेवलपर्स) सूची में पहले स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोढ़ा परिवार की संपदा 2019 में 18 प्रतिशत बढ़ी है। सूची में शामिल 99 अन्य भारतीयों की कुल संपदा का 12 प्रतिशत लोढ़ा परिवार के पास है। इस सूची में डीएलएफ के राजीव सिंह 25,080 करोड़ रुपए की संपदा के साथ दूसरे स्थान पर हैं। 2019 में उनकी संपत्तियां 42 प्रतिशत बढ़ीं। पिछले साल वह इस सूची में तीसरे स्थान पर थे। एम्बैसी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट्स के जितेंद्र विरवानी 24,750 करोड़ रुपए की संपदा के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यह सूची इन उद्यमियों की 30 सितंबर, 2019 तक संपत्तियों के आधार पर तैयार की गई है। रीयल एस्टेट क्षेत्र के अमीर उद्यमियों की सूची में हीरानंदानी कम्युनिटीज ग्रुप के निरंजन हीरानंदानी 17,030 करोड़ रुपए की संपदा के साथ चौथे, के रहेजा के चंद्रू रहेजा एवं परिवार 15,480 करोड़ रुपए के साथ पांचवें, ओबरॉय रीयल्टी के विकास ओबरॉय 13,910 करोड़ रुपए की संपत्तियों के साथ छठे और बागमाने डेवलपर्स के राजा बागमाने 9,960 करोड़ रुपए की संपदा के साथ सातवें स्थान पर हैं। हाउस आफ हीरानंदानी, सिंगापुर के सुरेंद्र हीरानंदानी 9,720 करोड़ रुपए की संपत्तियों के साथ आठवें, मुंबई के रनवाल डेवलपर्स के सुभाष रनवाल और परिवार 7,100 करोड़ रुपए की संपदा के साथ नौवें और पीरामल रीयल्टी के अजय पीरामल एवं परिवार 6,560 करोड़ रुपए की संपदा के साथ दसवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि रीयल एस्टेट क्षेत्र के दस सबसे अमीर उद्यमियों में से छह मुंबई के हैं। सौ सबसे अधिक अमीरों में से 37 मुंबई के हैं। इस सूची में दिल्ली और बेंगलुरु के 19-19 उद्यमियों के नाम हैं।



उच्च न्यायालय ने केंद्र से कहा

सबका विश्वास योजना के प्रावधानों का ईमानदारी से पालन हो

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार से कहा कि उससे अपेक्षा की जाती है कि सबका विश्वास योजना का अनुपालन पूरी ईमानदारी से किया जाएगा।

सबका विश्वास (विरासत विवाद निपटान) योजना, 2019 का मकसद उत्पाद और सेवा कर के विवादों का समाधान करना है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने कहा, हम केंद्र से उम्मीद करते हैं कि वह इस योजना और वित्त अधिनियम के प्रावधानों का ईमानदारी से अनुपालन करेगी। अदालत ने यह टिप्पणी सरकार के एक सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार करते हुए की। इस सर्कुलर में ऐसे कर विवादों में योजना का लाभ देने को कहा गया है जिनपर अंतिम सुनवाई 30 जून या उससे पहले हो चुकी है।यह योजना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में समाहित किए गए शुल्कों से संबंधित विवादों के निपटान के लिए लागू की गई है। इसके जरिए करदाताओं को ब्याज, जुर्माने की पूरी छूट के अलावा अभियोजन प्रक्रिया से छूट का भी लाभ मिलता है।

अदालत ने अधिवक्ता निधि गुप्ता की याचिका को खारिज करते हुए इस सर्कुलर को उचित ठहराया। अदालत ने कहा कि पहली नजर में यह योजना या वित्त अधिनियम का उल्लंघन नहीं कर रहा है। केन्द्र सरकार की ओर से अधिवक्ता फरमान अली मागरे ने याचिका का विरोध किया और कहा कि इस सर्कुलर मे कुछ भी गलत नहीं है।

वॉलमार्ट 50,000 एमएसएमई उद्यमियों को प्रशिक्षण देगी

भाषा। नई दिल्ली

अमेरिका की खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट अगले पांच साल में भारत में 25 संस्थान खोलेगी। ए संस्थान सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम क्षेत्र(एमएसएमई) के 50,000 उद्यमियों को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे।

वॉलमार्ट इंटरनेशल की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जूडिथ मैक्केना ने कहा कि ए संस्थान वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत खोले जाएंगे। देशभर में ए संस्थान विनिर्माण केंद्रों के पास खोले जाएंगे। ए भारत के प्रति वॉलमार्ट की दीर्घावधि प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं। हालांकि, कंपनी ने इस तरह के संस्थानों के नेटवर्क पर खर्च का ब्योरा नहीं दिया। कंपनी ने कहा है कि इस कदम से वह भारत में स्थानीय खरीद बढ़ा सकेगी। भारत इस समय वैश्विक स्तर पर वॉलमार्ट की खरीद का पांचवां सबसे बड़ा हब है। चीन,

● पांच साल में 25 संस्थान खोलने की योजना

अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा उससे आगे हैं। वॉलमार्ट का वैश्विक परिचालन 14 बाजारों में है। मैक्केना ने कहा कि पहले पांच साल में हमारा 50,000 एमएसएमई उद्यमियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। हम उन्हें विनिर्माण क्लस्टरों के पास बने 25 संस्थानों में प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि वॉलमार्ट पिछले दशक से भारतीय एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखला में लाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, आपको शायद जानकारी नहीं हो, लेकिन भारत वॉलमार्ट के पांच प्रमुख खरीद बाजारों में से एक है। बेंगलुरु में हमारा वैश्विक खरीद केंद्र है जो भारतीय उत्पादों का 14 वैश्विक बाजारों को निर्यात करता है। मैक्केना ने कहा कि कंपनी केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और अन्य के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि किसानों, किराना दुकानदारों और एमएसएमई की जरूरत की पहचान की जा सके। हम भारत में निवेश करना जारी रखेंगे।

अभी वॉलमार्ट 27 बेस्ट प्राइस मॉडर्न होलसेल स्टोरों का परिचालन करती है। कैश एंड कैरी थोक खंड में कंपनी फिलहाल करीब 5,000 उत्पादों की पेशकश करती है। इसमें वह 95 प्रतिशत खरीद स्थानीय स्तर पर करती है।

निवेश बढ़ाने के मकसद से की गई कॉरपोरेट कर में कटौती: सुब्रमण्यम

भाषा। नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार के वी सुब्रमण्यम ने कहा है कि कॉरपोरेट कर की दर में हाल में की गई कटौती का उद्देश्य निवेश को प्रोत्साहन देना है।

सुब्रमण्यम ने सोमवार को उद्योग मंडल फिक्की के यंग लीडर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक वृद्धि के लिए निजी निवेश सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में निजी निवेश सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हम जो भी कदम उठा रहे हैं, चाहे कॉरपोरेट कर की दर में कटौती हो, या वेतन एवं औद्योगिक संबंध पर संहिता, इनका मकसद निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाना है। उन्होंने कहा कि सतत आर्थिक वृद्धि के लिए निवेश बढ़ाना जरूरी है। सुब्रमण्यम ने कहा, ऐसे में इन उपायों के क्रियान्वयन के पीछे काफी सोच विचार के साथ एजेंडा बनाया गया है और इनके नतीजे जल्द दिखेंगे। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर छह साल के निचले स्तर 4.5 प्रतिशत पर आ गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह सात प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। सरकार ने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए सितंबर में कॉरपोरेट कर की दर को 30 से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया था। इसके अलावा देश विदेश से निवेश हासिल करने के लिए नई विनिर्माण कंपनियों के लिए कर की दर को घटाकर 15 प्रतिशत किया गया।

यामाहा ने बीएस-छह मानक की बाइक उतारी, कीमत 1.45 लाख रुपये से शुरू

नई दिल्ली। इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) ने भारत चरण छह (बीएस-छह) अनुकूल मोटरसाइकिल वाईजेडएफ-आर15 का संस्करण 3.0 उतारा है। इस बाइक की दिल्ली शोरूम में कीमत 1.45 लाख रुपए से शुरू होती है। आईवाईएम ने बयान में कहा कि 155 सीसी की यह मोटरसाइकिल दिसंबर के तीसरे सप्ताह से देश में कंपनी की सभी डीलरशिप पर उपलब्ध होगी। वाईजेडएफ-आर15 संस्करण 3.0 से पहले कंपनी इस साल नवंबर में बीएस छह अनुकूल मोटरसाइकिलें ....एफजेड एफआई (149 सीसी) और एफजेडएस एफआई (149 सीसी) उतार चुकी है। यह बाइक तीन रंगों में उपलब्ध होगी। इसकी दिल्ली शोरूम में कीमत 1.45 लाख से 1.47 लाख रुपए है। नई मोटरसाइकिल में साइड स्टैंड इंजन कट-आफ स्विच, ड्यूल हॉर्न और पीछे रेडियल ट्यूबलेस टायर की खूबियां हैं।

एमओयू पर किए हस्ताक्षर: नई दिल्ली। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), भारत में एमएसएमई और दुनिया भर में सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनी अरामको एशिया को सुगम बनाने के व्यवसाय में एमएसएमई के नीचे एक प्रमुख मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र की एकता है। सऊदी अरब में 355 बिलियन डॉलर (2018) अमरीकी डालर के राजस्व की सूचना है और 1.5 ट्रिलियन डॉलर के बारे में बाजार मूल्य ने भारत में तेल और गैस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक समझौता कथन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमयू की उपस्थिति में पी उदयकुमार, निदेशक (पीएंडएम), एनएसआईसी और मोहम्मद अल मुगिराह, अरामको एशिया के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किए। डॉ. बिन मोहम्मद अल सती, सऊदी अरब के राजदूत, अब्दुल्ला मेली, रणनीतिक सोर्सिंग प्रमुख, अरामको और लगभग 200 भारतीय एमएसएमई । परियोजना के प्रवर्तन के साथ, मान्यता प्राप्त भारतीय एमएसएमई को वैश्विक अंतरिक्ष में विक्रेताओं के रूप में एक स्थान दिया जाएगा और भारत में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

भारत केवल पांच साल में 2,000 अरब डॉलर से 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बना: राजदूत

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका में भारत के राजदूत हर्ष वर्धन श्रृंगला ने कहा कि भारत को 2,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में केवल पांच साल लगे। उन्होंने भरोसा जताया कि देश आने वाले वर्षों में 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला, उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था थी। पांच साल में भारत पांचवीं या छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया। श्रृंगला ने सेंट्रल पेन्सिलवेनिया के एशियाई-भारतीय अमेरिकियों के सालाना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व और राजनीतिक स्थिरता का परिणाम है। उन्होंने कहा, आजादी के करीब 60 साल बाद देश1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सका। उसके बाद 2,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 12 साल लगे। वहीं 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में केवल पांच साल (2014-19) लगा।

राजदूत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2024 तक भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसका मतलब है कि अगले पांच साल में अर्थव्यवस्था के आकार में 2,000 अरब डॉलर का इजाफा।उन्होंने यह भी कहा, जल्दी ही हमारे पास दुनिया में सबसे उत्पादक कार्यबल होगा। श्रृंगला ने कहा कि भारत मात्र तीसरा देश है जिसने मंगल पर उपग्रह भेजा और मिशन पर काम करने वाले वैज्ञानिकों की औसत आयु 29 साल थी।

उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के देशों के साथ मजबूत संबंध विकसित किया है। भारत ने अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए हाथ बढ़ाया है। राजदूत ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच मजबूत संबंध इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले 10-15 साल में संबंध बहु-आयामी और व्यापक हुए हैं। अमेरिका आज भारत का न केवल सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर रिश्ते हैं। श्रृंगला ने कहा कि इस संबंध को मजबूत बनाने में भारतीय-अमेरिकियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सेंसेक्स 42 अंक मजबूत, बैंक, वाहन कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

भाषा। मुंबई

बैंक तथा वाहन कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स सोमवार को 42 अंक से अधिक बढ़कर 40,487.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सीमित दायरे में रहा। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला और दोपहर के कारोबार में स्थिर रहा। अंत में यह 42.28 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 40,487.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 40,645.63 से 40,336.56 के दायरे में घटता बढ़ता रहा।

पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,937.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी सर्वाधिक लाभ में रहा। इसमें 2.06 प्रतिशत की तेजी रही। उसके बाद एक्सिस बैंक, मारुति, रिलायंस, पावर ग्रिड और टाटा स्टील का स्थान रहा।वहीं दूसरी तरफ टीसीएस, एचसीएल टेक, एल एंड

टी, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, एसबीआई और आईटीसी में 2.93 प्रतिशत तक की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) घरेलू बाजार में जोखिम से बच सकते हैं। इसका कारण अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े, व्यापार वार्ता में प्रगति और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की यथास्थिति बनाए रखने की उम्मीद से वैश्विक बाजार में तेजी आने की उम्मीद है। खंडवार सूचकांकों में बीएसई एनर्जी में सर्वाधिक 1.06 प्रतिशत की तेजी आई। उसके बाद तेल एवं गैस (1.01 प्रतिशत), वाहन (0.75 प्रतिशत) और धातु (0.65 प्रतिशत) का स्थान रहा।वहीं दूसरी तरफ आईटी सूचकांक सर्वाधिक 1.02 प्रतिशत नीचे आया। उसके बाद रीयल्टी (1.02 प्रतिशत), प्रौद्योगिकी (0.92 प्रतिशत) और पूंजीगत सामान (0.78 प्रतिशत) का स्थान रहा। इस बीच, डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 71.04 पर बंद हुआ।अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े तथा चीन में निर्यात के कमजोर आंकड़े के बीच एशिया के अन्य शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशक सतर्क नजर आए। यूरोप में ब्रिटेन का एफटीएसई और पेरिस (फ्रांस) का सीएसी शुरूआती कारोबार में नीचे रहे जबकि फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) स्थिर रहा।

विस्तार ने लुफ्थहांसा से कोड शेयर करार किया

भाषा। नई दिल्ली

पूर्ण सेवा प्रदाता एयरलाइन विस्तार ने अपने विदेशी नेटवर्क के विस्तार के लिए जर्मनी की विमानन कंपनी लुफ्थांसा के साथ कोड शेयर करार किया है। यह विस्तार का किसी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन के साथ छठा ऐसा करार है। दोनों विमानन कंपनियों के बीच इंटरलाइन भागीदारी पहले से है। करार के तहत लुफ्थांसा प्रतिदिन विस्तार द्वारा परिचालित करीब 18 उड़ानों में एलएच डेजिगनेटर कोड जोड़गी। इसके तहत दिल्ली, मुंबई और चेन्नई सहित 10 भारतीय शहर आएंगे।कोड शेयर करार के तहत कोई एयरलाइन भागीदार विमानन कंपनी के लिए भी अपने यात्रियों की बुकिंग कर सकती है। ऐसे में वह उन गंतव्यों के लिए यात्रियों को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध करा सकती है जहां उसकी उपस्थिति नहीं है। लुफ्थांसा के साथ कोड शेयर करने वाली विस्तार दूसरी एयरलाइन है। इससे पहले एयर इंडिया ने लुफ्थांसा से कोड शेयर करार किया था। विस्तार ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि दोनों एयरलाइंस जल्द इस करार का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे दोनों एयरलाइंस के यात्रियों को एक दूसरे के नेटवर्क से यात्रा करने पर माइल्स-प्वाइंट मिलेंगे। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई के अलावा लुफ्थांसा के साथ यह कोड शेयर करार अहमदाबाद, बेंगलुरु, गोवा, हैदराबाद, कोलकाता, कोच्चि और पुणे में लागू होगा। बयान में कहा गया है कि इस कोड शेयर करार के तहत आज से सभी चैनलों और प्रमुख जीडीएस प्रणाली पर बिक्री शुरू होगी। इसके तहत 16 दिसंबर से यात्रा की जा सकेगी। विस्तार के मुख्य रणनीतिक अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा कि वैश्विक एयरलाइन बनने की प्रक्रिया के तहत उसका मुख्य लक्ष्य ग्राहकों को इस तरह के रणनीतिक गठबंधनों के जरिए विस्तारित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क उपलब्ध कराना है।

अमेरिका में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय-अमेरिकियों का प्रदर्शन

● भारतीय-अमेरिकियों के साथ प्रदर्शन में पूर्व सैन्य कर्मी भी हुए शामिल

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व सैन्य कर्मियों ने कश्मीरी समुदाय और भारतीय अमेरिकियों के साथ मिलकर पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों को समर्थन देने के खिलाफ वाशिंगटन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान तालिबान है, पाकिस्तानी एक आतंकवादी देश है और (ओसामा) बिन लादेन कहां था जैसे नारे लगाए और मांग की कि पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक देश घोषित किया जाए।

पूर्व सैन्यकर्मी डेविड डीनस्टैग ने कहा, मैं अमेरिका में भारत की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने आया हूं। पाकिस्तान तालिबान का समर्थन करके अमेरिकी बेटों और बेटियों को मार रहा है और यह अकसर अमेरिकी करदाताओं के धन से किया जाता है। करदाताओं को इसकी जानकारी भी नहीं है। भारतीय अमेरिकी प्रदर्शनकारी मंगा अनंततमुला ने कहा, हम सब जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को कैसे पाल पोस रहा है। दुनिया को कश्मीर के नरसंहार के बारे में नहीं पता। पाकिस्तान 25000 से अधिक कश्मीरी हिंदुओं की हत्या का जिम्मेदार है। कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट वर्जीनिया से कांग्रेस (संसद) का चुनाव लड़ रहीं एलिसिया एंड्रयूज भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि उन लोगों के पीछे खड़ा होना महत्वपूर्ण है जिन्हें आतंकवादी संगठन लगातार निशाना बना रहे हैं। हम उस देश को नजरअंदाज नहीं कर सकते जो इतने आतंकवादी समूहों को समर्थन दे रहा है।

जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हुई ज्यादती का शिकार हुई मिथिला ने कहा कि धारा 370 के प्रावधानों को हटाया जाना समुदाय के लिए उम्मीद की किरण है। रैली के आयोजक एवं वैश्विक कश्मीरी पंडित समुदाय के वाशिंगटन, डीसी समन्वयक मोहन सप्रू ने बताया कि विभिन्न समुदायों एवं पृष्ठभूमियों के प्रदर्शनकारी भारत, अफगानिस्तान और कुछ पश्चिमी देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देने की पाकिस्तान की नीति की कड़ी निंदा करने और अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए एकत्र हुए।

पति ने पत्नी को जिंदा जलाया

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, कबीरवाला तहसील की रहने वाली हुमैरा को उसके पति और अन्य ने पेट्रोल डालकर छह दिसंबर को जिंदा जला दिया। वह बुरी तरह से झुलस गई और उसे तहसील मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सात दिसंबर को उसकी मौत हो गई। इंग जिले की पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर लिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जुर्म की मंशा अभी स्पष्ट नहीं है। मेडिकल रिपोर्टंड के मुताबिक, पीड़िता 90 फीसदी तक जल गई थी। इस बीच, पीड़िता के परिवार ने पंजाब के मुख्यमंत्री और आला अधिकारियों से स्तब्ध कर देने वाली इस घटना का संज्ञान लेने और मृतक के लिए इंसाफ सुनिश्चित करने की अपील की। पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का यह नया मामला है।

भारत आने वाले ओसीआई कार्ड धारकों को हो रही है परेशानी

भाषा। वाशिंगटन

विदेश में बसे और वहां की नागरिकता ले चुके भारतीयों (प्रवासी भारतीय नागरिकों यानी ओसीआई ओसीआई) को भारत की यात्रा करते समय खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें हाल ही में लागू किए गए नवीनीकरण के नियम के बारे पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय मूल के एक प्रतिष्ठित अमेरिकी नागरिक ने भारतीय राजदूत को दी याचिका में यह बात कही है।

जयपुर फुट यूएसए के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने बताया कि इस नियम के बारे में पर्याप्त जानकारी न होने के कारण बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों को भारत की अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ रही है। कई मामलों में तो उन्हें दुबई जैसे स्थानों से बीच रास्ते में ही लौटना पड़ रहा है और कई विमानन कंपनियां भारत जाने वाले उन यात्रियों को बैठाने से इनकार कर रही हैं जिनकी पासपोर्ट संख्या उनके ओसीआई कार्ड से नहीं मिलती। उन्होंने कहा, विमानन कंपनियों और आव्रजन अधिकारियों ने गृह मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा हाल में जारी एक परामर्श का हवाला दिया और मांग की कि 20 साल से कम और 50 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण के बाद ओसीआई कार्ड का नवीनीकरण कराना होगा। इसके चलते कई यात्रियों को हवाईअड्डों से वापस लौटना पड़ रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता भंडारी ने एक बैठक में अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला से अनुरोध किया कि वह जन सूचना और अमेरिका में जागरूकता अभियान चलाकर इस मुद्दे को हल करने में मदद दें। साथ ही उन्होंने गृह मंत्रालय से ओसीआई कार्ड के नियमों को आसान बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, ओसीआई कार्ड का उद्देश्य कार्ड धारकों की यात्रा का अनुभव सुखद बनाना और परेशानी तथा घबराहट पैदा न करना है। उन्होंने बताया कि भारत की अपनी अगली यात्रा में उनकी योजना इस मुद्दे को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समक्ष उठाने की है। भंडारी के अनुसार, राजदूत ने कहा कि भारत सरकार समुदाय की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार मरियम का नाम उड़ान निषिद्ध सूची से हटाने पर सात दिन में निर्णय ले: अदालत

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को संघीय सरकार को पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज का नाम उड़ान निषिद्ध सूची से हटाने के बारे में सात दिनों के अंदर निर्णय लेने का निर्देश दिया, ताकि वह अपने बीमार पिता को देखने लंदन जा सकें। मीडिया में आई खबरों में यह कहा गया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की 46 वर्षीय बेटी मरियम को कथित भ्रष्टाचार मामले को लेकर अगस्त, 2018 में उड़ान निषिद्ध सूची में डाल दिया गया था।

मरियम ने अपनी रवानगी की तारीख से छह हफ्तों के लिए विदेश में रहने देने की एकबारगी इजाजत मांगी है। उनका पासपोर्ट देने के लिए एक अन्य याचिका दायर की गई है। उच्च न्यायालय ने हाल ही में उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था। पिछले महीने जमानत मिलने से पूर्व वह चौधरी सुगर मिल्स भ्रष्टाचार मामले में हिरासत में थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने आठ अगस्त को मरियम को हिरासत में लिया था। शनिवार को मरियम ने लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर देश से बाहर जाने पर नियंत्रण संबंधी सूची या उड़ान निषिद्ध सूची से उनका नाम हटाने की मांग की थी।

यूगांडा में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़, 26 लोगों की मौत: रेड क्रॉस

कंपाला, यूगांडा (एपी)। पूर्वी अफ्रीकी देश यूगांडा के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में कम से कम 26 लोग मारे गए हैं। यूगांडा रेड क्रॉस ने यह जानकारी दी। यूगांडा रेड क्रॉस की प्रवक्ता आइरिन नकासिता ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी जिले बुंदिबुग्यो में बाढ़ से 17 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्वी पर्वतीय जिले सिरोन्को और बुदुदा में नौ लोगों की मौत हो गई।

न्यूजीलैंड में ज्वालामुखी फटने से पांच की मौत

व्हाइट आइलैंड (न्यूजीलैंड) में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद घायल व्यक्ति को ले जाते हुए आपातकालीन सेवा कर्मी

एएफपी। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के व्हाइट आइलैंड पर सोमवार को अचानक ज्वालामुखी फट गया जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई तथा 18 अन्य जख्मी हो गए हैं। इसके अलावा कई लोग वहां फंस गए हैं। पुलिस ने कहा कि व्हाइट आइलैंड पर लगभग 50 लोग गए हुए थे तभी ज्वालामुखी में दोपहर के करीब अचानक विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी फटने से पांच की मौत हो गई है तथा अन्य का इलाज चल रहा है। घायलों में कई गंभीर रूप से जल गए हैं।

हालांकि अभी द्वीप पर फंसे हुए लोगों की संख्या के बारे में जानकारी नहीं मिली है लेकिन माना जा रहा है कि इनकी संख्या दहाई में है। उपायुक्त जॉन टिम्स ने कहा, अभी हमें लोगों के बारे में सटीक जानकारी नहीं है न ही उनकी कुशलता के बारे में कुछ पता हैं। उन्होंने कहा कि रात होने पर बचाव अभियान चलाना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि द्वीप अस्थिर है और ज्वालामुखी के फिर सक्रिय होने का अंदेशा है, जिससे द्वीप पर लौटने से हमारी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। कैनबरा में अधिकारियों ने बताया कि द्वीप में फंसे लोगों में ऑस्ट्रेलिया के कई नागरिक हो सकते हैं।देश की आपात प्रबंधन एजेंसी ने ज्वालामुखी में विस्फोट को मध्यम स्तर का बताया, लेकिन ज्वालामुखी से निकलती राख को मुख्य भूमि से देखा जा सकता है।

शरीफ की सेहत में कोई सुधार नहीं, डॉक्टरों ने अमेरिका भेजने की सलाह दी

लाहौर/लंदन (भाषा)। बीमार चल रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को प्लेटलेट संख्या में कोई सुधार नहीं हुआ है और डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें अमेरिका ले जाने की सलाह दी है। शरीफ का इलाज अभी लंदन में चल रहा है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने कहा कि 69 वर्षीय शरीफ की मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि उनके मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाने वाली धमनियां 88 फीसदी तक बाधित हैं। उन्होंने कहा, डॉक्टरों ने इस संबंध में अमेरिका में विशेषज्ञों से मदद लेने की सलाह दी है। हालांकि उन्हें वहां तक ले जाना चिकित्सा दल के लिए बड़ी चुनौती है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने औरंगजेब को यह कहते हुए उद्धृत किया, स्टेरॉयड की भारी खुराक के बाद भी प्लेटलेट संख्या में कोई सुधार नहीं है और स्टेरॉयड की वजह से रक्त शर्करा का स्तर बढ़ रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि प्लेटलेट की गिरती संख्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। शरीफ को 19 नवंबर को इलाज के लिए एक एयर एंबुलेंस के माध्यम से पाकिस्तान से लंदन ले जाया गया था। लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें इलाज के लिए चार सप्ताह विदेश जाने की अनुमति दी थी। इस चार सप्ताह की अवधि डॉक्टरों की सिफारिश पर बढ़ाई जा सकती है।

क्विक न्यूज

श्रीलंका में सैन्य अधिकारी को शीर्ष खुफिया एजेंसी का प्रमुख बनाया गया

कोलंबो (भाषा)। श्रीलंका के इतिहास में पहली बार एक सैन्य अधिकारी को देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त किया गया है। न्यूज फर्स्ट की खबर के अनुसार सैन्य खुफिया के पूर्व निदेशक ब्रिगेडियर सुरेश सेल्वे को देश की प्रमुख खुफिया एजेंसी स्टेट इंटेलिजेंस सर्विस (एसआईएस) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसकी कहा गया है कि श्रीलंका के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक सैन्य अधिकारी को एसआईएस का प्रमुख नियुक्त किया गया। ब्रिगेडियर सुरेश सेल्वे, नौसेना जवबर्धन का स्थान लेंगे। जयवर्धन को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पूर्व रक्षा मंत्री गोटाबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के तीन सप्ताह बाद उनकी नियुक्ति की गई है।

हमला करने वाले व्यक्ति ने किया था अमेरिका के खिलाफ ट्वीट

पेन्साकोला, अमेरिका (एपी)। अमेरिका के एक नौसैन्य प्रतिष्ठान में गोलीबारी करने वाले सऊदी अरब के छात्र ने गोलीबारी से पहले अमेरिका के खिलाफ ट्वीट किया था। बंदूकधारी ने अमेरिका द्वारा इजरायल को समर्थन दिए जाने को मुस्लिम विरोधी बताया था। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। एफबीआई ने इसकी पुष्टि की है कि वह इसको जांच आतंकवाद कृत्य के रूप में कर रहे है। जांचकर्ता इस पर भी ध्यान दे रहे है कि शाही सऊदी वायुसेना के लेफ्टिनेंट मोहम्मद अलशामरानी ने इस कृत्य को अकेले अंजाम दिया है या वह कोई बड़े षडयंत्र का हिस्सा है। अधिकारियों का मानना है कि बंदूकधारी ने अमेरिका की आलोचना करते हुए एक डैडल से पोस्ट भी किया है, जिसका यूजर नाम उसी का है।

श्रीलंकाई अदालत ने स्विस दूतावासकर्मी की विदेश यात्रा पर पाबंदी की अवधि बढ़ाई

भाषा। कोलंबो

श्रीलंका की एक अदालत ने सोमवार को स्विटजरलैंड दूतावास की उस स्थानीय कर्मचारी की विदेश यात्रा पर पाबंदी 12 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी जिसे किसी समूह ने कथित रूप से अगवा कर लिया था और दूतावास की सूचनाएं बताने के लिए धमकाया था।

मजिस्ट्रेट की अदालत का आदेश तब आया है जब एक दिन पहले ही इस श्रीलंकाई कर्मी ने सीआईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराया था। इस दूतावास कर्मी की पहचान जाहिर नहीं की गई है। दूतावास की कर्मी ने दावा किया है कि 25 नवंबर को एक समूह ने उसे अगवा कर बंधक बना लिया था और उसे संवेदनशील सूचनाएं देने के लिए मजबूर किया था। कथित रूप से उससे उन श्रीलंकाइयों के नाम भी पूछे गए थे जिन्होंने स्विटजरलैंड में शरण मांगी थी।

स्विटरजरलैंड ने इस सिलसिले में श्रीलंका सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था और कर्मी के अपहरण की विस्तृत जांच की मांग की थी। स्विस दूतावास ने भी इस आरोप के बारे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। कर्मी यह दावा करते हुए पुलिस के सामने पूछताछ के लिए नहीं हाजिर हुई कि वह अस्वस्थ है। अदालत ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि वह नौ दिसंबर तक देश छोड़कर नहीं जाए। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि इस आदेश को अब 12 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया।

श्रीलंका सरकार का कहना कि कथित अपहरण की उसकी कहानी पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के विपरीत है। पुलिस ने इस बात से इनकार किया कि उसकी सीआईडी शाखा कथित अपहरण में शामिल थी। मीडिया की खबरों के अनुसार अपहरणकर्ताओं ने इस महिला कर्मी से उस सीआईडी अधिकारी के बारे में सूचना मांगी थी जो 16 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने के बाद देश छोड़कर भाग गए थे। खबरों के मुताबिक स्विस अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार को राजनीतिक शरण दी।

जापान के सम्राट नारुहितो और महारानी मसाको टोक्यो में अपने निवास पर छोटे शिंचवारे हुए। मसाको ने सोमवार को अपना 56 वां जन्मदिन मनाया

उत्तर कोरिया ने डोनाल्ड ट्रंप को उनके ट्वीटों पर नासमझ बूढ़ा कहा

एपी। सियोल

● किम ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी पाबंदियां और दबाव जारी रखता है तो उत्तर कोरिया नया रास्ता ढूंढेगा

उत्तर कोरिया ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नासमझ और खुशामद पसंद करार देकर एक बार फिर उन पर निशाना साधा है।

उससे पहले ट्रंप ने ट्वीट किया था कि शत्रुतापूर्ण हरकतें और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करउत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन दोनों नेताओं के बीच के विशेष संबंध का परिचायग नहीं करना चाहेंगे। उत्तर कोरिया के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्व परमाणु वार्ताकार किम यंग चोल ने एक बयान में कहा कि उनका देश अमेरिका के दबाव के सामने घुटने नहीं टेकेगा क्योंकि उसे कुछ नहीं

गंवाना पड़ेगा। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर परमाणु वार्ता को बचा लेने के लिए किम जोंग उन द्वारा निर्धारित साल भर की समयसीमा से पहले और मोहलत हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

फरवरी में वियतनाम में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच वार्ता के टूट जाने के बाद उनके बीच परमाणु वार्ता अधर में लटक गई थी। अमेरिकी पक्ष ने उत्तर कोरिया द्वारा अपनी कुछ परमाणु क्षमताओं का आंशिक आत्मसमर्पण करने के बदले प्रतिबंधों में व्यापक ढील देने की उसकी मांग खारिज कर दी थी। किम ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी पाबंदियां और दबाव जारी रखता है कि तो उत्तर कोरिया नया रास्ता ढूंढेगा। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के लिए परस्पर स्वीकार्य समझौते के लिए समय सीमा जारी की।

हंबनटोटा पर गोटबाया की टिप्पणी को मीडिया ने संदर्भ से हटा कर उद्धृत किया: राजपक्षे

भाषा। कोलंबो

श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने कहा है कि रणनीतिक महत्व के हंबनटोटा बंदरगाह पर राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की टिप्पणी को मीडिया ने संदर्भ से हट कर उद्धृत किया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति निर्वाचित होने के शीघ्र बाद गोटबाया राजपक्षे ने कहा था कि हंबनटोटा बंदरगाह 99 साल के पट्टे पर चीन को देना तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना के नेतृत्व वाली (पूर्ववर्ती) सरकार की एक गलती थी।

प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने अपने छोटे भाई की टिप्पणी पर स्पष्टीकरण दिया, जब उन्होंने शनिवार को औपचारिक रूप से घोषणा की कि कोलंबो पोर्ट सिटी श्रीलंका के भूक्षेत्र का हिस्सा है। श्रीलंका के समुद्र तट पर 665 एकड़ भू क्षेत्र में मौजूद इस परियोजना को चीन ने धन प्रदान किया है और एक चीनी कंपनी इसका निर्माण कर रही है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा था, इस समझौते पर फिर से बातचीत की जाएगी। निवेश के लिए छोटा सा रिण देना एक अलग चीज है लेकिन रणनीतिक रूप से अहम आर्थिक बंदरगाह देना स्वीकार्य नहीं है। इसे हमें रोकना होगा। हंबनटोटा बंदरगाह पर गोटबाया की टिप्पणी के जवाब में चीन ने कहा था कि श्रीलंका के साथ सभी परियोजनाओं का विकास अच्छी भावना और मेजबान राष्ट्र के साथ बराबरी के परामर्श के साथ किया गया है।

प्रधानमंत्री ने चीन की आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी को स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति का मतलब यह नहीं था कि संप्रभुता को लेकर कोई समस्या है। शिन्हुआ ने उनके हवाले से कहा, राष्ट्रपति का कहने का मतलब यह था कि पिछली सरकार के उलट हमारी सरकार का यह सिद्धांत है कि संपत्तियों का निजीकरण नहीं किया जाए। यदि श्रीलंका और चीन को समस्याएं हैं तो हम आसानी से चर्चा कर सकते हैं और मित्र के रूप में उनका समाधान कर सकते हैं। महिंदा ने 21 नवंबर को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

सना मरीन बनीं फिनलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री

एएफपी। हेलसिंकी

फिनलैंड की सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने रविवार को प्रधानमंत्री पद के लिए 34 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री सना मरीन को चुना। इसी के साथ वह देश के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गई हैं।

मरीन ने रविवार को हुआ मतदान जीतकर निवर्तमान नेता एंटी रिंने का स्थान लिया जिन्होंने डाक हड़ताल से निपटने को लेकर गठबंधन सहयोगी सेंटर पार्टी का विश्वास खोने के बाद मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था।।मरीन ने रविवार रात को पत्रकारों से कहा, हमें फिर से विश्वास बहाल करने के लिए काफी काम करना होगा। अपनी उम्र से संबंधी सवालों पर उन्होंने कहा, मैंने कभी अपनी उम्र या महिला होने के बारे में नहीं सोचा। मैं कुछ वजहों से राजनीति में आई और इन चीजों के लिए हमने मतदाताओं का विश्वास जीता। मरीन (34) दुनिया की सबसे युवा राष्ट्र प्रमुख बन गई है। उनके बाद यूक्रेन के प्रधानमंत्री ओलेक्सी होन्चारुक अभी 35 वर्ष के हैं।

हांगकांग में एक बस स्टॉप पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैनात पुलिस कर्मी

अगर क्षेत्ररक्षण इतना खराब रहा तो किसी भी लक्ष्य का बचाव नहीं होगा: कोहली

भाषा। तिरुवनंतपुरम

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में शिकस्त झेलने के बाद टीम की खराब क्षेत्ररक्षण की आलोचना करते हुए कहा कि अगर ऐसी स्थिति रही तो किसी भी लक्ष्य बचाव करना मुश्किल होगा।
उन्होंने खिलाड़ियों से क्षेत्ररक्षण के दौरान ज्यादा मुस्तैद रहने को कहा।
रविवार को खेले गए मैच में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की लगातार दो गेंदों पर वाशिंगटन सुंदर और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमंस और निकोलस पूरन का कैच टपका दिया। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, अगर हमारा क्षेत्ररक्षण इतना खराब रहा तो कोई भी लक्ष्य काफी नहीं होगा। पिछले दो मैचों में हमारा क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा। हमने एक ओवर में दो कैच

टपकाए (सुंदर और पंत)। अगर हमने दोनों विकेट ले लिए होते तो उन पर दबाव बढ़ जाता। हर किसी को मैदान में मुस्तैद रहने की जरूरत है। मुंबई में मुकाबला करो या मरो का होगा। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले 15 टी20 मैचों में सात गंवा दिए हैं। कोहली से जब इस आंकड़े के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आंकड़े काफी कुछ कहते हैं। मुझे लगता है कि हम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरूआती 16 ओवरों में चार विकेट पर 140 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थे लेकिन आखिरी चार ओवर में चीजें हमारे मुताबिक नहीं रही। हमें इसमें 40-45 रन बनाने चाहिए थे जबकि हम सिर्फ 30 रन ही बना सके। हमें इस पर ध्यान देना होगा। भारतीय कप्तान ने वामहस्त युवा बल्लेबाज शिवम दुबे की तारीफ की, हमने दुबे को तीसरे क्रम पर भेजना का फैसला किया जो सही साबित हुआ। उसकी पारी से हम 170 के अंकड़े तक पहुंच सके। ईमानदारी से कहूं तो वेस्टइंडीज ने अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने हम से बेहतर तरीके से पिच का आकलन किया। उन्होंने अच्छा खेला और जीत के हकदार थे। वेस्टइंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड इस बात से संतुष्ट थे कि उनके गेंदबाजों में भारत को 170 रन पर रोक दिया। भारत को 170 रन पर रोकना शानदार रहा। हमने लक्ष्य का पीछे करने के बारे में योजना बनाई थी और और खिलाड़ियों ने बेहतरीन तरीके से लक्ष्य का पीछा किया। उन्होंने लेग स्पिनर हेडन वाल्श की प्रशंसा की जिन्होंने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। पोलार्ड ने कहा, टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने सीपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं युवा खिलाड़ियों को लेकर रोमांचित हूं। वाल्श के चार ओवर शानदार रहे।

किसी भी मैदान पर छक्का लगाने में सक्षम हूं : दुबे

तिरुवनंतपुरम। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच मे आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले शिवम दुबे को यकीन है कि वह दुनिया के किसी भी मैदान पर छक्के लगा सकते है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए दुबे ने 30 गेंद मे चार छक्के की मदद से 54 रन बनाए। भारत हालांकि दूसरा मैच हार गया और श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबर है। दुबे ने मैच के बाद कहा , यह मैदान बड़ा था लेकिन मै किसी भी मैदान पर छक्के लगा सकता हूं। आपको आज देखा और मै वही भी इसमे सक्षम हूं। जब वह अपनी तड़ानिन वो लेकर मुद्दा रहे थे तब उपकप्तान रोहित शर्मा ने उनके संयम के साथ खेलने की सलाह दी। दुबे ने कहा कि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिलना मेरे लिए बड़ी बात है। मुझ पर निश्चित तौर पर दबाव था। इसके बाद रोहित भाई ने मेरी मदद की और कहा कि संयम के साथ अपनी ताकत पर खेलो। मुझे एक सीनियर खिलाड़ी से उसी तरह की प्रेरणा की जरूरत थी। उसके बाद मैंने छक्का लगाया और फिर सहज खेलर खेला। दुबे ने कहा कि वैय छूटना खेल का हिस्सा है लेकिन उनकी टीम गलतियों से सबक लेकर वापसी करेगी। उन्होने कहा कि हमने वैय खोई जो दुर्भाग्यपूर्ण था लेकिन किसी भी टीम से वैय छूट सकते है। हम सर्वश्रेष्ठ टीम है। यह मैच वहिन था लेकिन हम अगले मैच मे वापसी करेंगे।

OFFICE OF THE MANAGING COMMITTEE
THE SRI DURGA CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD.
Plot No.-6A, Sector-11, Dwarka, New Delhi-110075

NOTICE INVITING TENDER

Percentage rate tender are invited for the following works on behalf of the Managing committee from the agencies/contractors/Builders who have executed civil work in multi storeyed co-operative group housing societies (Minimum Stilt+Eight stories)

S. N.	Name Of Work	Estimated Cost (Rs)	Time Allowed	EMD (Rs)
1.	Construction of additional rooms (Part-A) & External Repairs, finishing, Balcony repair works and strengthening of structure etc (Part-B)	109902650/-	18 Months	11,00,000/-

Date and Time of issue of Tender 11.12.2019 to 20.12.2019 In between 7:00 PM to 9:00 PM
Last Date and Time of submission of Tender 22.12.2019 upto 6:00 PM
In the office of Managing Committee of The Sri Durga C.G.H.S. Ltd at Plot no.-6A, Sector-11, Dwarka
Date and Time of opening of Tender 22.12.2019 at 7:00 PM
Experience required:-
Two Similar completed works each costing not less than the amount equal to 50% of estimated cost

OR

One similar completed works each costing not less than the amount equal to 80% of estimated cost during last five years.
Proof of completed of works undertaken during the last five years to be submitted alongwith documentary evidence.
The EMD should be deposited In the shape of Banker Cheque, pay order, Demand Draft of Scheduled Bank in favor of **The Sri Durga C.G.H.S. Ltd.**
Validity of Tender: **90 Days**
The Tender documents cost:- **Rs. 2,000/-**
The Under Signed reserves the right to cancel any/all tenders without assigning any reason thereof.

Sd/-
SECRETARY
(THE SRI DURGA, C.G.H.S. LTD.)

खिलाड़ियों के शार्ट लपकने को लेकर लड़ाई में एक प्रशंसक को छुरा घोपा

मिलान। खिलाड़ियों के शार्ट्स लपकने को लेकर हुई लड़ाई मे एसी मिलान के एक समर्थक को बोलोग्ना स्टेडियम के बाहर रविवार को छुरा घोप दिया गया। दो प्रतंसको के बीच यह लड़ाई तब हुई जब मिलान के खिलाड़ियो ने 3-2 से मिली जीत के बाद अपनी कमीजे और शार्ट्स दर्शको की तरफ उछले। इन्हे लपकने की होड़ मे एक प्रशंसक ने दूसरे को पेट मे छुरा मार दिया जिसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। दोनो के बीच बहस इस बात को लेकर हुई थी कि किसको शार्ट लपका।

श्रीनगर हवाई अड्डा बंद होने के कारण रीयल कश्मीर के घरेलू मैच टले

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासघ ने कहा कि खराब मौसम के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर विमानो का परिचालन प्रभावित होने के कारण कश्मीर फुटबाल क्लब के आईलीग के दो घरेलू मैच टाल दिए गए। घने कोहरे के कारण रविवार से श्रीनगर हवाई अड्डे पर विमान परिचालन प्रभावित है। एआईएफएफ की विज्ञप्ति मे कहा गया, खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे से परिचालन नही हो पा रहा है जिस वजह से टीम के पहले दो घरेलू मैच को टाल दिया गया है। यह मुकाबले 12 दिसंबर को गोकुलम केरल एफसी और 15 दिसंबर को चर्चिल ब्रदर्स एफसी के खिलाफ खेले जाने थे। खराब दृश्यता के कारण सोनवार को भी विमानों का परिचालन नहीं हुआ। एआईएफएफ ने कहा कि , दोनो मैच के लिए नए तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। आईलीग के अपने पदार्पण सत्र मे पिछले साल टीम तालिका मे तीसरे पायदान पर रही थी। मौजूदा सत्र मे उसने चार दिसंबर को ईस्ट बंगाल के खिलाफ1-1 के ड्रा के साथ अपने अभियान को शुरू किया था।

विदर्भ और आंध्र के बीच रणजी मैच में निकला सांप

विजयवाड़ा। एक अजीबोगरीब घटना मे विदर्भ और आंध्र के बीच सोमवार को रणजी ट्राफी मैच मे विघ्न से गया क्योंकि एक साप मैदान पर घुस गया था। विदर्भ के कप्तान फैज फजल ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। खिलाड़ी जैसे ही मैदान पर आए, एक साप दिखाई दिया जिससे कुछ देर विघ्न हो गया। बीसीसीआई डोमेस्टिक को 13 सेकंड का वीडियो ट्वीट करके लिखा , साप की वजह से खेल रुका। मैच शुरू होने से पहले मैदान पर एक मेहमान आया।

अमित शाह से मिले बत्रा, युवा ओलंपिक 2026 की मेजबानी के लिए समर्थन मांगा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और 2026 युवा ओलंपिक की मेजबानी के लिए सरकार का समर्थन मांगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भी सदस्य बत्रा ने कहा कि बोली पेश करने से पहले नई दिल्ली, मुंबई और बुवनेश्वर में से एक शहर को मेजबान के रूप में चुना जाएगा। आईओसी इसके बाद स्वीकृति के लिए भारतीय बोली का आवेदन करेगा। युवा ओलंपिक 2026 के लिए बोली प्रक्रिया के अगले साल शुरूआत की उम्मीद है। बत्रा ने साथ ही शाह के साथ आईओसी के 2023 सत्र की मेजबानी मुंबई मे करने पर भी चर्चा की। आईओसी सत्र एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है जिसमे अंतर्राष्ट्रीय संस्था के सभी सदस्य और अधिकारी मौजूद रहते है। आईओए देश के 75वे स्वतंत्रता वर्ष के दौरान इसकी मेजबानी करना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय सभी महासघ के भी अध्यक्ष बत्रा ने , मानसीय मंत्री को भी 2020 तोक्यो ओलंपिक के लिए भारतीय टीम की तैयारी और ट्रेनिंग की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सरकार की प्रमुख योजनाओ खेलो इंडिया युवा खेल, फिट इंडिया मूवमेंट और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना पर भी चर्चा की गई।

रूस पर डोप का कोप

भाषा। लुसाने

- वाडा ने चार साल का प्रतिबंध लगाया
- तोक्यो ओलंपिक 2020 व बीजिंग शीतकालीन 2022 सहित वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाएंगे

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने सोमवार को रूस पर तोक्यो ओलंपिक 2020 और बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 सहित वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया। वाडा ने रूस पर एक डोपिंगरोधी प्रयोगशाला से गलत आंकड़े देने के आरोप लगाए और इस कारण उस पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया। वाडा की लुसाने में कार्यकारी समिति ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया कि रूसी डोपिंगरोधी एजेंसी ने चार साल तक नियमों का पालन नहीं किया। इस फैसले का मतलब होगा कि रूसी खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक में तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर भाग ले सकते हैं लेकिन ऐसा तभी संभव होगा जबकि वे यह साबित करेंगे कि वे डोपिंग की उस व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे जिसे वाडा सरकार प्रायोजित मानता है।
फिट्जगेराल्ड ने कहा, उन्हें यह साबित करना होगा कि वे रूसी डोपिंग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थे जैसा कि मैकलारेन रिपोर्ट में कहा गया है या उनके नमूनों में हेराफेरी नहीं की गई थी। मैकलारेन रिपोर्ट 2016 में जारी की गई थी जिसमें रूस में विशेषकर 2011 से 2015 तक सरकार प्रायोजित डोपिंग का खुलासा किया गया था।

उथप्पा का शतक, दिल्ली के खिलाफ केरल की शानदार शुरुआत

भाषा। थुम्बा (केरल)

अनुभवी रोबिन उथप्पा के शतक तथा शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से केरल ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दिन तीन विकेट पर 276 रन बनाए। उथप्पा ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने 221 गेंदों का सामना किया तथा सात चौके और तीन छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज पोन्नम राहुल (97) केवल तीन रन से शतक से चूक गए। उनकी 174 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की। केरल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद राहुल और जलज सक्सेना (32) ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। लेग स्पिनर तेजस बारोका ने सक्सेना को ललित यादव के हाथों कैच कराकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद हालांकि दिल्ली को अगली सफलता के लिए 37 ओवर तक इंतजार करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर विकास मिश्रा ने राहुल को पगबाधा आउट करके उन्हें शतक पूरा नहीं करने दिया। कप्तान सचिन बेबी (नाबाद 36) ने उथप्पा का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन जोड़े। उथप्पा को दिन के अंतिम ओवर में तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने ललित यादव के हाथों कैच कराया।

यूपी के गेंदबाजों ने दिखाई ताकत

- दयाल ने 3, मावी व राजपूत ने 2-2

रोहिल्ला और चौहान की शतकीय पारियों ने हरियाणा को संभाला

लाहली (हरियाणा)। सलामी बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला और शिवम चौहान की शतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 221 रन की साझेदारी के दम पर हरियाणा ने सोनवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी के मैच में मणिपुर के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दिन तीन विकेट पर 279 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होते समय रोहिल्ला 117 रनवर हीरो पर डटे थे जबकि हिमांशु राणा 20 रन पर नाबाद थे। लाहली की तेज गेंदबाजी की मदद्मार पिच पर हरियाणा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 24 रन पर जब दूसरा विकेट गंवाया तो लगा कि पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत साबित होगा। इसके बाद हालांकि रोहिल्ला को शिवम का साथ मिला और दोनो ने ज्यादा जोखिम लिए बिना रन बनाना जारी रखा। इस दौरान शिवम ज्यादा आक्रामक दिखे जिन्होंने 208 गेंद की पारी में 14 चौके और दो छक्के लगाए। रोहिल्ला ने 234 गेंद की नाबाद पारी में 15 चौके की मदद से 117 रन बनाकर खेल रहे है। दोनो की 221 रन की साझेदारी को मध्यम गति के गेंदबाज प्रदीप दादे (50 रन पर एक विकेट) ने शिवम को आउट कर तोड़ा। मणिपुर के लिए सागर पल्लाह और अनुपम संखवेरा ने भी एक-एक विकेट लिए।

हिमाचल-सौराष्ट्र मैच के पहले दिन 17 विकेट गिरे, नहीं चले पुजारा

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश और सौराष्ट्र के बीच रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन सोमवार को रात 17 विकेट गिरे जिससे कोई भी टीम अपनी स्थिति मजबूत नहीं कर सकी। हिमाचल प्रदेश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन प्रेरक मांकड (13 रन पर तीन विकेट), शिवम जामी (26 रन पर तीन विकेट) और जयदेव उनादकट (31 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने टीम सिर्फ 120 रन पर ढेर हो गई। हिमाचल की ओर से सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा (33) और सुमित वर्मा (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। इसके जवाब में सौराष्ट्र ने भी दिन का खेल खत्म होने तक 93 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे। सलामी बल्लेबाज स्नेल पटेल (42) के अलावा सिर्फ अर्पित वसावदा (16) ही दोहरे अंक मे पहुंच पाए। भारतीय टेस्ट टीम के सदस्य चेतेश्वर पुजारा केवल दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हिमाचल की ओर से वैभव अरोड़ा (20 रन पर तीन विकेट) और पंकज जायसवाल (29 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए। दिन का खेल खत्म होने पर मांकड पांच जबकि ग्रमैंट शिह जडेजा एकरन बनाकर खेल रहे थे। सौराष्ट्र की टीम अब भी 27 रन से पीछे है जबकि उसके सिर्फ तीन विकेट शेष है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बडौदा सिहानी, विकास खण्ड, हापुड़

पत्रांक मी0मो0/निविदा प्रकाशन/ग्रा0पअ0/2017–18 दिनांकः– 07.12.2019

–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–

ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/चौदवदा वित्त योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो के लिये पंजीकृत ठेकेदारो से सील बन्द निविदायें दिनांक 23.12.2019 की सॉय 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.12.2019 तक कार्यालय समय में सम्बन्धित ग्राम पचांयत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्ति किये जा सकते है। निविदा अधिकृत अधिकारीयो द्वारा इच्छुक ठेकेदारो की उपस्थिति मे दिनांक 23.12.2019 को सॉय 3.00 बजे खोली जायेगी।

क्र0 स0	कार्य का नाम	कार्य का स्थल	कार्य की माप	अनुमानित	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य अवधि
1.	खण्डजा निर्माण	अमर से जुल्फिकार तक	31मी.	62239/–	1250	100	3 माह
2	खण्डजा निर्माण	ईसा से इस्तकार तक	27मी.	65849/–	3320	100	3 माह
3	खण्डजा नि0मी0 (22)	इमरान से हाजी खालिद	40मी.	92151/–	1850	100	3 माह
4	खण्डजा निर्माण	सी. सी. सेइकरार तक	50मी.	121853/–	2440	100	3 माह
5	खण्डजा निर्माण	अक्टर से श्री हरि सिंह तक	43मी.	133419/–	2670	100	3 माह
6	खण्डजा निर्माण	खराजे से तहमूर तक	82मी.	173554/–	3480	100	3 माह
7	खण्डजा निर्माण	सी सी अबसर तक	82मी.	177800/–	3560	100	3 माह
8	खण्डजा निर्माण	सबद्र से सलीम तक	95मी.	217561/–	4350	100	3 माह
9	खण्डजा निर्माण	रियासत से उमर तक	50मी.	144173/–	2890	100	3 माह
10	खण्डजा निर्माण	लियाकत से सलीम तक	95मी.	210840/–	4220	100	3 माह
11	खण्डजा निर्माण	इकबाल से गुलबटार तक	100मी.	160018/–	3200	100	3 माह
12	खण्डजा नि0मी0 (87)	जुल्फिकार से समसाद तक	60मी.	243691/–	4875	100	3 माह
13	खण्डजा निर्माण	हसमत से बासद तक	130मी.	146928/–	2940	100	3 माह
14	खण्डजा निर्माण	कलवा से आस मौ0 तक	95मी.	216146/–	4325	100	3 माह
15	खण्डजा निर्माण	अपला से रियासत तक	75मी.	210469/–	4210	100	3 माह
16	खण्डजा 23 नि0	सगीर से कब्रिस्तान तक	50मी.	116263/–	2325	100	3 माह
17	खण्डजा निर्माण	इस्तेकार से साहीद तक	60मी.	241568/–	4835	100	3 माह
18	खण्डजा 82 नि0	ईसूब से इसरार तक	60मी.	240153/–	4805	100	3 माह
19	खण्डजा 99 नि0	महावीर से खत्तों तक	50मी.	217823/–	4360	100	3 माह
20	खण्डजा 39 नि0	सी सी लाला मनफूल तक	50मी.	151347/–	3030	100	3 माह
21	खण्डजा 93 नि0	सी सी बब्बर तक	35मी.	101378/–	2030	100	3 माह
22	खण्डजा निर्माण	ईसाफ अली. से अबरार तक	60मी.	153279/–	3065	100	3 माह
23	खण्डजा 79 नि0	यामीन से समसाद तक	106मी.	228262/–	4565	100	3 माह
24	इण्टरलॉक टाइल्स	खरज्जे से तालीब तक	26मी.	132414/–	2650	100	3 माह
25	इण्टरलॉक टाइल्स	सी सी जाकल्ली तक	37.50मी.	249938/–	5000	100	3 माह
26	इण्टरलॉक 112 टाइल्स निर्माण	सी सी से अपला तक	33मी.	249287/–	5000	100	3 माह
27	इण्टरलॉक टाइल्स निर्माण	यासीन से सुभाष बनिया तक	67मी.	139921/–	2800	100	3 माह
28	इण्टरलॉक टाइल्स निर्माण	क्यूम से इस्तकार तक	26मी.	154630/–	3095	100	3 माह
29	यू. टाइप नाली निर्माण	अनीश से कुलावे तक	105मी.	221861/–	4440	100	3 माह
30	यू. टाइप नाली निर्माण	गुड्डू से तालाब तक	36मी.	248044/–	4960	100	3 माह
31	यू. टाइप नाली निर्माण	जगील से शकील तक	36मी.	246518/–	4930	100	3 माह
32	यू. टाइप नाली निर्माण	अबरार से कलवा तक	36मी.	245754/–	4915	100	3 माह
33	यू. टाइप नाली निर्माण	काली सडक से अनीश	95मी.	199666/–	3995	100	3 माह
34	यू. टाइप नाली निर्माण	सबदर से यूनुस तक	36मी.	244989/–	4900	100	3 माह
35	दीवार निर्माण	सी सी लुहारो वाले कब्रिस्तान	76मी.	184155/–	3685	100	3 माह
36	रेन. वाटर हर्विस्टींग	पूर्व मा0 विद्यालय में	01मी.	131750/–	2635	100	3 माह
37	खण्डजा निर्माण	खण्डजे से खलील तक	50मी.	2,00000/–	4000	100	3 माह
38	नाली निर्माण	सबादर से शाहिद तक	140मी.	2,49000/–	5000	100	3 माह

नियम व शर्तेः–

1. अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पास बुक के रूप मे दी जा सकती है सम्बन्धित ग्राम पंचायत के नाम से बन्धन हो अथवा नकद जमा की जा सकती हैं।
2. कार्य पी0डब्लू0डी0 की विशिष्टियो के अनुरूप होगा
3. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को होगा।
4. निविदा केवल सरकारी विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारो को ही देय होगी।
5. ठेकेदार का पंजीयन उप श्रमायुक्त हापुड़ के यहा होना चाहिए तथा ठेकेदार को प्रत्येक कार्य का पंजीकरण उप श्रमायुक्त कार्यालय हापुड़ में कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100/– का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट के साथ लाने।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटौतिया की जायेगी।
8. अन्य नियम व शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत बडौदा सिहानी
वि0ख0 हापुड़

सचिव
ग्राम पंचायत बडौदा सिहानी
वि0ख0 हापुड़

भारत सैग में 300 पदकों के करीब पहुंचा

दक्षिण एशियाई खेल

भाषा। काठमांडू

भारत ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों के समापन के एक दिन पहले मुक्केबाजी में छह स्वर्ण के बूते सोमवार को यहां अपने पदकों की संख्या 300 के करीब पहुंचा दी। प्रतिस्पर्धा के आठवें दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 27 स्वर्ण, 12 रजत और तीन कांस्य सहित 42 पदक जीते। भारत के कुल पदकों की संख्या 294 (159 स्वर्ण, 91 रजत और 44 कांस्य) हो गई जिससे वह तालिका मे शीर्ष पर कांबिज है। नेपाल 195 पदक (49 स्वर्ण, 54 रजत और 92 कांस्य) दूसरे और श्रीलंका 236 पदक (39 स्वर्ण, 79 रजत और 118 कांस्य) तीसरे स्थान पर है। भारत को प्रतियोगिता के आखिरी दिन मुक्केबाजी के सात स्पर्धाओं में भाग लेना है ऐसे में गुवाहाटी में 309 पदकों का रिकार्ड टूटना मुश्किल है। भारत हालांकि एक बार फिर 300 पदकों की संख्या को पार करेगा। सोमवार को भारत को सबसे ज्यादा पदक मुक्केबाजी में मिले। पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन अंकित खटाना (75 किग्रा) और उदीयमान कलाइवानी श्रीनिवासन (48 किग्रा) के अलावा विनोद तंवर (49 किग्रा), सचिन (56 किग्रा) और गौरव चौहान (91 किग्रा) ने भी सोने के तमगे जीते जबकि महिला वर्ग में परवीन (60 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीता। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक को हालांकि रजत पदक से संतोष करना पड़ा। गौरव बालियान (पुरुष, 74 किग्रा वर्ग) और अनिता शेरोन (महिला, 68 किग्रा वर्ग) कुश्ती स्पर्धा भारत को दो और स्वर्ण दिलाए। भारत ने कुश्ती स्पर्धा में 14 स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। सैग खेलों में कुश्ती की 20 स्पर्धाएं थी लेकिन नियमों के मुताबिक कोई भी देश 14 से अधिक स्पर्धा में भाग नहीं ले सकता है ऐसे में भारत ने पुरूष और महिला वर्ग के सात-सात भार वर्ग में हिस्सा लिया और सभी में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। तलवारबाजी में भी भारतीय खिलाड़ी सोमवार को तीनों स्वर्ण जीतने में सफल रहे। पुरुष के फोइल टीम स्पर्धा के साथ महिला टीम ने ईपी और सावेर स्पर्धाओं में शीर्ष पर रही। भारत ने कबड्डी और बास्केटबॉल तीन गुणा तीन में भी सुपड़ा साफ किया जहां पुरुषों और महिलाओं की दोनो वर्गों की टीमों ने स्वर्ण जीते। भारतीय महिला फुटबाल टीम ने मेजबान नेपाल को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जीत की नायिका एक बार फिर से स्ट्राइकर बाला देवी रही जिन्होंने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। मणिपुर की 29 साल की यह खिलाड़ी टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रही। उन्होंने चार मैचों में पांच गोल किए। निशानेबाजी में अनुराज सिंघा और श्रवण कुमार की भारतीय जोड़ी ने मिश्रित एअर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत ने कुश्ती में 14 स्वर्ण के साथ किया सूपड़ा साफ

वाराणसी। गौरव बालियान (पुरुष, 74 किग्रा वर्ग) और अनिता शेरोन (महिला, 68 किग्रा वर्ग) की सोमवार को यहां जीत के साथ ही भारतीय पहलवानों ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों (सैग) की कुश्ती स्पर्धा में 14 स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। सैग खेलों में कुश्ती की 20 स्पर्धाएं थी लेकिन नियमों के मुताबिक कोई भी देश 14 से अधिक स्पर्धा में भाग नहीं ले सकता है ऐसे में भारत ने पुरूष और महिला वर्ग के सात-सात भार वर्ग में हिस्सा लिया और सभी में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। तलवारबाजी में भी भारतीय खिलाड़ी सोमवार को तीनों स्वर्ण जीतने में सफल रहे। पुरुष के फोइल टीम स्पर्धा

भारत को मुक्केबाजी में छह स्वर्ण

महिला फुटबाल टीम नेपाल को हराकर चैम्पियन बनीं

पोखरा (नेपाल)। भारतीय महिला फुटबाल टीम ने 13वे दक्षिण एशियाई खेलो मे सोमवार को यहा मेजबान नेपाल को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जीत की नायिका एक बार फिर से स्ट्राइकर बाला देवी रही जिन्होंने दोनों हाफ मे एक-एक गोल किया। मणिपुर की 29 साल की यह खिलाड़ी टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। उन्होंने चार मैचों में पांच गोल हासिल किया।

हरलीन देओल की जगह यास्तिका भाटिया भारत ए महिला टीम में

नई दिल्ली। बढ़ौदा की यास्तिका भाटिया को घोटिल हरलीन देओल की जगह आस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारत ए महिला टीम मे शामिल किया गया है। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार अखिल भारतीय महिला चयनसमिति ने सोमवार को यह फैसला किया। हरलीन अभ्यास के दौरान घोटिल हो गई थी। उनके पांव की उंगलियो मे चोट लगी है और बीसीसीआई चिकित्सा दल ने उन्हे विश्राम की सलाह दी है। भारत ए टीम इस प्रकार है : वेदा कृष्णमूर्ति (कप्तान), अनुजा पाटिल (उप-कप्तान), प्रिया पुनिया, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, देविका वैद्य, डी हेमलता, तनुश्री सरकार, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), शुभदा पल्शीन (विकेटकीपर), मानसी जोशी, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, मनाली दक्षिणी, टैनी क्लार्क।

अभिनेता सुनील शेट्टी नाडा के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे

नई दिल्ली। अभिनेता सुनील शेट्टी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के ब्रांड एंबेसडर होंगे और इस संस्था की उम्मीद है कि उनकी लोकप्रियता से देश मे खेलो को डोपिंग के कलंक से निजात दिलाने मे मदद मिलेगी। इस साल 150 से अधिक खिलाड़ी डोप परीक्षण मे नाकाम रहे। इनमे हालांकि एक तिहाई से भी अधिक बॉडी बिल्डर है। तोक्यो ओलंपिक खेलो मे जब आठ महीने से भी कम समय बचा है तब इसे अच्छा संकेत नही माना जा सकता है। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने इस साल के शुरू मे नाडा प्रयोगशाला को निलंबित कर दिया था और अब नाडा जो भी नमूने एकत्रित करता है उनका भारत से बाहर परीक्षण किया जाएगा। नाडा के महानिदेशक नवीन अग्रवाल ने कहा कि शेट्टी की ख्याति और लोकप्रियता का प्रभाव किसी पूर्व या वर्तमान खिलाड़ी की तुलना मे अधिक पड़ेगा। उन्होने पीटीआई से कहा, हमारा मानना है कि सुनील शेट्टी जैसा मशहूर अभिनेता डोपिंग के खिलाफ संदेश देने मे सफल रहेगा कि डोपिंग खुद के और देश के लिए सही नही है। हमे लगता है कि किसी अभिनेता की देश के लोगो मे ज्यादा पहुंच होती है।

पाकिस्तान क्रिकेट को सतोंरात सुधारने के लिए कोई जादू की छड़ी नहीं है : मिसबाह

दुबई। पाकिस्तान के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक ने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि उनके पास टीम की तकदीर सतोंरात बदलने के लिए कोई जादू की छड़ी नही है लेकिन अगर कुछ समय मे वह नतीजे नही दे सके तो पद छोड़ देंगे। पूर्व कप्तान मिसबाह ने लाहौर मे एक ऐसा कांफ्रेंस मे श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए 16 सदस्ईय टीम का ऐलान किया। उनसे पाकिस्तान के हालिया खराब प्रदर्शन के बारे मे कई सवाल दागे गए। मिसबाह ने एक सवाल के जवाब मे कहा , आप क्या चाहते है। आपको समझना होगा कि मेरे पास कोई जादू की छड़ी नही है। खिलाड़ियो को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समय देना होगा और एक प्रक्रिया का सामना करना होगा। उन्होने कहा कि पाकिस्तानी टीम अगर अच्छा प्रदर्शन नही कर सकी तो वह पद छोड़ देंगे। मै भी यहां बैठकर पाकिस्तान क्रिकेट की बर्बादी का तमाशा नही देखना चाहता। किसी को यह पसंद नही होगा। मै अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगा। मेरे इरादे नेक है और मै टीम को बुलंदियो तक ले जाना चाहता हूं। मै दूसरे चयनकर्ताओं और प्रांतीय टीमो के मुख्य कोचो से बात करके ही फैसले लूंगा। मेरा वन मैन शो पर भरोसा नही है।

कोठारी ने रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर का खिताब जीता

भाषा। मेलबर्न

भारतीय क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने यहां कड़े मुकाबले में आस्ट्रेलिया के जोहल यंगर को हराकर रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेस्ट आफ 11 फ्रेम के फाइनल में कोठारी ने जोहल को 6-5 से हराया। वह आस्ट्रेलिया बिलियर्ड्स एवं स्नूकर परिषद के इस शीर्ष स्नूकर टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया के शीर्ष 12 खिलाड़ी खेलते हैं। इस साल कोठारी को विशेष आमंत्रण पर बुलाया गया था क्योंकि उन्होंने इस साल जून में रेवेनटन क्लासिक स्नूकर का खिताब जीता था जो आस्ट्रेलिया की ट्रॉफल क्राउन स्नूकर प्रतियोगिता है। सेमीफाइनल में कोठारी ने जो मिनिची को 5-1 से हराया जबकि जोहल ने पिछले साल के विजेता स्टीव मिफसुड को 5-2 से शिकस्त दी। जोहल ने फाइनल में शानदार शुरुआत करते हुए 3-0 की बढ़त बनाई। कोठारी ने अगला फ्रेम जीतकर स्कोर 1-3 किया लेकिन जोहल ने पांचवां फ्रेम जीतकर 4-1 की बढ़त बना ली। कोठारी ने छठा फ्रेम जीता लेकिन सातवां फ्रेम हार गए जिससे जोहल ने 5-2 से बढ़त बना ली।कोठारी ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए अगले तीन फ्रेम जीतकर स्कोर 5-5 कर दिया। कोठारी ने बेहद रोमांचक निर्णायक फ्रेम जीतकर मुकाबला और खिताब अपने नाम किया।

भारतीय शटलरों को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

भाषा। सुराबाया (इंडोनेशिया)

● एशियाई जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप कल से

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू हो रही एशियाई जूनियर अंडर-17 एवं अंडर-15 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने और पिछली बार से अधिक पदक जीतने के इरादे से उतरेंगे। भारत ने पिछले साल म्यांमां में आयोजित पिछली प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक जीता था जब गुजरात की तस्नीम मीर और तेलंगाना की मेघना रेड्डी अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग में चैंपियन बनीं थी। सभी की नजरें इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में एक बार फिर तस्नीम मीर पर होंगी जिन्हें अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। महाराष्ट्र के वरुण कपूर और असम के तन्मय बरुआ को भी क्रमशः अंडर-17 और अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। लड़कों के वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई वरुण और भारत के नंबर एक अंडर-17 खिलाड़ी प्रणव राव गंधम करेंगे। अंडर-17 लड़कियों के एकल वर्ग में भारत को देश की नंबर एक खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की मानसी सिंह से काफी उम्मीदें होंगी।

बॉम्बे बुलेट्स ने बेंगलुरू ब्रॉलर्स पर बढ़त बनाई

● इंडियन बॉक्सिंग लीग

भाषा। नई दिल्ली

कप्तान इग्निट लोरेन वालेंसिया और नवीन बूरे की जीत की बदौलत बॉम्बे बुलेट्स टीम ने सोमवार को यहां जारी बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग (आईबीएल) के छठे दिन बेंगलुरू ब्रॉलर्स के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित केडी जाधव हॉल में खेले जा रही प्रतियोगिता में 2016 के रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली कप्तान वालेंसिया और राष्ट्रीय चैम्पियन नवीन ने क्रमशः 51 किग्रा में अनामिका और 69 किग्रा वर्ग में दिनेश डागर के खिलाफ जीत हासिल करते हुए मजबूत शुरूआत की। अंक तालिका में बॉम्बे बुलेट्स पांचवें स्थान पर कांबिज है और उससे ऊपर उठने के लिए जीत की दरकार है। अमेरिकन गोल्ड चैम्पियन वालेंसिया ने अपने अनुभव के दम पर जल्द ही अनामिका को दोयम साबित किया और 5-0 से मुकाबले अपने नाम किया। इसके बाद दिनेश दिन के दूसरे मुकाबले हाल ही में समाप्त राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में नवीन के हाथों मिली हार का हिसाब चुकाना चाहते थे। नवीन ने हालांकि अपना आत्मविश्वास बनाए रखा और बेहतरीन जीत के साथ टीम को 2-0 से आगे कर दिया। इससे पहले, बॉम्बे बुलेट्स की कप्तान इग्निट लोरेना वालेंसिया ने टॉस जीतकर 52 किग्रा वर्ग (पुरुष) के मुकाबले को ब्लॉक कर दिया। इस मुकाबले में उनकी टीम के अनंत चोपाडे का सामना राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का फाइनल खेल चुके आशीष इंसाह से होना था।

PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that my client **DCB Bank Limited**, having address **3rd Floor, 7/56, Desh Bandhu Gupta Road, Karol Bagh, Delhi-110005** is inclined to grant Loan facility against the **Property bearing No. Upper Ground Floor 1723, In Block F, having area measuring 158 Sq. Yds. Sainik Colony Extn-1, situated at Sector-49, Faridabad, Haryana** said property to **Sh. Geeta Munyal W/o Sh. Harish Kumar** by virtue of Sale, Deed dated 16/03/2013 in the Firm M/s H.S. Textiles Proprietor- Sh. Harish Kumar

That Smt. Geeta Munyal & Sh Harish Kumar both Husband & Wife had sold their old original Sale Deed(s) record Vasika No. 18048 Dt 01.03.2011 S.R. Faridabad and Vasika No. 6828 DT 06.08.2010 S.R. Faridabad of Property No. F-1723, UGF, Sector- 49, Sainik Colony, Faridabad, Haryana.

If any person(s) found these original property papers or there any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the Said Property then contact us within 15 days from the date of this notice on the number mentioned herein below, failing which my client i.e., DCB Bank Ltd., shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Sd/-
Naveen Kumar Verma
Advocate
F-211, Sector-3, Vaishali Ghaziabad, U.P.

राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के दौरान निशानेबाजी चैम्पियनशिप करने की कोई योजना नहीं: सीजीएफ

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने सोमवार को यहां कहा कि 2022 में बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारत में राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैम्पियनशिप कराने की उसकी कोई योजना नहीं है। इन खेलों में इस आयोजन से निशानेबाजी को बाहर कर दिया गया है। सीजीएफ ने कहा कि शुक्रवार को उसकी प्रमुख लुई मार्टिन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड ग्रेवब्वर्ग जब म्यूनिख में आईएसएसएफ के शीर्ष अधिकारियों से मिले तो इससे जुड़ा कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं पेश किया गया। मीडिया में ऐसी खबरें थी कि बर्मिंघम में होने वाले खेलों के दौरान भारत में निशानेबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा सकता है और इसमें आने वाले पदकों को राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले देशों के पदक में जोड़ा जाएगा। राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैम्पियनशिप उन योजनाओं में शामिल थी जिस पर आईएसएसएफ से चर्चा हुई लेकिन इससे जुड़ा कोई औपचारिक प्रस्ताव पेश नहीं किया गया। इस मुद्दे पहले हमारे साझेदारों को एकमत होने दीजिए। ऐसे में पदकों को लेकर मीडिया में लगाए जा रहे कयास पर कुछ कहना काफी जल्दबाजी होगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटाए जाने के विरोध में इन खेलों से हटने की धमकी दी थी।

गुमशुदा लड़की की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नामः** सुनीता, **पुत्रीः** सरवजीत सिंह, **पताः** आर-53-54, कैम्प नं. 5 ज्वालापुरी, पश्चिम विहार, दिल्ली, **उम्रः** 17 साल 11 महिनें, **कदः** 5 फीट 4 इंच, **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** लाल रंग की फ्रॉक-पायजामी व नीलेरंग चप्पल पहन रखी है, जो दिनांक 10.10.2019 को पश्चिम विहार, दिल्ली, थाना क्षेत्र पश्चिम विहार पश्चिमी से लापता हो गयी है।

इस संदर्भ में FIR No.512/19 U/s 363 IPC, दिनांक 11.10.2019, थाना पश्चिम विहार पश्चिमी, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना पश्चिम विहार पश्चिमी, दिल्ली
फोनः 011-25268394, 25280980
DP/2865/OD/19

अंडर -19 टीम में एकजुटता बढ़ाने के लिए टाइगर सफारी

भाषा। नई दिल्ली

राहुल द्रविड़ ने जब से जूनियर टीमों की कमान संभाली है, टीम में एकजुटता बढाने के लिए कोई न कोई नई पहल जारी है और उसी सिलसिले में अंडर 19 विश्व कप खेलने जा रही टीम नागरहोल नेशनल पार्क में कुछ दिन साथ बिता रही है। बीसीसीआई महाप्रबंधक (क्रिकेट परिचालन) सबा करीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के सीओओ तूफान घोष ने बताया कि एनसीए निदेशक राहुल द्रविड़ से मशविरे के बाद पूरा कार्यक्रम तय किया गया है। करीब ने कहा , यह दो दिन का टीम बांडिंग अभियान है। यह कोई चूट कैंप नहीं है। इससे पहले भारत ए टीम भी नागरहोल नेशनल पार्क गई थी। हम अंडर 19 और ए टीमों के लिए ऐसी गतिविधियां करते रहते हैं। यह सीनियर टीम के लिए नहीं हैं क्योंकि उसका अपना शेड्यूल है। नागरहोल नेशनल पार्क कर्नाटक के मैसूर जिले में है। घोष ने कहा , अंडर 19 टीम के लड़के देश के अलग अलग हिस्सों से आते हैं। इस तरह की पहल से उनमें एकजुटता और आपसी विश्वास बढता है। कुछ गतिविधियां ऐसी है जिनसे उन्हें अलग अलग हालात में खुद को आजमाने का मौका मिलता है। लड़कों ने आज टाइगर सफारी की। मुझे बताया गया है कि उन्होंने कुछ जगहों पर बाघ भी देखे। इस तरह के कार्यक्रम बनाने वाली कंपनी ने कोचों और द्रविड़ से मशविरा लिया था। अंडर 19 विश्व कप अगले साल दक्षिण अफ्रीका में जनवरी में होगा।

नगर विकास विभाग उ0प्र0 शासन कार्यालय नगर पंचायत छपरौली जनपद जनपद बागपत

पत्रांक/150/न0प0छ0/2019–20 दिनांकः–07/12/2019

नगर पंचायत छपरौली खुले में शौच मुक्त SBM (ODF+) के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत छपरौली जनपद बागपत द्वारा ''स्वच्छ भारत मिशन नगरीय'' के अन्तर्गत नगर पंचायत छपरौली (बागपत) के सभ्भ 14 वार्डों को खुले में शौच मुक्त (ओ0डी0एफ0) घोषित किया जा चुका है। इस कार्यालय के पत्र संख्या 94/न0प0छ0/2019–20 दिनांक 25.11.2019 के क्रम में निकाय और नगर के सम्मानित नागरिकों के बहुमुल्य प्रयासो से निकाय के समस्त वार्ड (ODF+) से सम्बन्धित समस्त मानकों को पूरा कर वार्डों में खुले मे शौच मुक्त SBM (ODF+) से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति/सामाजिक संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो विज्ञप्ति के जारी होने के 07 दिवस के अन्दर निकाय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप से आपत्ति/सुझाव मांग गये थे। परन्तु उक्त समयावधि में कार्यालय में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुए हैं। उक्त के क्रम में नगर पंचायत छपरौली (बागपत) को SBM (ODF+) घोषित किया जाता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत छपरौली
जनपद बागपत

अध्यक्ष
नगर पंचायत छपरौली
जनपद बागपत

GOVT. OF BIHAR
OFFICE OF THE RESIDENT ENGINEER,
BIHAR BHAWAN, NEW DELHI
NO. 1081 / Dated 09/12/19

Short notice inviting quotation

The reputed firms are requested to submit sealed quotation for following work in Bihar Bhawan and Bihar Niwas Chanakyapuri, New Delhi for the year 2019-20. Quotation will be submitted up to 18-12-19 till 3:00 pm and opened on 18-12-19 at 3:30 pm at the office of the Resident Engineer. Bihar Niwas Chanakyapuri. New Delhi undersigned office has right to cancel quotation without any further information. Registration. Tin No.. Pan No. and authorization of firm paper here enclosed. Details of items list can be obtained from the office of the Resident Engineer Bihar Bhawan, New Delhi. The Earnest Money (NSC/term Deposit) should be deposited 5% of total contract value before issue of work order.

S.N	Particulars
1	Renovation room &bathroom with tiles changing, fittings changing and electrical work and false ceiling work in room No.206 of Bihar Bhawan for the Year 2019-20.
2	Safe and Healthy Alkaline water machine in Bihar Bhawan for the year 2019-20.
3	Safe and Healthy Alkaline water machine in Bihar Niwas for the year 2019-20.
4	Supply of sofa 23 seats at Bihar Bhawan reception and Room No 206 , 207 for the year 2019-20
5	Cleaning the Sewer line and water tank at Bihar Bhawan for the year 2019-20
6	Repair the wardrob at Bihar Niwas for the year 2019-20
7	Supply of Oilfitted heater ISI mark etc. all complete Job for the year 2019-20

Sd/-
Executiven Engineer-cum-
Resident Engineer
Bihar Bhawan. New Delhi

बिहार सरकार
स्थानिक अभियन्ता का कार्यालय
बिहार भवन, नई दिल्ली
संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक–1080/स्था0 अभि0, नई दिल्ली दिनांक 09/12/2019

बिहार भवन एवं बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्यों के लिए समुचित श्रेणी में बिहार लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों भवन निर्माताओं से बिहार लोक निर्माण विभाग एफ–2 एकरारनामा में होने वाले कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता– स्थानिक अभियंता, बिहार भवन चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
8. परीमाण विपत्र के बिक्रि की तिथि एवं समय– 17–12–2019 (कार्यालय अवधि तक)
9. निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय– 18–12–2019 (अपराहण 3.00 बजे तक)
10. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 12–12–2019 (अपराहण 3.00 बजे से 5.00 बजे तक)
11. परिमाण विपत्र निर्गत का स्थान–निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली। 1. स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार 2. उपस्थानिक अभियंता कार्यालय, बिहार निवास, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली।
12. निविदा प्राप्ति का स्थान– स्थानिक अभियंता कार्यालय, बिहार निवास, नई दिल्ली।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन राशि	बी.ओक्यू. राशि	कार्य अवधि
1.	Repair painting & polishing work of visitor room & ground floor office of Bihar Niwas for the year 2019-20.	259108	5500	500	पन्द्रह दिन
2.	Repair painting & polishing work of outer chajja of Bihar Niwas for the year 2019&20	205928	4500	500	पन्द्रह दिन
3.	Repair painting & polishing work in basement of Bihar Niwas for the year 2019&20.	207927	4500	500	पन्द्रह दिन
4.	Repair painting & polishing work of R.E., office & M. Phall on 1st floor of Bihar Niwas for the year 2019&20.	138005	3000	500	पन्द्रह दिन
5.	Repair painting & polishing work of canteen, VIP hall & drivre room of Bihar Niwas for the year 2019-20	299656	6000	500	पन्द्रह दिन
6.	Pailing flower bed of front gate to back gate and painting bamboo jafri in Bihar Niwas for the year 2019-20	263717	5500	500	पन्द्रह दिन
7.	Emergent repair & painting work of rain basera of Bihar Bhawan for the year 2019-20.	303877	6500	500	पन्द्रह दिन

शर्तें:–

6. निविदा के साथ अद्यतन निबंधन आयकर प्रमाण पत्र वाणिज्य कर प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड आदि की छाया प्रति जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो संलग्न करना होगा।
7. अग्रधन की राशि डाकघर के एन.एस.सी./सावधि जमा के रूप में संलग्न की जानी है जो स्थानिक अभियंता चाणक्यपुरी, बिहार भवन, नई दिल्ली की नाम से निविदा प्रकाशन के तिथि के बाद के तिथि में विधिवत प्लेज्ड हो।
8. निविदाकारों को भारतीय मानक विनिर्देश के अनुसार कार्य हेतु अपेक्षित समाग्री की खुद व्यवस्था करनी होगी।
9. बिना कोई कारण बताए निविदा स्थगित एवं रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी की सुरक्षित होगा।
10. प्राक्कलन की राशि घट बढ़ सकती है।

उक्त संबंध में किसी प्रकार की जानकरी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से कार्यालय अवधि में सपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

ह/–
कार्यापालक अभियन्ता–सह
स्थानिक अभियन्ता
बिहार भवन, नई दिल्ली

ओटीटी पर सेंसरशिप नहीं चाहते विवेक ओबरॉय

जाने-माने अभिनेता विवेक ओबरॉय का कहना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की सेंसरषिप नहीं होनी चाहिये। ये वास्तव में अत्यंत पुरातन अवधारणा और चलन है। हम प्रखर लोकतंत्र में रह रहे हैं अत: किसी भी प्रकार की सेंसरषिप नकारात्मक पहलू ही होगा। मुझे लगता है कि सेंसरषिप के स्थान पर रेटिंग का आधुनिक तंत्र होना चाहिये जिसमें लोग आपको किसी शो के लिए एक विषिष्ट रेटिंग हेतु दिषानिर्देष देते हैं जिसमें गालीदार भाषा या वैसी ही अन्य चीजों के लिए निर्देश होते हैं।

ऋतिक को मिला एशियन पुरस्कार

वर्ष 2019 के लिए तथा इस दशक के लिए भी अभिनेता ऋतिक रोशन को एशिया का सेक्सियेस्ट पुरुष के पुरस्कार हेतु नामित किया गया है। वो यूके आधारित ईस्टर्न आई न्यूज़ पेपर के 16वें वार्षिक सेंसकरण में विष्व प्रसिद्ध सूची में शीर्ष पर रहे। इसमें टाइगर श्रॉफको पहली बार शीर्ष 10 में से चौथा स्थान मिला है। पॉप सुपरस्टार ज़ैन मलिक पांचवें तथा टीवी स्टार हर्षद चोपड़ा को छठा स्थान मिला है। पूरी दुनिया में इन कलाकारों के प्रशंसकों के वोट के आधार पर ही इस सूची को तैयार किया जाता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर उनकी चर्चा, मीडिया कवरेज तथा विष्व भर में उनको लेकर रुचि को भी इसका आधार बनाया जाता है।

'दर्शक भी अपनी संस्कृति तथा इतिहास आधारित कहानियां देखना चाहते हैं'

टीवी पर आने वाले नए शो 'राम सिया के लव-कुश' के बनने, अपने चरित्र की तैयारी करने तथा किसी नए रियल्टी शो में काम करने के बारे में अभिनेत्री **शिव्या पठानिया** से बात की पायनियर संवाददाता **मुज़्बा हाशमी** ने। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-

■ आपने 'राम सिया के लव कुष' में काम करने के लिए किस बात से प्रेरित हुईं?

पहली बात ये है कि मुझे ये चरित्र अत्यंत प्रिय है। हमनें रामायण के कई संस्करण देखे हैं लेकिन इसकी कहानी को किसी ने भी लव-कुष के परिप्रेक्ष्य से नहीं देखी। मेरे लिए इसे करने का ये प्रमुख कारण था। इसके अलावा पौराणिकता एक ऐसा विषय है जो कभी पुराना नहीं पड़ सकता। दर्शक भी ऐसी ही कहानियां देखना चाहते हैं जिनमें हमारी संस्कृति तथा इतिहास का प्रतिनिधित्व होता हो। बात जहां तक युवाओं की है तो उन्हें इनकी कहानियां तो पता हैं लेकिन इन कहानियों से हम क्या सीख सकते हैं, ये नहीं बताया गया है। इन शोज़ के माध्यम से हम अपने युवाओं को अपनी संस्कृति और उसके मूल्यों के बारे में बता सकते हैं।

■ इस रोल के लिए आपने क्या क्या तैयारियां की थीं?

मैंने इस संबंध में कुछ नहीं किया। मैंने किसी भी पुस्तक को नहीं पढ़ा और न ही मैंने पूर्व की रामायण के किसी संस्करण को ही देखा। क्योंकि मैं किसी के जैसा कुछ भी न करके अपनी मौलिक प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहती थी। हम सभी को पता है कि इसकी कहानी क्या है क्योंकि इसे युगों-युगों से सुनाया जा रहा है। हम वो कहानी सुनाना चाहते हैं जो कम सुनी गई है और हमारे निर्माता इस शो के माध्यम से यही करने वाले हैं।

■ आपके लिए अपने चरित्र को निभाने के क्रम में इतने भारी भरकम वस्त्र पहनना कितना कठिन था?

मेरे परिधानों का ही भार 15 किलो होता था। लेकिन मुझे वो भार अनुभव ही नहीं हुआ। मैं केवल चरित्र को निभा ही नहीं रही हूं बल्कि उसे जी रही हूं। और जब आप किसी कार्य को प्रेम और समर्पण भाव से करते हैं तो आपको किसी प्रकार की कोई चुनौती नजर नहीं आती। ये आपका ही एक हिस्सा बन जाती है। मैं उन परिधानों को सबेरे से सायंकाल तक पहने रहती हूं लेकिन मुझे इसके भार का पता ही नहीं चलता। जब मैं शूटिंग करती हूं अपनी जूलरी अर्थात गहने भी नहीं उतारती। ब्रेक के समय भी नहीं।

■ आपकी अब तक की यात्रा कैसी रही है?

मेरी यात्रा षिमला की एक प्रतियोगिता से प्रारंभ होती है जिसे मैंने जीता था। इसके बाद मैंने एक शो के लिए ऑडिशन दिया था और उसे पास भी कर लिया। मुझे इसके बाद लुक टेस्ट के लिए मुंबई बुलाया गया था। तब मुझे लगा था कि मैं मुंबई कुछ ही दिनों के लिए जा रही हूं क्योंकि मुझे आगे होने वाले टेस्ट में उत्तीर्ण होने का जरा भी अनुमान नहीं था। मैं वहां अधिक कपड़े भी नहीं ले जा पाई थी लेकिन मुंबई मुझे छोड़ना ही नहीं चाहता था। मुझे उस शो 'हमसफ्र्स' में चयनित कर लिया गया। फिर तो उसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैंने अपनी यात्रा में कई उतार-चढ़ाव देखे और झेले हैं लेकिन मुझे इस इंडस्ट्री में होने का अत्यधिक आनंद होता है।

■ आपने पहले एक बहू का चरित्र निभाया और इसके बाद आपने ये पौराणिक चरित्र को निभाने का निर्णय लिया। इस परिवर्तन में आपको किसी प्रकार की परेषानी हुई या नहीं?

मुझे नहीं पता। मैंने इन परिवर्तनों के बारे में कुछ भी नहीं सोचा था क्योंकि अंत में तो अच्छा काम ही प्रखरता प्राप्त करता है मैं केवल इतना ही कह सकती हूं कि ये मेरा सौभाग्य ही था कि मुझे इतने अच्छे रोल मिलते रहे हैं। फिर बात चाहे एक रिष्ता साझेदारी का, या फिर 'रामसिया के लवकुश' की, ये मेरा सौभाग्य ही है कि मुझे इतने अच्छे रोल करने के अवसर मिले।

■ आप अब किस प्रकार के रोल करना चाहते हैं?

मेरे पिता कहते हैं कि 'तेरी गाड़ी तो भगवान ही चला रहे हैं। मैं कभी कुछ भी योजना बनाकर नहीं करती। मैं उन भूमिकाओं को स्वीकार कर लेती हूं जो मेरे पास आती हैं और मुझे अच्छी लगती हैं। भगवान ने जो भी मेरे लिए सोच रखा होगा वो मेरे लिए अच्छा ही होगा। मैं बहाव के साथ बहने में विष्वास करती हूं।

■ वास्तविक जीवन में शिव्या किस प्रकार की व्यक्ति है?

वैसे तो मैं बहिर्मुखी हूं लेकिन कई बार मैं एकाकी भी रहना पसंद करती हूं। मैं अत्यधिक मित्रवत हूं और वर्तमान में रहना मुझे प्रिय है। मैं भविष्य की चिंता किये बिना वर्तमान का एक एक क्षण का आनंद लेना चाहती हूं। अपने खाली समय में मैं पुस्तकें पढ़ना पसंद करती हूं। मैं भावनात्मक व्यक्ति हूं और यही कारण है कि जो भी मेरे मन में आता है मैं उसे तुरंत बोल देती हूं।

■ आपके अनुसार पौराणिकता पर आधारित शोज़ के बढ़ते चलन के क्या कारण थे?

भावनात्मक जुड़ाव के कारण ही इतने प्रिय बन गए। मैं मानता हूं कि राम और सीता को हर कोई देखना चाहती हैं। हम इन कहानियों में कहीं न कहीं स्वयं को ही देखते हैं। और वैसे भी ये हमारे इतिहास और संस्कृति का हिस्सा तो हैं ही। यदि ये शो मेरे बिना भी आता तो भी मैंने इसे देखा अवश्य होता।

■ क्या आप किसी रियल्टी टीवी शो का हिस्सा बनना चाहती हैं?

मुझे कई रियल्टी टीवी शोज़ का हिस्सा बनने के प्रस्ताव तो मिले हैं लेकिन मैं कभी उनका हिस्सा बनूंगी या नहीं, कह नहीं सकती। हो सकता है कि मैं इस बारे में भविष्य में भविष्य में कोई निर्णय करूं। लेकिन वर्तमान में मैं इस बारे में कुछ भी नहीं कह सकता। अभी तो मैं 'राम सिया के लव-कुश पर ही अपना पूरा ध्यान केन्द्रित कर रही हूं।

अमिताभ ने कहा 'थैंक यू मनाली'

सदी के महानायक तथा वरिष्ठ अभिनेता अमिताभ बच्चन आजकल हिमांचल प्रदेश में अपनी फिल्म ब्रम्हास्त्र की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान अपने अनुभव को 'सर्वाधिक संतुष्टिकारक' बताया। अपने ब्लॉग पर बिग बी ने लिखा, 'मुझे हिमाचल प्रदेश के आतिथ्य प्रिय लोगों का प्यार हमेषा से मिलता रहा है और मुझे ये सब काफी सुखल लगता है। हिमांचल प्रदेष के लोगों की आवभगत का बहुत बहुत धन्यवाद। ये अनुभव मेरे लिए अत्यंत संतुष्टिकारक रहा है।' उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान के कुछ चित्र भी अपने ब्लॉग में साझा किये। वो उसमें जैकेट, ऐनक और चारपॉरेंक हिमांचली टोपी पहने हुए नमस्ते की मुद्रा में दिख रहे हैं।

बॉन्ड फिल्म 'नो टाइम टु डाइ' का ट्रेलर रिलीज़

जेम्स बॉन्ड की अगली फिल्म 'नो टाइम टु डाइ' का आधिकारिक ट्रेलर हाल ही में रिलीज़ किया गया है। इसमें एजेंट बॉन्ड 007 के रूप में डेनियल क्रेग के ऐक्षन देखने वाले हैं। सोशल मीडिया पर रिलीज़ किये गए दो मिनट और 30 सेकेंड के इस ट्रेलर में वो सबकुछ है बॉन्ड फिल्में जिसके लिए जानी जाती हैं। इसमें डेनियल क्रेग को बॉन्ड एजेंट के रूप में उनके लिए विशेष तथा आधुनिक साजसज्जा वाली ऐस्टन मार्टिन को भी प्रस्तुत किया गया है, इसे क्यू अर्थात बेन विषा ने डिजाइन किया गया है। नाओमी हैरिस इसमें मनीपेनी तथा राल्फ फिंग्येनेस को एम के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें अर्नेस्ट स्टावों ब्लोफेल्ड के रूप में क्रिस्टोफ़र वाल्ट्ज भी हैं जिन्हें बॉन्ड की पिछली फिल्म स्पेक्टर के अंत में पकड़ लिया गया था।

जयपुर के कई सिनेमाघरों से हटी पानीपत

जयपुर (भाषा)। बालीवुड फिल्म पानीपत में भरतपुर के तत्कालीन महाराजा सूरजमल के किरदार को कथित तौर पर गलत तरीके से फिल्माए जाने के विरोध के चलते राजधानी जयपुर के कई सिनेमाघरों ने हाल में रिलीज़ इस फिल्म के शो सोमवार को रद्द कर दिए। जयपुर के राजमंदिर, सिनेपोलिस, आईनॉक्स सिनेमाघरों में शो रद्द किए गए हैं। राजमंदिर सिनेमाघर के प्रबंधक अशोक तंवर ने भाषा को बताया कि सिनेमाघर में प्रशासन के आगामी आदेश तक फिल्म पानीपत के सभी शो रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को 12 बजे वाला फिल्म के शो को भी विरोध के चलते बीच में ही रद्द कर दिया गया है। पुलिस जापता के कारण सिनेमाघर में किसी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं हुई। वहीं जयपुर के सभी आईनॉक्स सिनेमाघरों में भी विरोध के बाद फिल्म पानीपत के शो रद्द कर दिए गए है। आईनॉक्स सूत्रों के अनुसार जयपुर के सभी छह मल्टीप्लैक्स में लगी फिल्म पानीपत के शो को आगामी आदेश तक रद्द कर दिए गए हैं।

जब फिल्में नहीं चल रही थी तो मैंने कुछ और करने का सोचा था: शाहिद कपूर

भाषा। मुंबई

अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा कि जब उनकी फिल्में नहीं चल रही थी तो वह किसी और काम में हाथ आजमाने की सोच रहे थे। इस साल कपूर की फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। वह अभी तेलुगु फिल्म जर्सी की हिंदी रिमेक में काम कर रहे हैं। यह फिल्म एक ऐसे विफल क्रिकेटर की कहानी है जो दोबारा 30वें साल में मैदान में वापस आने का निर्णय लेता है क्योंकि उसके मन में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रहती है और उसका बेटा भी जर्सी की इच्छा रखता है। अभिनेता ने स्टार स्क्रीन अवॉर्ड के मौके पर रविवार को कहा, मैं इस कहानी से काफी जुड़ा हुआ हूं। कभी-कभी मुझे लगता था कि मैं कुछ और क-रूं क्योंकि मेरी कोई फिल्म ब्लॉकबस्टर नहीं हो रही थी। ऐसा वक्त हर किसी की जिंदगी में आता है जब ऐसा लगता है कि यह मेरे साथ ही क्यों हो रहा है? क्या मैंने कुछ गलत किया है? उन्होंने कहा कि उन्हें धीरे-धीरे यह समझ में आया कि व्यक्ति को जो उसे अच्छा लगता है, उसे सफलता के तराजू पर बिना तौले उस काम को करना जारी रखना चाहिए।

बलात्कारियों को मारने के बदले जिंदगी भर जेल में सड़ने के लिए छोड़ देना चाहिए: वहीदा रहमान

भाषा। मुंबई

हैदराबाद में पशु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या पर गुस्सा जाहिर करती हुई अदाकारा वहीदा रहमान ने कहा कि दुष्कर्म एक भयानक और न भुलाने वाला अपराध है लेकिन वह दोषी के लिए मौत की सजा के बदले उम्र कैद चाहती हैं। पिछले सप्ताह इस मामले के सभी आरोपियों की मौत पुलिस के साथ एक मुठभेड़ के दौरान हो गई थी। इस मुठभेड़ की ज्यादातर लोगों ने तारीफ की लेकिन इसने न्यायतर सजा को लेकर चिंताएं भी बढ़ा दी है। इस संबंध में पूछे जाने पर रहमान ने रविवार रात में संवाददाताओं से कहा, दुष्कर्म जैसे भयावह वारदात भुलाने वाला नहीं है। लेकिन अब भी मुझे लगता है कि हमारे हाथ में किसी को मारना नहीं है। बलात्कारी को जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ने के लिए छोड़ देना चाहिए। रहमान संगीतकार रूपकुमार राठौड़ की पहली किताब वाइल्ड वोएज़ के विमोचन के मौके पर बोल रही थीं। कार्यक्रम में मौजूद फिल्मनिर्माता राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने कहा कि वह मुठभेड़ को अच्छी खबर के रूप में नहीं देखते हैं।

सुष्मिता फिल्मों की अपनी दूसरी पारी को तैयार

भाषा। मुंबई

बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने 10 साल के अंतराल के बाद फिल्मों में अपनी वापसी की सोमवार को षोषणा की। पूर्व मिस यूनिवर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर यह खबर दी और अपनी वापसी को प्रशंसकों को समर्पित बताया। सुष्मिता ने अपनी फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, मेरे प्रशंसकों के धैर्य और प्यार ने मुझे उनका प्रशंसक बना दिया है। उन्होंने पर्दे पर मेरी वापसी के लिए 10 साल का लंबा इंतजार किया है। बेशक मैं उन्हीं के लिए लौट रही हूं। सेन को आखिरी बार 2015 में आई बंगाली फिल्म निर्बाक में देखा गया था। फिलहाल उन्होंने अपनी अगली फिल्म के बारे में खुलासा नहीं किया है। उनकी पिछली हिंदी फिल्म नो प्रॉब्लम थी। सुष्मिता ने बीवी नं।, जोर, फिलहाल, मैं हूं न, मैंने प्यार क्यों किया जैसी बालीवुड फिल्मों में अभिनय किया है।